| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,626.23 |
| निफ्टी | 25,327.05 |
| सोना | 1,11,330 |
| चांदी | 1,33,000 |
| डॉलर | 88.10 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
शनिवार 20 सितम्बर 2025
आश्विन कृष्ण 13 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 357
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


### मणिपुर में सुरक्षाबलों पर हमला

# असम राइफल्स के 2 जवान शहीद, 4 घायल; सर्च ऑपरेशन जारी

इम्फाल। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में शुक्रवार शाम अज्ञात हमलावरों ने असम राइफल्स की गाड़ी पर हमला कर दिया। हमले में 2 जवान शहीद हो गए, जबकि 4 जवान घायल हुए हैं। घायलों को पुलिस और स्थानीय लोगों ने रिम्स अस्पताल पहुंचाया।

घटना के बाद इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, घटना शाम करीब 6 बजे नम्बोल सबल लाइकाई इलाके में हुई, जब असम राइफल्स के जवान इम्फाल से बिष्णुपुर की ओर जा रहे थे। हमलावरों ने घात लगाकर वाहन पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं।



#### जवान ने बताया- अचानक हमले में संभलने का मौका नहीं मिला

एक घायल जवान ने बताया कि वे पटसोई से लौट रहे थे। जहां असम राइफल्स की दूसरी टीम ड्यूटी पर थी। तभी अचानक हमला हो गया। बाइक पर सवार हथियारबंद लोगों ने छिपकर अचानक हमला किया। हमें संभलने का मौका ही नहीं मिला। कई राउंड फायरिंग करने के बाद हमलावर भाग गए।

#### पूर्व मुख्यमंत्री बीरेन सिंह बोले- हमला हम सबके लिए बड़ा झटका

मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा- हमारे बहादुर जवानों पर घात लगाकर किए गए इस हमले की खबर से मैं गहराई से दुखी हूं। दो जवानों की शहादत और कई के घायल होने की खबर हम सबके लिए बड़ा झटका है। उन्होंने कहा- शहीदों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना है। जवानों का साहस और बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा और इस घिनौने हमले के दोषियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए।

## बुआएं और भतीजा 40000 करोड़ की संपत्ति पर समझौते के लिए तैयार

ग्वालियर। ग्वालियर का सिंधिया राज- परिवार राजीनामा की राह पर चल पड़ा है। कई दशकों से सिंधिया परिवार के बीच में 40000 करोड रुपए की संपत्ति को लेकर विवाद विभिन्न कोर्ट में चल रहे है।

यह विवाद केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा उनकी दो बुआ जिसमें राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया तथा मध्य प्रदेश शासन की पूर्व मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के बीच पिछले 15 साल से संपत्ति का विवाद न्यायालय में चल रहा है।

यह मामला हाई कोर्ट के पास विचाराधीन है। दोनों पक्षों के वकीलों ने 15 साल लड़ने के बाद अब समझौता कराने का मन बनाया है। दोनों पक्षों के बीच में सहमति हुई है। 90 दिनों के अंदर वह समझौते के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। यदि कोई राह नहीं निकली,तो याचिका पर फिर सुनवाई हाईकोर्ट में शुरू हो जाएगी।

**40000 करोड़ की संपति**

सिंधिया परिवार के पास देश की सबसे बड़ी संपत्ति है। ग्वालियर में 12.40 लाख वर्ग फीट में बना जय विलास पैलेस है। जिसकी कीमत ही 10000 करोड रुपए है। इसके अलावा शिवपुरी में माधव विलास पैलेस, हैप्पी विलास और जार्ज कैसल जैसी कई संपत्तियां हैं। उज्जैन में कालिया देह पैलेस दिल्ली में ग्वालियर हाउस पुणे में पदम विलास पैलेस, वाराणसी में सिंधिया घाट, गोवा में विठोबा मंदिर और अन्य कई संपत्तियां हैं। जिनको लेकर ज्योतिरादित्य सिंधिया और दोनों बुआ के बीच में बंटवारे को लेकर विवाद चल रहे हैं। इस समय पूरा परिवार भाजपा में है। राजमाता सिंधिया जनसंघ में चली गई थी। ग्वालियर का राज महल जनसंघ की राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बन गया था। माधवराव सिंधिया के कांग्रेस में चले जाने के बाद इसे राजनीतिक विवाद से भी जोडा जाता था।

### खास खबर

#### उमर अंसारी को हाईकोर्ट से मिली जमानत

प्रयागराज। मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में जब्त जमीन को छुड़ाने के लिए अपनी मां का फर्जी हस्ताक्षर करने के आरोप में उमर अंसारी की जमानत याचिका मंजूर कर ली है। फर्जी हस्ताक्षर मामले में उमर के खिलाफ गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। उमर अंसारी फिलहाल जेल में बंद हैं। जमानत के लिए उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति गौतम चौधरी की एकल पीठ के समक्ष याची उमर की तरफ से अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने पक्ष रखा।

#### फैक्ट्री में विस्फोट; एक की मौत

मुंबई। महाराष्ट्र के पालघर जिले में स्थित एक रासायनिक फैक्ट्री में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हादस उस समय हुआ जब फैक्ट्री में श्रमिक धातु और अम्ल को मिला रहे थे। विस्फोट इतना जोरदार था कि आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि विस्फोट गुरुवार शाम करीब 7.30 बजे लिम्बानी साल्ट इंडस्ट्रीज में हुआ। पालघर जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम का कहना है कि धातु और अम्ल के मिश्रण के दौरान पांच श्रमिक घटनास्थल पर मौजूद थे। यह एक अत्यधिक प्रतिक्रियाशील प्रक्रिया थी। जिससे विस्फोट हुआ।

#### बिल्डर के ऑफिस पर 30 राउंड फायरिंग

गुरुग्राम। हरियाणा में गुरुग्राम के सेक्टर-45 में बीती रात हथियारबंद बदमाशों ने एमएनअर बिल्डर के ऑफिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। लगातार 25 से 30 राउंड गोलियां चलने से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। फायरिंग में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन ऑफिस की दीवारों और लग्जरी गाड़ियों पर गोलियों के निशान मिले हैं। घटना के बाद सोशल मीडिया पर एक धमकी भरा पोस्ट वायरल हुआ। इसमें सिंगर राहुल फाजिलपुरिया पर फायरिंग करवाने वाले कुख्यात गैंगस्टर दीपक नांदल ने हमले की जिम्मेदारी ली और दावा किया कि यह हमला आर्थिक विवाद के चलते किया गया। उसने स्पष्ट चेतावनी दी कि जिन लोगों पर उसका पैसा बकाया है, वे तुरंत चुका दें, वरना उन्हें अंजाम भुगतना पड़ेगा।

### कुछ ना कहना




## अनिल अंबानी पर 2796 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का मामला : सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उद्योगपति अनिल अंबानी और यस बैंक के पूर्व सीईओ राणा कपूर के खिलाफ 2,796 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दायर की है। यह मामला 2022 में यस बैंक के एक अधिकारी की शिकायत पर दर्ज किया गया था। सीबीआई का आरोप है कि अनिल अंबानी की कंपनियों, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल), ने यस बैंक के पूर्व सीईओ कपूर और उनके परिवार की कंपनियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी वाले लेनदेन किए। इन लेनदेन के कारण यस बैंक को कुल 2,796 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सीबीआई ने मुंबई की एक विशेष अदालत में जो चार्जशीट दाखिल की है, उसमें अनिल अंबानी के अलावा, राणा कपूर, उनकी पत्नी बिंदू कपूर और बेटियों राधा व रोशनी कपूर के नाम भी शामिल हैं। इसके अलावा, कई अन्य कंपनियों और व्यक्तियों को भी आरोपी बनाया गया है।

सीबीआई का दावा है कि राणा कपूर ने नियमों की अनदेखी करते हुए अनिल अंबानी की कंपनियों को लोन दिए, जबकि दूसरी कंपनियां उन्हें लोन देने से कतरा रही थीं। आरोप है कि इस मदद के बदले में राणा कपूर और उनके परिवार को भी आर्थिक लाभ मिला। सीबीआई अभी भी इस मामले की जांच कर रही है और उम्मीद है कि जल्द ही और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। यह मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया है।

## सिख विवाहों के रजिस्ट्रेशन को लेकर कानून बनाएं सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश

### सुप्रीम कोर्ट ने चार महीने का समय तय किया

नई दिल्ली। सिख विवाहों (आनंद कारज) के रजिस्ट्रेशन से जुड़े महत्वपूर्ण मामले में, सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि वे आनंद मैरिज एक्ट, 1909 के तहत विवाहों को रजिस्टर करने के लिए नियम बनाएं। सुप्रीम कोर्ट ने इस प्रक्रिया के लिए चार महीने की समय सीमा तय की है।

सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि आनंद मैरिज एक्ट, 1909 को 2012 में संशोधित कर इसमें धारा 6 जोड़ी गई थी, जिसमें राज्यों को सिख विवाहों के रजिस्ट्रेशन के लिए नियम बनाने का अधिकार मिला था। हालांकि, एक दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी, कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने अभी तक इन नियमों को लागू नहीं किया है, इससे सिख समुदाय को अपने विवाह को कानूनी रूप से रजिस्टर करने में दिक्कत हो रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने इस देरी को देखकर कहा कि एक धर्मनिरपेक्ष देश में, राज्य को किसी भी नागरिक की आस्था के साथ भेदभाव नहीं करना चाहिए। जब कानून आनंद कारज को एक वैध विवाह के रूप में मान्यता देता है, तब इस रजिस्टर करने की व्यवस्था उपलब्ध न होना, इस वादे को अधूरा छोड़ देता है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को चार महीने के भीतर आनंद मैरिज एक्ट के तहत सिख विवाहों के रजिस्ट्रेशन के लिए नियम बनाना होगा। राज्यों को विवाहों का एक रजिस्टर बनाना होगा और विवाह के सर्टिफिकेट जारी करना होगा। जब तक नए नियम नहीं बन जाते, तब तक आनंद कारज विवाहों का रजिस्ट्रेशन मौजूदा विवाह कानूनों के तहत बिना किसी भेदभाव के किया जाना चाहिए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भले ही विवाह का रजिस्ट्रेशन न हो, फिर भी आनंद कारज के माध्यम से हुआ विवाह कानूनी रूप से वैध माना जाएगा।

न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि राज्यों की यह जिम्मेदारी है कि वे एक अच्छी व्यवस्था स्थापित करें, भले ही उनके राज्य में इस प्रकार के विवाहों की संख्या कितनी भी कम क्यों न हो। यह कदम सिख समुदाय को उनके धार्मिक विवाहों को कानूनी मान्यता दिलाने में मदद करेगा और सरकार को एक समान नागरिक संहिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

## महाराष्ट्र में हजारों सरकारी-प्राइवेट स्कूलों में स्टाफ का बैकग्राउंड चेक नहीं हुआ, हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को महाराष्ट्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई। वजह ये रही कि सरकार ने बच्चों की सुरक्षा से जुड़े अपने ही दिशानिर्देश सही तरीके से लागू नहीं किए। मई 2025 में जारी गाइडलाइंस का मकसद था स्कूलों को सेफ जोन बनाना। लेकिन सरकार की कार्रवाई से अदालत बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं हुआ। हाईकोर्ट ने सरकार के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं।



दरअसल, पिछले साल बदलापुर के एक स्कूल में दो नाबालिग बच्चियों के साथ यौन शोषण की वारदात के बाद ये मुद्दा उठा था। हाईकोर्ट ने मई में इस मामले पर स्वतः संज्ञान लिया। इसके बाद राज्य के स्कूल शिक्षा एवं खेल विभाग ने एक जीआर (सरकारी आदेश) जारी किया। इसमें सभी स्कूलों को सुरक्षा के सख्त इंतजाम करने के निर्देश दिए गए थे। बॉम्बे हाईकोर्ट की जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस संदीश बी। पाटिल की खंडपीठ ने शुक्रवार को इस मामले पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से कहा, क्या आप किसी और घटना का इंतजार कर रहे हैं, क्या तभी जागेंगे? अपने ही सरकारी स्कूलों में आपने कदम नहीं उठाए हैं। अदालत ने साफ कहा कि आदेश सिर्फ कागजों पर नहीं होने चाहिए बल्कि जमीन पर भी दिखने चाहिए। अदालत में दाखिल रिपोर्ट के मुताबिक, शिकायत पेटी लगाने और सुरक्षा समिति बनाने जैसे कुछ इंतजाम किए गए, लेकिन कई अहम उपायों को पूरी तरह नज़रअंदाज़ किया गया।

## भारत के सात नए प्राकृतिक धरोहर स्थल यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की संभावित सूची में शामिल



नई दिल्ली। भारत के सात नए प्राकृतिक धरोहर स्थलों को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की संभावित सूची में शामिल किया गया है। जिससे इस सूची में भारत के स्थलों की संख्या 62 से बढ़कर 69 हो गई है। नए शामिल स्थलों में महाराष्ट्र के पंचगनी और महाबलेश्वर स्थित डेक्कन ट्रैप, कर्नाटक के सेंट मैरी द्वीप समूह की भूवैज्ञानिक विरासत, मेघालय युग की गुफाएं, नागा हिल ओफियोलाइट, आंध्र प्रदेश का एर्रा मट्टी डिब्बालु, तिरुमाला पहाड़ियां और केरल की वर्कला चट्टानें शामिल हैं।

संस्कृति मंत्रालय ने बताया कि इस सूची में शामिल होने के बाद भारत में अब 49 सांस्कृतिक, 17 प्राकृतिक और 3 मिश्रित धरोहर स्थल हैं। इन स्थलों को संभावित सूची में शामिल करना भविष्य में विश्व विरासत सूची में इनके नामांकन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और यह भारत के प्राकृतिक अजूबों को वैश्विक संरक्षण प्रयासों के साथ एकीकृत करने के रणनीतिक लक्ष्य को दर्शाता है।

### विज्ञापन केस में बाबा रामदेव ने याचिका लगाई, दिल्ली हाईकोर्ट बोला

## हर फालतू अपील की अनुमति नहीं देंगे

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पतंजलि-डाबर च्यवनप्राश विज्ञापन मामले में सुनवाई की। बाबा रामदेव ने इस विज्ञापन को चलाने पर रोक लगाने वाले सिंगल बेंच जज के आदेश को चुनौती दी थी। जस्टिस सी हरिशंकर और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा- आपने बाकी सभी लोगों को यह कहकर बदनाम कर दिया कि वे नहीं जानते च्यवनप्राश क्या है, और कैसे बनता है। बेंच ने कहा कि सिंगल जज ने एड को अपमानजनक माना। यह अंतरिम आदेश है। जरूरी नहीं हम भी इस पर विचार करें। हम हर फालतू अपील की अनुमति नहीं देंगे। जरूरत पड़ी तो जुर्माना लगाएंगे। जस्टिस हरिशंकर ने पतंजलि को फटकार लगाते हुए कहा- ऐसा नहीं है कि यह आदेश आपको नुकसान पहुंचाएगा। आपके पास बहुत पैसा है, इसलिए आप हर मामले में अपील दायर कर सकते हैं। पतंजलि के वकील ने बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण से इस मामले पर चर्चा करने का समय मांगा, जिसके बाद अदालत ने अपील पर अगली सुनवाई 23 सितंबर के लिए लिस्ट कर दी है।

### राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा ने फिर दिया विवादित बयान

## पाकिस्तान में घर जैसा महसूस हुआ

भोपाल। राहुल गांधी के करीबी और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने भारत की विदेश नीति और पड़ोसी देशों के साथ संबंधों पर अपनी हालिया टिप्पणी से एक बार फिर विवाद खड़ा कर दिया है। एक इंटरव्यू में पित्रोदा ने कहा कि मैं पाकिस्तान गया, और आपको बता दूं कि मुझे वहां घर जैसा महसूस हुआ। एक इंटरव्यू में पित्रोदा ने क्षेत्रीय कूटनीति को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने नेपाल से लेकर बांग्लादेश तक की तारीफ की है। पित्रोदा ने कहा कि मैं बांग्लादेश गया, मैं नेपाल गया हूं, और मुझे वहां घर जैसा महसूस होता है। मुझे ऐसा नहीं लगता कि मैं किसी विदेशी देश में हूं।



पित्रोदा ने केंद्र सरकार से कहा कि अपने पड़ोसियों के साथ बातचीत को प्राथमिकता दी जाए। पित्रोदा ने कहा कि भारत की विदेश नीति की शुरुआत पाकिस्तान सहित क्षेत्र के देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने से होनी चाहिए।

**युवा राहुल के साथ खड़े हों**

राहुल गांधी की जेन-जी से अपील पर प्रतिक्रिया देते हुए पित्रोदा ने कहा कि मैं देश के युवाओं से अनुरोध करना चाहता हूं कि वे राहुल गांधी के साथ खड़े हों। उनकी आवाज के साथ अपनी आवाज मिलाएं। राहुल गांधी ने जेन-जी से अपील की थी कि वे आगे आएं और देश के लोकतंत्र की रक्षा करें। सैम ने कहा कि हमारी विदेश नीति को सबसे पहले अपने पड़ोस पर केंद्रित होना चाहिए। क्या हम वास्तव में अपने पड़ोसियों के साथ संबंधों में काफी सुधार कर सकते हैं?

## जुबिन गर्ग का सिंगापुर में निधन, संगीत जगत में शोक की लहर

नई दिल्ली,। मशहूर गायक जुबिन गर्ग, जिन्होंने इमरान हाशमी की फिल्म गैंगस्टर के सुपरहिट गीत या अली से देशभर के युवाओं के बीच खास पहचान बनाई थी, अब हमारे बीच नहीं रहे। शुक्रवार को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान हुए हादसे में उनका निधन हो गया। जानकारी अनुसार समुद्र से बाहर निकालने के बाद उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन गहन इलाज के बावजूद डॉक्टर उनकी जान नहीं बचा सके। जुबिन गर्ग असम के दिग्गज गायक माने जाते थे और नॉर्थ ईस्ट म्यूजिक इंडस्ट्री में उनका योगदान अमूल्य रहा है।

### राहुल गांधी ने फिर चुनाव आयोग पर साधा निशाना, कहा

## चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को एकबार फिर से चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग का नाम लिए बिना कहा कि चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा। उनकी यह टिप्पणी वोट चोरी के मुद्दे पर अपने हमले को तेज करने के एक दिन बाद आई है। जिसमें उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर लोकतंत्र को नष्ट करने वालों की रक्षा करने का आरोप लगाया था।



राहुल गांधी ने कल की अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस का 36 सेकेंड का वीडियो साझा करते हुए लिखा कि सुबह 4 बजे उठो, 36 सेकंड में 2 वोटर मिटाओ, फिर सो जाओ - ऐसे भी हुई वोट चोरी! चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा, चोरों को बचाता रहा। गांधी 36 सेकंड के वीडियो में कथित वोट चोरी की कार्यप्रणाली के बारे में बता रहे हैं। इससे पहले गुरुवार शाम को एक पोस्ट में राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा था कि देश के युवा, देश के छात्र, देश की जेन जी, संविधान की रक्षा करेंगे, लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी रोकेंगे। मैं हमेशा उनके साथ खड़ा हूं। जय हिंद! प्रेस वार्ता के बाद राहुल गांधी ने देर शाम सोशल मीडिया पर कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बहाने बनाना बंद करके। सबूत कर्नाटक सीआईडी को तुरंत देने चाहिए। राहुल ने कहा कि जब कांग्रेस के अलंद के उम्मीदवार ने धोखाधड़ी का पर्दाफाश किया, तो स्थानीय चुनाव आयोग के अधिकारी ने प्राथमिकी दर्ज की, लेकिन सीआईडी जांच को सीईसी ने रोक दिया।

## 6 साल से चुनाव न लड़ने पर 474 पार्टियां डीलिस्ट

### 359 पर एक्शन शुरू; चुनाव आयोग ने 2 महीने में 808 पार्टियों के रजिस्ट्रेशन रद्द किए

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को 474 रजिस्टर्ड गैर-मान्यता प्राप्त पॉलिटिकल पार्टियों को डीलिस्ट कर दिया है। इन पार्टियों ने पिछले छह साल से कोई चुनाव नहीं लड़ा था। इस कार्रवाई के बाद पिछले दो महीने में अब तक 808 पार्टियों को लिस्ट से बाहर किया जा चुका है। आयोग ने बताया कि इससे पहले 9 अगस्त को भी 334 पार्टियों के रजिस्ट्रेशन रद्द किए गए थे। इसके अलावा आयोग ने 23 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 359 पार्टियों को भी चिन्हित किया है। इन पार्टियों ने तीन साल (2021-22, 2022-23 और 2023-24) से अपने ऑडिटेड अकाउंट्स और चुनावी खर्च की रिपोर्ट जमा नहीं की। ये पार्टियां चुनाव में उतरी थीं, लेकिन जरूरी रिपोर्ट समय पर दाखिल नहीं की, जिसकी वजह से अब उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है।




इस प्रक्रिया के पहले चरण में, चुनाव आयोग ने विगत 9 अगस्त को 334 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को सूची से हटा दिया था। आज दूसरे चरण में, निर्वाचन आयोग ने लगातार छह वर्षों तक किसी भी चुनाव में भाग न लेने के आधार पर, 18 सितंबर को 474 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को सूची से हटा दिया गया है। इस तरह पिछले दो महीनों में 808 आरयूपीपी को सूची से हटाए गए हैं।

**छह राष्ट्रीय और 67 राज्य स्तरीय पार्टियां**

निर्वाचन आयोग ने बताया कि हाल तक 2,520 आरयूपीपी थे। डी-लिस्टिंग प्रक्रिया के बाद, 2,046 आरयूपीपी बचे हैं। इनमें छह मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल और 67 राज्य स्तरीय दल हैं।

# नवरात्र पर्व की तैयारियां शुरू, सज रहे माता रानी के दरबार

**मंदिरों में हो रही आकर्षक साज-सज्जा, सार्वजनिक समितियां तैयार कर रही पंडाल, माता मंदिरों में जगमगाएंगे ज्योति कलश, नव दिनों तक शक्ति की भक्ति में लीन रहेंगे श्रद्धालु**





**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। शक्ति की भक्ति का पर्व शारदेय नवरात्र इस वर्ष 22 सितंबर से मनाया जाएगा ।जहा 9 दिनों तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे ।जिसको लेकर जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसीलो व ग्रामीण अंचलों में तैयारियां शुरू कर दी गई है ।नवरात्र पर्व को लेकर मंदिरों में आकर्षक साज-सज्जा की जा रही है। वहीं सार्वजनिक समितियां प्रतिमा स्थापना को लेकर पंडालों को तैयार कर रहीं है। इधर, मूर्तिकार भी मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम स्वरुप देने में जुटे हुए है। नवरात्रि के पहले दिन घट स्थापना व मातारानी की प्रतिमा स्थापित कर मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की जाएगी। मान्यता है कि मां दुर्गा में ब्रह्मांड की समस्त शक्तियां समाहित है। नवरात्रि में माता दुर्गा की उपासना करने से हर संकट का नाश होता है। 9 ग्रहों की अशुभता दूर होती है। जीवन सुखमय बनता है।**

## अंतिम दौर में चल रहीं तैयारियां

पर्व को लेकर शहर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में तैयारियां अंतिम दौर पर है। माता मंदिरों को रंग रोगन कर आर्कषक साज सज्जा की जा रही है। देवी मंदिरों में जवारा व घट स्थापना को लेकर तैयारी की जा रही है। शहर के प्रमुख माता मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश स्थापित व प्रज्जवलित किए जाएंगे। शहर के प्रमुख मां कालीपाट मंदिर में इस वर्ष करीब 500 से अधिक ज्योति कलशों की स्थापना की जाएगी। कलश स्थापना के लिए एक कमरे में व्यापक व्यवस्था की जा रही है।

## जगह जगह होगे धार्मिक अनुष्ठान

इसी तरह जयस्तंभ चौक समीप स्थित मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर में इस वर्ष शारदेय नवरात्रि भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। मंदिर के पदाधिकारियों ने बताया कि शुभ मुहुर्त पर अखंड ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी। पंचमी व अष्ठमी के दिन महाआरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा। नवमीं को यज्ञ व हवन होगा। हनुमान चौक स्थित दुर्गा मंदिर में भी विशेष तैयारी की जा रही है। मंदिर को आकर्षक साज-सज्जा से सजाया जा रहा है। इस मंदिर में भी अष्टमी को महाआरती व नवमें दिन ज्योतिकलश विसर्जन किए जाएंगे।

## हाथी पर सवार होकर आएगी माँ दुर्गा

बताया गया कि घट स्थापना नवरात्र का पहला और सबसे महत्वपूर्ण कार्य है, जो दुर्गा पूजा का शुभारंभ करता है ।इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आएंगी, जो ज्ञान और समृद्धि का प्रतीक है। इसलिए इस बार की पूजा धन और ज्ञान दोनों की प्राप्ति कराएगी ।बताया कि प्रतिमा स्थापना से सबसे पहले चौकी को गंगाजल से छिडक् कर शुद्ध कर लें। चौकी पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करें। मां दुर्गा के समक्ष धूप, दीप और शुद्ध घी का दीपक प्रज्वलित करें। मां को भोग लगाएं और उनकी आरती उतारें। इसके बाद दुर्गा चालीसा या सप्तशती का पाठ करें। नवरात्र का प्रारंभ 22 सितंबर को होगा और मां दुर्गा हाथी पर विराजमान होंगी, जो अत्यंत शुभ माना जाता है

## घट स्थापना,पूजा का शुभ मुहुर्त

ज्योतिषाचार्य के अनुसार इस साल शारदीय नवरात्रि पर्व 22 सितंबर से शुरु हो रहा है, जो पूरे 9 दिनों तक रहेगा। दसवें दिन दशहरा पर्व मनाया जाएगा। नवरात्र पर्व में नौ रात और दस दिनों के दौरान शक्ति की देवी मां जगदंबा के नौ रुपों की पूजा की जाती है। शारदेय नवरात्र में घट स्थापना का शुभ मुहूर्त 22 सितंबर को सुबह 6.09 बजे से 8.06 बजे के बीच है। यदि इस समय में स्थापना न कर पाएं तो अभिजीत मुहूर्त सुबह 11.49 बजे से 12.38 बजे के बीच भी घट स्थापना कर सकते हैं। प्रतिमा स्थापना भी इसी दिन यानी 22 सितंबर को घट स्थापना के साथ की जाएगी।


## बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित (बी.पैक्स) मिरेगांव पं. क्र. 503

क्रमांक / आमसभा/2025 दिनांक – 01.09.2025

### वार्षिक आमसभा की सूचना

महोदय,

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित (बी.पैक्स), मिरेगांव पं.क्र. 503 के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा का आयोजन दिनांक 21.09.2025 दिन रविवार को समय 1 बजे दिन से संस्था कार्यालय के प्रांगण में किया गया है।

अत: समस्त अंशधारी सदस्यों से सविनय निवेदन है कि उक्त सभा में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाये।

नोट – यदि निश्चित समय पर साधारण सभा के लिये गणपूर्ति नहीं होती है तो सहकारी समिति नियम 1962 की धारा 37/3 के प्रावधान अनुसार ठीक आधा घंटे बाद उसी स्थान एवं दिनांक पर पूर्व निर्धारित विषयों पर ही साधारण सभी की कार्यवाही प्रारंभ होगी, जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

अतएव आपसे अनुरोध है कि निश्चित स्थान दिनांक एवं समय पर उपस्थित होने का कष्ट कीजिए।

-: विषय सूची :-

1. सोसायटी के क्रियाकलापों का जो कि संचालक मण्डल द्वारा आगामी वर्ष 2026-27 के लिए तैयार किया गया है, अनुमोदन करने बाबद्।
2. संपरीक्षा रिपोर्ट के अनुमोदन बाबद् विचार।
3. वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 2024-2025 के वित्तीय पत्रक के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।
4. आगामी सहकारी वर्ष 2026-2027 के लिए अनुमानित बजट की स्वीकृति बाबद्।
5. वित्तीय वर्ष में कार्य संचालन के कारण हुए हानि के कारणों का परीक्षण करने बाबद् विचार।
6. वर्ष 2024-2025 का पूरक बजट की स्वीकृति बाबद्।
7. लेखाओं की संपरीक्षा करने के लिए संपरीक्षक की नियुक्ति करने बाबद् विचार।
8. संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन कराया जाने बाबद् विचार।
9. किसी अन्य विषय पर जो उपविधि के अनुसार लाया जावे विचार करने के लिये।

-: भवदीय :-

एम.आर. गोंदुड़े, संस्था प्रबंधक — राजेश दुबे, प्रशासक

एवं समस्त कर्मचारीगण
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित
( बी.पैक्स ) मिरेगांव पं. क्र. 503


## मलाजखंड पुलिस की कार्यवाही
## 4 भैस और 4 बोदा से भरी 2 पिकअप जप्त
## दोनों पिकअप के चालक- गिरफ्तार एक व्यक्ति फरार

बालाघाट( पद्मेश न्यूज) । मलाजखंड पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में 4 भैस और 4 बोदा से क्रूरता पूर्वक भरी दो पिकअप को जप्त किया। और इन मवेशियों अवैध रूप से पिकअप में क्रूरता पूर्वक भरकर ले जाने वाले दोनों पिकअप के चालक को गिरफ्तार किया। मलाजखंड पुलिस ने यह कार्यवाही ग्राम पौनी आईटीआई मैदान और पौनी से ग ?ी रो ? पर की। गिरफ्तार पिकअप चालक सुनील कुमार पिता शिवचरण कमरे 23 वर्ष वार्ड नंबर 8 चालीस मकान बैहर और अनिल पिता संपत्तसिह मेरावी 35 वर्ष ग्राम अलना थाना गढ़ी निवासी है। जबकि इस आरोपी का साथी योगेश धुर्वे फरार है। मलाजखंड पुलिस के मुताबिक 18 सितंबर को सूचना मिली कि पोनी आईटीआई मैदान में एक व्यक्ति पिकअप में चार नग भैंस क्रूरता पूर्वक भरे हुये है और पिकअप को लेकर बालाघाट की ओर जाने वाला है ।इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर पिकअप चालक पिकअप को चालू कर भागने लगा था। जिसे घेराबंदी कर पिकअप को रोक पिकअप एमपी 50 जेड जी 2891 के चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सुनील कुमार कुमरे 40 मकान बैहर निवासी बताया। जो चार नग भैंस को अपनी पिकअप में ठूंस ठूंस कर क्रूरता पूर्वक भरे हुए था। जिसके पास वैध पशु परिवहन का वैध परमिट एवं पशु खरीदी बिक्री पर्ची नहीं पाई गई। पिकअप को जप्त किया गया और सुनील कुमार कुमरे के विरुद्ध धारा 11(1)(घ) पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 एवं धारा3/181,39/192,56/192,146/196 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे इस अपराध में गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार ग्राम पोनी से चार बोदा को पिकअप में क्रूरतापूर्वक भरकर अलना ग ?ी पहुंचाया जा रहा था ।मलाजखंड पुलिस की टीम ने ग्राम पौनी और नेवरगांव के बीच इस पिकअप एमपी 51 जेड बी1669 को घेराबंदी कर रोके। इसी दौरान पिकअप से एक व्यक्ति भाग गया। पिकअप के चालक सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अनिल पिता संपत्तसिह मेरावी 35 साल ग्राम अलना थाना ग ?ी निवासी तथा पिकअप से फरार व्यक्ति का नाम योगेश पिता मन्तुसिंह धुर्वे ग्राम कुकर्रा चिचरिंगपुर थाना ग ?ी निवासी बताया ।पिकअप चालक अनिल मरावी के पास वैध पशु परिवहन का वैध परमिट और पशु खरीदी बिक्री पर्ची नहीं थी। इस मामले में पिकअप को जप्त किया गया और अनिल मरावी और फरार आरोपी योगेश धुर्वे के विरुद्ध धारा 11(1)(घ) पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 और धारा3/181,39/192,56/192,146/196 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया और इस अपराध में अनिल मरावी को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में फरार योगेश धुर्वे की तलाश की जा रही है।

# बीमित के दावे को कंपनी ने किया खारिज, तो पत्नी पहुंची थी उपभोक्ता आयोग

**पॉलिसी का भुगतान ना देने पर उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला, जबलपुर की मेग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस पर ठोका 15 लाख का जुर्माना**

बालाघाट( पद्मेश न्यूज)। जिला उपभोक्ता आयोग ने, वाहन खरीदी पर की गई, पीए ड्राईवर कम ऑनर बीमा पालिसी पर जबलपुर की कंपनी मेग्मा एचडीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी को 15 लाख रूपए का जुर्माना ठोंका है। बीमित व्यक्ति के बीमा दावे को अस्वीकार करने के मामले में आयोग ने शुक्रवार को यह फैसला, पॉलिसी धारक ट्वेझरी निवासी मृतक की पत्नी सुलवंत खोब्रागड़े और उसके बच्चों के प्रकरण पर सुनवाई करते हुए दिया ।जिला उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार सोनकर, सदस्य डॉ. महेश चांडक और हर्षा बिजेवार की संयुक्त बैंच ने इसकी सुनवाई की।

## वाहन खरीदते समय ली थी 15 लाख की बीमा पॉलिसी

बैंच ने आदेश में कहा कि 2 नवंबर 2021 से 1 नवंबर 2026 तक 325 रूपए प्रीमियम में 15 लाख रूपए की सुरेन्द्र खोब्रागड़े ने पॉलिसी, उस वक्त ली थी। जब उसने एक वाहन खरीदा था। बीमित अवधि में वाहन चालक सुरेन्द्र खोब्रागड़े की सड़क हादसे में मौत होने के बाद, पत्नी ने बीमा की राशि के लिए, मेग्मा एच.डी.आई. जनरल इश्योरेंस कंपनी जबलपुर में दावा पेश किया था, लेकिन कंपनी ने बीमित की पत्नी के दावे को यह कहकर अस्वीकार कर दिया कि वाहन चालक सुरेन्द्र के पास वैद्य लाइसेंस नहीं है और वह शराब का सेवन किया था। जिसमें आयोग ने प्रकरण को सुना तो पाया कि कंपनी, वाहन चालक सुरेन्द्र के शराब पीने से संबंधित दावे पर कोई साक्ष्य पेश नहीं कर सकी। इंवेस्टीगेशन की रिपोर्ट, नहीं मिली थी और वाहन सवार के पास वैद्य लायसेंस होने से, कंपनी ने बीमित के बीमा राशि को देने, सेवा में कमी है। जिस पर आयोग ने कंपनी को, बीमा क्लेम के 15 लाख रूपए 6 प्रतिशत ब्याज सहित तथा मानसिक और शारीरिक वेदनाक 2 हजार के साथ वाद व्यय 15 सौ रूपए, पीड़ित सुखवंता खोब्रागड़े को देने के आदेश दिए है। महिला की ओर से अधिवक्ता धर्मेन्द्र धानेश ने प्रकरण की सुनवाई के दौरान, पक्ष रखते हुए आवेदन के माध्यम से महिला को राहत दिलाए जाने की पैरवी की थी।





## बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित (बी.पैक्स) कंजई पं. क्र. 669

क्रमांक / आमसभा/2025 दिनांक – 01.09.2025

### वार्षिक आमसभा की सूचना

महोदय,

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित (बी.पैक्स), कंजई पं.क्र. 669 के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक आमसभा का आयोजन दिनांक 20.09.2025 दिन शनिवार को समय 1 बजे दिन से संस्था कार्यालय के प्रांगण में किया गया है।

अत: समस्त अंशधारी सदस्यों से सविनय निवेदन है कि उक्त सभा में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाये।

नोट – यदि निश्चित समय पर साधारण सभा के लिये गणपूर्ति नहीं होती है तो सहकारी समिति नियम 1962 की धारा 37/3 के प्रावधान अनुसार ठीक आधा घंटे बाद उसी स्थान एवं दिनांक पर पूर्व निर्धारित विषयों पर ही साधारण सभी की कार्यवाही प्रारंभ होगी, जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

अतएव आपसे अनुरोध है कि निश्चित स्थान दिनांक एवं समय पर उपस्थित होने का कष्ट कीजिए।

-: विषय सूची :-

1. सोसायटी के क्रियाकलापों का जो कि संचालक मण्डल द्वारा आगामी वर्ष 2026-27 के लिए तैयार किया गया है, अनुमोदन करने बाबद्।
2. संपरीक्षा रिपोर्ट के अनुमोदन बाबद् विचार।
3. वार्षिक रिपोर्ट वर्ष 2024-2025 के वित्तीय पत्रक के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।
4. आगामी सहकारी वर्ष 2026-2027 के लिए अनुमानित बजट की स्वीकृति बाबद्।
5. वित्तीय वर्ष में कार्य संचालन के कारण हुए हानि के कारणों का परीक्षण करने बाबद् विचार।
6. वर्ष 2024-2025 का पूरक बजट की स्वीकृति बाबद्।
7. लेखाओं की संपरीक्षा करने के लिए संपरीक्षक की नियुक्ति करने बाबद् विचार।
8. संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन कराया जाने बाबद् विचार।
9. किसी अन्य विषय पर जो उपविधि के अनुसार लाया जावे विचार करने के लिये।

-: भवदीय :-

बी.एल. ठाकरे, संस्था प्रबंधक — राजेश दुबे, प्रशासक

एवं समस्त कर्मचारीगण
बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित
( बी.पैक्स ) कंजई पं. क्र. 669


# धम्म ध्वज यात्रा का स्वागत एवं क्रांतिकारी भंते विनयाचार्य जी का जनसंवाद 22 को

बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया( मीराताई आंबेडकर )एवं बालाघाट जिला बौद्ध संघ की पहल पर जिले में धम्म ध्वज यात्रा का भव्य स्वागत एवं क्रांतिकारी भंते विनयाचार्य जी का जनसंवाद कार्यक्रम 22 सितंबर को डॉ आंबेडकर चौक पर सामूहिक पूजा वंदना के बाद एक महारैली के माध्यम से नूतन कला निकेतन में दोपहर 2 बजे से आयोजित किया गया है। जिसके मुख्य मार्गदर्शक क्रांतिकारी भंते विनयाचार्य जी बोधगया बिहार, मुख्य अतिथि, गौतम पाटिल,राष्टीय संघठक दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया भोपाल, प्रमुख अतिथि डॉ.चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष मप्र व केन्द्रीय शिक्षक मप्र राज्य शाखा, प्रमुख अतिथि सुरेन्द्र गजभिये मध्यप्रदेश प्रभारी आल इंडिया बुद्धिसट फोरम, अध्यक्षता एस.एल.रंगारे जिलाध्यक्ष माजी श्रामनेर, बोद्धाचार्य दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया बालाघाट, स्वागत अध्यक्ष सचीन मेश्राम अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट होगें। इस संबंध में प्रदेशाध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे ने बताया कि अनेक वर्षो से महाबोधी महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन की लडाई शुरू है ।यह लडाई संपूर्ण भारत देश से बोधगया, पटना, दिल्ली एवं सर्वोच्च न्यायालय में अपने हक अधिकार प्राप्त करने हेतु जारी है ।अनागरिक धम्मपाल इन्होने प्रारंभ किया हुआ आंदोलन पूज्य भंते सुरेई ससाई नागर्जुन इन्होने जिंदा रखा। वही आगे यह आंदोलन आकाश लामा जी, भंते विनयाचार्य इन्होने प्रारंभ किया। इस आंदोलन को बोधिसत्व डा. बाबा साहेब आंबेडकर जी के पौत्र डा. भीमराव यशवंतराव आंबेडकर साहेब टस्टी व राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया ने साथ देकर यह आंदोलन संपूर्ण देश में पहुंचाकर प्रत्येक धम्म बंधुओं के पास पहुंचाया है। अत: दिनांक 22 सितंबर को इस आंदोलन के तहत क्रांतिकारी भंते विनयाचार्य जी का बालाघाट आगमन हो रहा है,सर्वप्रथम डॉ.आंबेडकर चौक में सामूहिक पूजा वंदना, भिक्षु संघ एवं पंचशील धम्म ध्वज रैली के स्वागत पश्चात महारैली काली पुतली चौक,गुजरी मदन मेडिकल,महावीर चौक होते हुए नूतन कला निकेतन में दोपहर 2 बजे से आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम पहुंचेगी। जिसमें उपस्थिति की अपील दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढ़ेंगरे, श्री रंगारे जिलाध्यक्ष,धमेन्द्र कुरील पूर्व प्रदेश सचिव,आर.के. कठाने प्रदेश सचिव म.प्र., हेमलता डोंगरे प्रदेश उपा.म.प्र.,प्रमिला चौहान कोषाध्यक्ष ,जिला बौद्ध संघ के अध्यक्ष सचिन मेश्राम,मिलिंद भालेराव अन्य पदाधिकारी द्वारा की गई है।

## ग्राम सोनपुरी में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

उकवा( पद्मेश न्यूज )। आयुष्मान आरोग्य मंदिर सोनपरी में 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ जनप्रतिनिधि ग्राम सरपंच सुनील उयके के द्वारा किया गया और कुमारी दर्शिका दीप सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सोनपुरी के द्वारा महिलाओं को स्वास्थ संबंधित जानकारी दी गई ।इस शिविर में सभी प्रकार की जांच बीपी, शुगर, सिकल सेल की जांच की गई और टीबी के सैंपल लिये गये। इस कार्यक्रम में उपस्थिति समाज सेवी संदीप गजभिये, स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती रीता कुमार, आशा कार्यकर्ताएं श्रीमती रेखा घुले, श्रीमती प्रमिला पटले,श्रीमती रेखा मरकाम एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे ।महिलाओं को स्वास्थ्य शिक्षा दी गई और सभी की उपचार किया गया ।अंत में सभी महिलाओं को स्वल्पाह देकर कार्यक्रम का समापन किया गया।




## पत्नी की मायके जाने से व्यथित एक व्यक्ति ने खाया कीटनाशक

बालाघाट( पद्मेश न्यूज) । पत्नी के मायके जाने से व्यथित एक व्यक्ति ने शराब के नशे में कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। कीटनाशक दवाई के सेवन के बाद हालत बिगड़ने से अस्वस्थ व्यक्ति जुगेश पिता मदन देशमुख 34 वर्ष ग्राम टवेझरी थाना भरवेली निवासी को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जुगेश देशमुख मजदूरी करता है। 2021 में जुगेश देशमुख की शादी ग्राम बको ?ी निवासी पूजा के साथ हुई है। जिनके बच्चे नहीं है। आठ दिन पहले ही जुगेश देशमुख की पत्नी पूजा अपने मायके चली गई है ।जुगेश देशमुख अपने घर में अकेला था। 18 सितंबर को 2 बजे जुगेश देशमुख शराब पीने के लिए दारू दुकान गया और शाम 7ः00 बजे घर आया और जुगेश देशमुख ने शराब के नशे में घर में रखे कचरा मार कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। कीटनाशक दवाई का सेवन करने के बाद जुगेश देशमुख को उल्टी होने लगी। जिसे उसके पिता ने देखा। इसके बाद जुगेश देशमुख को उसके बड़े भाई सुदेश देशमुख ने 108 एंबुलेंस में जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया।


## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं सागन कावरे पति स्व. शैलेश कावरे जाति मरार ग्राम पंचायत पांढरवानी तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट म.प्र. की निवासी हुं। मेरे पति स्व. शैलेश कावरे की मृत्यु दिनांक 23.09.2024 को हो चुकी है और इनकी मृत्यु के उपरांत पत्नि सागन कावरे, पुत्र अंकित व पुत्री अर्चना वारसान है एवं मुझे ग्राम पंचायत कार्यालय से वारसान प्रमाण पत्र जारी किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे ग्राम पंचायत कार्यालय पांढरवानी ला. पहुंचकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

**प्रकाशक**
**सागन कावरे**
**निवासी - ग्राम पंचायत पांढरवानी**
**तहसील लालबर्रा, जिला बालाघाट ( म.प्र. )**



**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**

**लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध**



निर्माता

**तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स**
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# 5 हजार मानदेय वाले सफाई कर्मी को मिला 1.20 करोड़ का आयकर जमा करने नोटिस

## सफाई कर्मचारी आश्चर्यचकित कहां डॉक्यूमेंट के जरिए की जा रही है धोखाधड़ी, न्याय उचित कार्रवाई की करी मांग

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। शहर के हनुमान चौक स्थित आदिवासी आश्रम में सफाई का काम करने वाले कर्मचारी को आयकर विभाग से एक करोड़ 20 लाख रुपए का टैक्स जमा करने आयकर विभाग से नोटिस जारी किया गया है । जिसमें सफाई कर्मचारी संतोष द्वारा बताया गया कि वह एक सफाई कर्मचारी है , जिसे प्रति महीने 5000 रूपये मानदेय मिलता है और उसे कुछ वर्षों से लाखों रुपए के आयकर विभाग से नोटिस आ रहे हैं। जिसको लेकर उन्होंने संबंधित थाने, आयकर विभाग और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में इसकी शिकायत भी की है, किंतु इस बार उन्हें एक करोड रुपए से अधिक का नोटिस आने से वह घबरा गया है , उसे लग रहा है कि उसके डॉक्यूमेंट के जरिए किसी ने उसके साथ धोखाधड़ी की है, जिसकी वह न्याय उचित कार्रवाई की मांग कर रहा है।**

आपको बता दे की इन दिनों साइबर ठगी के साथ-साथ आमजनों के व्यक्तिगत डॉक्यूमेंट से भी कुछ लोग धोखाधड़ी कर लाखों रुपए की हेरा फेरी कर रहे हैं। जिसमें डॉक्यूमेंट का मिस युस करने का भी एक मामला सामने आया है। जिसमें पादरीगंज निवासी संतोष चौधरी द्वारा बताया गया कि वह बालाघाट के हनुमान चौक स्थित आदिवासी आश्रम में सफाई कर्मी है , उन्हें 5000 रूपये प्रति महीने मानदेय मिलता है , किंतु उन्हें बीते कुछ वर्षों से आयकर विभाग से लाखों रुपए जमा किए जाने का नोटिस आ रहा है। जबकि उनके द्वारा किसी प्रकार का लोन या बड़ा ट्रांजैक्शन नहीं किया गया है और किसी प्रकार का टैक्स भी वह पे नहीं करते । उसके बावजूद बीते कुछ वर्ष पहले से उन्हें लाखों रुपए के आयकर विभाग से टैक्स जमा किए जाने के नोटिस आ रहे हैं। जिसकी शिकायत उन्होंने संबंधित थाने और पुलिस अधीक्षक को कर रखी है । इस बार वर्ष 2025 में तो हद ही हो गई, उन्हें आयकर विभाग से एक करोड़ 20 लाख रुपए का नोटिस भेजा गया है और जब से उन्हें नोटिस मिला है तब से वह बहुत अधिक मानसिक रूप से परेशान है, वह संबंधित विभागों के चक्कर लगा रहे हैं कि आखिर इस प्रकार से टैक्स जमा किए जाने को लेकर नोटिस कैसे आया, उन्होंने तो किसी प्रकार का लोन या ट्रांजैक्शन का लेनदेन नहीं किया है। उनके मात्र दो ही खाते हैं जिसमें 50,000 रूपये से लेकर 1,00000 रूपये तक का ही ट्रांजैक्शन हुआ है। उसके बाद करोड़ों रुपए का नोटिस आना बड़ा ही दुर्भाग्य है, उन्होंने जब आयकर विभाग से इसकी जानकारी निकाली तो उन्हें पता चला कि उनके पैन कार्ड के माध्यम से



कुछ बड़ा लेनदेन हुआ है, जिस कारण उन्हें इतनी बड़ी राशि का आयकर विभाग से नोटिस आया है। अब वह चाहते हैं कि इस पूरे विषय पर उनके साथ डॉक्यूमेंट की हेरा फेरी करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

### वर्ष 2024 में मिला था पहला नोटिस

भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के इनकम टैक्स विभाग से 18 मार्च 2025 को संतोष को एक नोटिस आया था। इसमें असेसमेंट ईयर 2017-18 में 55 लाख 39 हजार 180 रुपए की इनकम संतोष चौधरी के परमानेंट अकाउंट नंबर यानी क्क्ष्ह नंबर से हुआ हैं। संतोष पर इसकी जानकारी छिपाने का भी आरोप लगा है। संतोष के मुताबिक उन्हें पहला नोटिस जनवरी वर्ष 2024 में आया था।

### इस प्रकार बनी 1 करोड़ 20 लाख की देनदारी

संतोष को आयकर विभाग से कम्प्यूटेशन शीट यानी गणना पत्रक आया, जिसके मुताबिक शख्स की वित्तीय वर्ष 2017-18 में 55 लाख 39 हजार 180 रुपए की आय दिखाई गई। इसमें उन्हें 42 लाख 79 हजार 17 रुपए का टैक्स आया था। इस पर कुल ब्याज 77 लाख 44 हजार 990 रुपए लगा है। ऐसे में संतोष पर 1 करोड़ 20 लाख 24 हजार 7 रुपए की देनदारी बन रही है।

### गांव के सरपंच को दिया था पेन कार्ड

संतोष चौधरी ने बताया कि उसने अपने गांव के सरपंच अजय यादव को एक चार पहिया वाहन खरीदने के लिए अपने दस्तावेज दिए थे। इसमें पेन कार्ड, आधार कार्ड सहित दूसरे भी दस्तावेज दिए थे। इसमें भी सरपंच ने 50 हजार के डाउन पेमेंट किया और एक एफिडेविट बना कर उसमें किश्त चुकाने की बात कही थी। संतोष का कहना है कि वह गाड़ी फाइनेंस कंपनी से फाइनेंस हुई थी।

### संतोष ने शोरूम पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

वर्ष 2024 में संतोष ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय और आयकर विभाग को एक शिकायती पत्र दिया था इसमें उन्होंने फाइनेंस कंपनी पर आरोप लगाया था की उसके नाम और उनके पेन नंबर का इस्तेमाल कोई टैक्स चोरी में किया गया है, इस मामले में संतोष ने कई बार कंपनी से बातचीत की लेकिन कोई स्पष्ट और संतोषजनक जवाब नहीं मिला. वहीं, शोरूम वालों ने गेट से ही भगा दिया था।

### आयकर विभाग से जांच और कार्रवाई की मांग

संतोष ने आयकर विभाग से उसके नाम और पेन नंबर से हुई धोखाधड़ी की जांच की जाए और कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आपको बता दें कि संतोष बालाघाट के पादरीगंज का रहने वाला है. वह साल 2011 में बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर का काम करता था, जिसमें उसने वित्त वर्ष 2015-16 में टैक्स भी दाखिल किया था। इस दौरान उसने 41 हजार 222 रुपए का टैक्स भुगतान भी किया था। इसके बाद उसका धंधा बंद हो गया था, इसी वजह से संतोष ने कभी आईटीआर फाइल नहीं किया। और अब वह सफाई कर्मचारी का कार्य कर रहा हैं , किंतु अचानक से कुछ वर्षों से उसे आयकर जमा किए जाने की लाखों रुपए की राशि आने लगी उन्हें, लगता है कि उनके डॉक्यूमेंट का गलत तरीके से उपयोग किया गया है, वह चाहते हैं कि इस पूरे विषय पर विभाग जांच कर न्याय उचित कार्रवाई करें ।

# जिला स्तरीय बालरंग महोत्सव का हुआ आयोजन



बालाघाट( पद्मेश न्यूज) । शहर के स्थानीय श्याम बिहारी वर्मा शासकीय उत्कृष्ट स्कूल में जिला स्तरीय बालरंग महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया । यहां जिले भर के अलग-अलग 10 ब्लॉकों के बच्चों ने इस बालरंग महोत्सव में भाग लिया । यह एकदिवसीय बालरंग महोत्सव सुबह 11:30 बजे से शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा । यहाँ स्कूलीय बच्चों ने अलग-अलग विधाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटक, भाषण , एकल गीत ,सामूहिक गीत के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी । जिसमें संबंधित शिक्षकों ने बताया कि यह बाल रंग महोत्सव स्कूलीय बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए आयोजित किया गया है जो जिला स्तर के बाद संभाग स्तर पर आयोजित किया जाएगा । आपको बता दे कि स्कूलीय छात्र-छात्राओं के अंदर छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान कराने शहर के श्याम बिहारी वर्मा शासकीय उत्कृष्ट स्कूल में एक दिवसीय जिला स्तरीय बालरंग महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें जिले के सभी 10 ब्लॉकों के करीब तीन सैकड़ा स्कूली छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता देकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस संबंध में बालरंग कार्यक्रम प्रभारी हेमलता वर्मा ने बताया कि बच्चों के हर तरह की विधाओं को आगे बढ़ाने बालरंग महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसमें साहित्यिक, सांस्कृतिक, उर्दू, संस्कृति मदरसा सहित अन्य विधा में करीब तीन सौ बच्चों ने भाग लिया है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित बच्चे 4 अक्टूबर को जबलपुर में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

# भरवेली सरपंच ने बुलाई ग्रामसभा, रद्द करने की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुचे पंचगण

## ग्रामसभा से निर्माण कार्य संबंधी विषय हटाए जाने की लगाई गुहार, कहा जब तक पूर्व शिकायतों की जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक ना बुलाई जाए ग्रामसभा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत भरवेली में सरपंच, उप सरपंच और सत्ता पक्ष व विपक्षी पार्षदों के बीच पिछले कई महीनों से चल रहा विवाद, थमने का नाम ही नहीं ले रहा है।जहां आए दिनों सरपंच व उपसरपंच सहित पार्षदों के बीच सहमति नहीं बन पा रही है। जिसको लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष ,एक दूसरे का जमकर विरोध कर रहे है।पिछले कुछ महीनो से चल रही इन्हीं गतिविधियों के बीच भरवेली सरपंच श्रीमती गीता अनिल बिसेन ने शनिवार को पंचायत भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया है। उस ग्राम सभा में चर्चा के लिए विभिन्न विषय रखे हैं। जिसमे निर्माण सम्बधित विषयो का भी शामवेश है।जिसका विरोध अब भरवेली उपसरपंच सहित अन्य पंचो द्वारा शुरू कर दिया गया है।जहां ग्राम सभा के ठीक एक दिन पूर्व भरवेली उप सरपंच राजेश बाहेश्वर सहित अन्य पंचो ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम गोपाल सोनी से मुलाकात की वही उन्हें एक ज्ञापन भी सौपा है।जहां शुक्रवार को सौंपे गए इस ज्ञापन में उन्होंने शनिवार की दोपहर ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम सभा को तत्काल निरस्त किए जाने की मांग की है। जहां उन्होंने



इस ग्राम सभा को निरस्त कर ग्राम सभा के विषयों से समस्त निर्माण कार्य संबंधित विषयो को तत्काल हटाए जाने की मांग की है।

### जब तक जांच नही हो जाती तब तक ना बुलाई जाए ग्राम सभा

विपक्षी पार्षदों का आरोप है कि इसके पूर्व उनके द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों में की गई अनियमिताओं की जांच कराए जाने की मांग की गई थी,जिनकी जांच हो चुकी है लेकिन जांच रिपोर्ट अब तक नहीं आई है। ,सभी शिकायत जनपद पंचायत बालाघाट में लंबित है। उन्होंने बताया कि लगातार भरवेली सरपंच द्वारा निर्माण कार्यों में अनिमियता बरती जा रही है।सभी निर्माण कार्यों की शिकायत की गई है जब तक इसका निराकरण नहीं हो जाता, तब तक नए निर्माण कार्य संबंधीत विषय ग्रामसभा नहीं होनी चाहिए। तो वहीं उन्होंने इस ग्राम सभा को रद्द कर निर्माण संबंधीत विषय भी हटाए जाने की मांग की है।

### अविश्वास प्रस्ताव के पूर्व से दिख रहा आपसी विरोध

आपको बताए कि भरवेली पंचायत में सरपंच गीता अनिल बिसेन और पंचायत के अन्य 13 पंचो के बीच समन्वय नहीं बन पा रहा है।इसके पूर्व अविश्वास प्रस्ताव लाकर सरपंच को हटाने की भी कोशिशें की गई है।लेकिन ऐसा नही हो सका।जिससे पंचगण काफी नाराज है।जिनके द्वारा पूर्व शिकायतो की जांच का इंतेजार किया जा रहा है।भरवेली उपसरपंच राजेश बाहेश्वर सहित अन्य पंचो का आरोप है, कि सभी 13 पंच ग्राम सभा के विरोध में है।क्यो की पुलिस अधीक्षक आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो जबलपुर को भी विभिन्न मामले की शिकायत की गई है।उसकी जांच रिपोर्ट भी आनी है।उधर लगातार पंचायत के खाते से राशि का आहरण किया जा रहा है। जब तक इसकी रिपोर्ट नहीं आ जाती तब तक ग्राम सभा पर रोक लगाई जानी चाहिए।

# विभिन्न शिक्षक संगठनों ने ई-अटेंडेंस में आ रही दिक्कतों को लेकर सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिलेभर के अलग-अलग शिक्षक संगठनों ने ई-अटेंडेंस में आ रही दिक्कतों को लेकर एकजुटता दिखाई है । 19 सितंबर को सभी शिक्षक संगठन स्थानीय मोती गार्डन में जमा हुए। इसके बाद उन्होंने ई-अटेंडेंस को लेकर आ रही समस्याओं को लेकर अनुविभागीय अधिकारी गोपाल सोनी को ज्ञापन दिया और ई-अटेंडेंस की व्यवस्था को हटाए जाने की मांग की हैं । आपको बता दे की सरकार ने बीते महिनो से शिक्षको के लिए ई-अटेंडेंस को अनिवार्य कर दिया है, लेकिन जिले में शिक्षा विभाग के जिम्मेदारो की अनदेखी के कारण, ई-अटेंडेंस पर सख्ती नहीं हो रही थी लेकिन कलेक्टर मृणाल मीणा के स्कूलो में शिक्षकों की समयानुसार मौजूदगी को लेकर शिक्षा अधिकारी और परियोजना समन्वयक को शत प्रतिशत ई-अटेंडेंस पर फोकस करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद जिले में शिक्षक ई-अटेंडेंस तो लगा रहे है लेकिन यह सही भी है कि दूरस्थ अंचलो में आज भी मोबाईल नेटवर्क की समस्या है, ऐसे में शिक्षक चाहते है कि इसको लेकर राहत मिले। वहीं शिक्षकों का नया आरोप यह है कि ई-अटेंडेंस लगाए जाने से उनके खाते की राशि लेप्स हो रही है और उनका डाटा, चोरी हो रहा है। पुरूष, शिक्षकों ने महिला शिक्षकों की



प्रायवेसी को लेकर भी चिंता जाहिर की। शिक्षक संगठन से जुड़े ब्लॉक प्रतिनिधि प्रमोद नागवंशी ने बताया कि आज मध्य प्रदेश शासन द्वारा , जो ई-अटेंडेंस की व्यवस्था लागू की गई है, उसे शिक्षक साथी बहुत अधिक परेशान है, बहुत से वनांचल क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या आ रही है, तो इस ऑनलाइन प्रक्रिया से उनके शिक्षक साथियों का डाटा भी लीक हो रहा है, इसी कारण आज सभी शिक्षक साथी इस व्यवस्था को हटाए जाने की मांग कर रहा है साथ ही अन्य शिक्षक संघ से जुड़े अनिल टेकाम ने शिक्षको की ओर से दिए गए ज्ञापन के माध्यम से ई-अटेंडेंस को अव्यवहारिक, टेक्निकली रूप से संभव नहीं होने की बात कहते हुए सरकार से इस आदेश को वापस लिए जाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान विभिन्न संगठनों के शिक्षक व पदाधिकारीयों के साथ-साथ एनएमओपीएस संगठन के प्रांतीय संगठन मंत्री गिरधारी ठाकरे, जिला अध्यक्ष बी.के पटेल , जिला उपाध्यक्ष गौरीशंकर पटले , किरणापुर ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद नागवंशी, उपाध्यक्ष विनोद खरे बालाघाट ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण कुमार बनावाकर सहित अन्य साथी उपस्थित रहे ।

# एक महिला ने अपने पति और सास के विरुद्ध मारपीट कर घर से निकलने का लगाया आरोप

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । खैरलांजी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम किन्ही निवासी एक महिला ने अपने पति और सास के विरुद्ध मारपीट कर घर से निकालने और घर वापस आने पर जान से मार डालने की धमकी देने का आरोप लगाई। 27 वर्षीय महिला अनीता पति कृष्णा दयाल कटरे द्वारा की गई रिपोर्ट पर खैरलांजी पुलिस ने उसके पति कृष्णा दयाल कटरे और सास लीलाबाई कटरे के विरूद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की आरोप में अपराध दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनीता कटरे मजदूरी करती है ।जिसकी शादी 5 साल पहले कृष्णा दयाल कटरे ग्राम किन्ही निवासी के साथ हुई है। शादी के बाद से ही अनीता को उसका पति कृष्णा दयाल और सांस लीलाबाई किसी न किसी बात को लेकर आए दिन मारपीट करने लगे थे। अनीता की शादी में मिले सोने चांदी के गहने और दहेज का सामान उसके पति कृष्णा दयाल ने बेच दिया है। पिछले 1 साल से अनीता अपने पति कृष्णा दयाल के साथ ग्राम किन्ही में ही किराए के मकान में रह रहे हैं। जिसका 12000 हजार रुपये किराया बकाया है। 17 सितंबर की शाम 5:00 बजे अनीता ने अपने पति कृष्णा दयाल को बोली कि मकान का किराया चुका दो। मकान मालिक आए दिन पैसे मांगते रहता है। तभी कृष्णदयाल ने उसे बोला कि मेरे पास पैसे नहीं है और उसने अनीता को मायके से लाकर किराया चुकाने कहा। अनीता ने अपने मायके से पैसे लाने मना कर दीऔर पति कृष्ण दयाल को बोली कि तुम काम करो और किराया चूकाओ। इसी बात को लेकर विवाद होने पर अनीता को उसके पति कृष्णा दयाल और सास लीलाबाई दोनों ने अश्लील गालियां देने लगे। अनीता ने उन्हें गाली देने से मना की। तभी सास लीला बाई और पति कृष्णा दयाल ने अनिता को हाथ बुक्के से मारपीट कर घर से निकाल दिए और घर वापस आने पर जान से खत्म करने की धमकी दे दिए। मारपीट करने से अनीता के हाथ पैर कमर में चोंटे आई थी। जिसके बाद अनिता रिपोर्ट करने के लिए खैरलांजी पुलिस थाना पहुंची। खैरलांजी पुलिस ने मारपीट में घायल अनीता का इलाज और मुलाहिजा खैरलांजी के अस्पताल में करवाया और उसके द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसके पति कृष्णा दयाल कटरे और सास लीलाबाई कटरे के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में धारा 296 115(2) 351(3) 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

# देर रात विशालकाय अजगर निकलने से मचा हड़कंप

## स्थानीय ग्रामीण भुवनानंद उपवंशी ने रेस्क्यू कर, जंगल मे छोड़ा, जनपद पंचायत वारासिवनी के ग्राम दीनी का मामला

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत वारासिवनी के अंतर्गत आने वाले ग्राम दीनी में बीती रात उस वक्त हड़कंप मच गया। जब ग्राम दीनी निवासी एक व्यक्ति के घर से लगी बाड़ी में अचानक विशालकाल अजगर देखने को मिला।जहां अजगर होने की जानकारी मिलते ही लोग सकते में आ गए और चारों ओर चीज पुकार मच गई। गनीमत यह रही की गांव के ही एक स्थानीय व्यक्ति भुवनानंद उपवंशी ने मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर विशालकाल अजगर का रेस्क्यू कर उसे बोरी में बंद किया और सुरक्षित जंगल में छुड़वाया है।जिसके बाद स्थानीय लोगो ने राहत की सांस ली।



### अशोक पंचेश्वर के घर की बाड़ी मे था अजगर

प्राप्त जानकारी के अनुसार वारासिवनी के ग्राम दीनी में बीती 18 सितम्बर की रात्रि तकरीबन 8 बजे ग्राम दिनी वार्ड नंबर 16 निवासी अशोक पंचेश्वर के घर की बाड़ी में विशालकाय अजगर दिखाई दिया।जिसके दिखाई देते ही वहां खलबली मच गई।स्थानियजनो के अनुसार लगभग 12 फिट का अजगर देखते ही मोहल्ले में चीख पुकार मच गई थी।जहां लोग एक दूसरे को मदद के लिए पुकार रहे थे। तभी मोहल्ले में ही भुवनानंद उर्फ बाबा उपवंशी को किसी ने मामले से अवगत कराया।जिसकी जानकारी मिलते ही बाबा उपवंशी तत्काल मौके पर पहुँचे और कड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने सांप का रेस्क्यू किया।

### रेस्क्यू के दौरान पकड़ बनाते नजर आया अजगर

बताया गया कि जब बाबा उपवंशी अजगर को पकड़ने का प्रयास कर रहे थे।तब अजगर ने इधर उधर भागने की काफी कोशिश की लेकिन वह अपनी कोशिश में नाकामयाब हो गया।जब बाबा उपवंशी ने अजगर को पकड़ लिया तो इस दौरान कई बार अजगर बाबा उपवंशी को अपनी जकड़ में भी लेते रहा बावजूद इसके, अजगर का रेसक्यू कर उसे बोरी में भरकर जंगल लें जाया गया जँहा अजगर को जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया है।

### पहले भी कई साँपो का कर चुके है रेस्क्यू

बताया गया कि यह कोई पहली बार नही है कि जब बाबा उपवंशी ने किसी साँप का सुरक्षित रेस्क्यू किया हो बल्कि श्री उपवंशी के द्वारा पहले भी सैकड़ो जहरीले सांप और वन्य जीवो का रेसक्यू किया गया हैं।जिन्होंने इलाके के कई गांव में रेसक्यू करके लोगो को दहशत मुक्त किया हैं।

# प्रशासन की अनदेखी से बल्हारपुर के बाबुल तालाब की पार में बना होल

## पंचायत ने ग्राम के डुब क्षेत्र में मुनादी करवाकर ग्रामीणों को किया सावधान

### तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं जल संसाधन विभाग ने किया निरीक्षण, होल (बुलके) को बंद करवाकर पार का मरम्मत कार्य करवाने की मांग





**लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 7 किमी. दूर ग्राम पंचायत बल्हारपुर स्थित बाबुल तालाब की पार कमजोर हो चुकी है। साथ ही पार एवं तालाब के कुछ हिस्से में अतिक्रमण भी हो चुका है। जिसके कारण तालाब का क्षेत्रफल कम होते जा रहा है एवं पहाड़ी क्षेत्र में बारिश होने पर तालाब लबालब भर चुका है। वहीं पूर्व में जिस स्थान से तालाब का ओवर फ्लोर का पानी निकलता है उसके आजू-बाजू से तालाब की पार में दरारे आ चुकी थी एवं पार कमजोर हो चुकी है। लेकिन अब तक जल संसाधन विभाग के द्वारा उसका पक्का मरम्मत कार्य नही करवाया गया है। इस तरह से प्रशासन की अनदेखी के चलते जिस स्थान से तालाब का पानी खेतों में सिंचाई के लिए निकलता है उस स्थान के समीप से पार में बुलका (होल) लग चुका है एवं पार में बड़ी दरारे आ चुकी है। अगर तालाब का पार फुटता है तो तालाब का अत्यधिक पानी बल्हारपुर के समीप से गुजरे नाले के माध्यम से बहेगा। लेकिन नाला की चौड़ाई कम होने के कारण पानी निवासरत लोगों के घरों के अंदर घुस सकता है जिससे बड़ी जनहानि होने की संभावना बनी हुई है। बाबुल तालाब में (होल) बुलका लगने एवं तालाब की पार फुटने की आशंका बनी हुई है। जिसकों देखते हुए ग्राम सरपंच सेवन काटेकर के द्वारा ग्राम में मुनादी करवाकर निचले स्तर में निवासरत लोगों को जागरूक रहने की अपील की है। साथ ही तहसीलदार एवं जल संसाधन विभाग को भी जानकारी दे दी गई है। बल्हारपुर के बाबुल तालाब की पार में बुलका (होल) लगने एवं पार में दरारे आने की जानकारी लगने पर शाम 7 बजे तहसीलदार, थाना प्रभारी, जल संसाधन विभाग अपने अमले के साथ घटना स्थल पहुंचकर जिस स्थान पर बुलका लगा है उसका निरीक्षण कर बुलका (होल) को बंद करने आवश्यक दिशा-निर्देश देने के साथ ही ग्रामीणजनों को सावधान रहने की अपील की है।**

#### बार-बार अवगत करवाने के बाद भी जल संसाधन विभाग नही दे रहा ध्यान

आपकों बता दे कि ग्राम पंचायत बल्हारपुर में स्थित बाबुल तालाब बहुत पुराना है और इस तालाब में पहाड़ी क्षेत्र का भी पानी आता है। गत दिवस हुई बारिश के चलते तालाब लबालब भर चुका है और रपटे के समीप से पार क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। जिसका वैकल्पिक व्यवस्था के तहत गत दिवस मरम्मत कार्य करवाया गया था एवं पक्का मरम्मत कार्य करवाने की मांग की गई थी। लेकिन जल संसाधन विभाग के द्वारा इस ओर कोई ध्यान नही दिया गया। वहीं तालाब की पार एवं तालाब के कुछ हिस्सों में लोगों के द्वारा अतिक्रमण भी कर लिया गया है जिसके कारण भी पार कमजोर हो चुकी है। लंबे समय से ग्रामीणजन जल संसाधन विभाग से तालाब की पार से अतिक्रमण हटाने एवं पार का मरम्मत कार्य करवाने की मांग कर रहे है लेकिन जिम्मेदार कोई ध्यान नही दे रहे है। जिसके कारण तालाब की पार में बड़ी दरारे आने के साथ ही कुछ स्थानों पर बुलका (होल) लग गया है। जिससे तालाब के फुटने की आशंका बनी हुई है। यदि ऐसा होता है तो पानी सीधे गांव में घुसकर बड़ी जनहानि एवं नुकसान का कारण बन सकता है। वहीं ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग से तालाब की पार व तालाब के कुछ हिस्से में किये गये अवैध अतिक्रमण को हटाने, पक्का मरम्मत व रिटर्निंगवाल का निर्माण करवाने की मांग की है।

#### तालाब की पार एवं अन्य हिस्सों पर की गई अतिक्रमण को हटाये प्रशासन - रविश

रविश लिल्हारे ने बताया कि तालाब के कुछ हिस्से एवं पार पर कुछ लोगों के द्वारा अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसके कारण दिनों दिन तालाब का क्षेत्रफल काम होते जा रहा है एवं पार पर दबाव अधिक होने के कारण बारिश होने पर पार क्षतिग्रस्त हो जाती है। इसलिए प्रशासन से मांग है कि तालाब की पार एवं अन्य हिस्सों में किये गये अतिक्रमण को जल्द हटाकर पक्का मरम्मत कार्य करवाये।

#### कमजोर हो चुकी है तालाब की पार - सेवन

सरपंच सेवन काटेकर ने बताया कि बाबुल तालाब की पर कमजोर हो चुकी है और हर वर्ष बारिश होने पर पार क्षतिग्रस्त हो जाती है जिसका पक्का मरम्मत कार्य अब तक नही करवाया गया है। जिसके कारण शुक्रवार की शाम में पार में होल (बुलका) बन चुका है जिसे पानी बह रहा है, अगर तालाब फुटता है तो पानी बल्हारपुर के ग्रामीणजनों के घरों में घुस जायेगा जिसकी बहुत बड़ी जनहानि हो सकती है। श्री काटेकर ने बताया कि पार में होल लगने की जानकारी विभागीय अधिकारियों को दे दिया गया है एवं ग्राम में मुनादी भी करवा दी गई है, प्रशासन से मांग है कि जिस स्थान से तालाब की पार कमजोर हो चुकी है उसका पक्का मरम्मत कार्य करवाये एवं अतिक्रमण हटाये।

## मोहगांव (ध.) में प्रतिभा सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 12 किमी. दूर ग्राम पंचायत मोहगांव ध. स्थित हनुमान चौक में यूथ फ्रेंडस क्लब के तत्वाधान में आगामी 20 सितंबर को शाम 7 बजे से प्रतिभा सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। चर्चा में कार्यक्रम संयोजक राधे नगपुरे ने बताया कि प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राएं, नवचयनित शासकीय कर्मचारी-अधिकारी, प्रदेश संभाग स्तरीय खेल प्रतिभागी, सांस्कृतिक, सामाजिक, शिक्षा, कृषि एवं पारम्परिक सारोकारों वरिष्ठजन का सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन यूथ फ्रेंड्स क्लब के द्वारा किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के मुख्य आतिथ्य, वारासिवनी विधायक विवेक पटेल, बालाघाट डीएसपी संतोष पटले के प्रमुख आतिथ्य, दुर्गाप्रसाद नगपुरे टीआई. कोतवाली जिला डिंडोरी की अध्यक्षता एवं श्रीमती हिरकन नगपुरे सरपंच, रूपलाल नगपुरे उपसरपंच मोहगांव (ध), धनेन्द्र नगपुरे जनपद सदस्य, बुग्लेश्वर नगपुरे, विनोद नगपुरे पूर्व सरपंच, भवनलाल नगपुरे, सुनील जायसवाल के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ होगा। इस अवसर पर क्षेत्रीयजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील आयोजन समिति अध्यक्ष श्रवण लिल्हारे, उपाध्यक्ष लक्की नगपुरे, जीतू दौनेकर, महेश कडूकार, सचिव रोशन माहुले, रामप्रसाद बोरकर, सहसचिव ज्ञानीराम नेरकर, जागेस बनोटे, कोषाध्यक्ष टुपेश नगपुरे, आयोजन प्रभारी चन्द्रप्रकाश कडूकार, भावेंद्र बावने, पतिराम बागड़े, धनेन्द्र बागड़े, मानक चौहान, सांस्कृतिक प्रभारी मनोज बनोटे, बलराम नगपुरे, मंच संचालक डॉ. सोमलाल बघेल, प्रतिभा चयन प्रभारी रजनीश नगपुरे, रवि मेहरकर, योगेश सहारे सहित अन्य सदस्यों ने की है।

## फोगलटोला पाथरी में कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम 21 को

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पाथरी के ग्राम फोगलटोला में आत्मा परियोजना के अंतर्गत 21 सितंबर को कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। तत्संबंध में जानकारी देते हुए नितेश पारधी ने बताया कि यह कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के मुख्य आतिथ्य में प्रारंभ होगा। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के 5 वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक किसानों से परिचर्चा कर उचित मार्गदर्शन देगें। इस अवसर पर समस्त कृषक, समूह की महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील नितेश पारधी ने की है।

## उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 20 सितंबर को नवसाक्षरों की परीक्षा का आयोजन किया गया है। इसी कड़ी में लालबर्रा जनपद शिक्षा केन्द्र के द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा के लिए 161 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है जहां 20 सितंबर को प्रात: 10.30 बजे से उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा संपन्न होगी। चर्चा में बीआरसी श्रीराम तुरकर ने बताया कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत निरक्षरों को साक्षर बनाने के लिए 20 सितंबर को परीक्षा का आयोजन किया गया है। जिसमें 161 परीक्षा केन्द्र में 2272 निरक्षर, साक्षर बनने के लिए परीक्षा में शामिल होगें, जिसकी तैयारी पुरी कर ली गई है।

## बीएलओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

### प्रशिक्षण में वर्ष 2003 एवं 2025 की मतदाता सूची का अवलोकन कर मतदाताओं का वेरिफिकेशन कैसे करना है उसके बारे में दी गई जानकारियां

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गत दिवस से जारी तीन दिवसीय बीएलओं के प्रशिक्षण का 19 सितंबर को समापन किया गया। आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण में सांदीपनी स्कूल लालबर्रा के प्रभारी प्राचार्य, मास्टर ट्रेनर सनत दुबे, नेवरगांव ला. स्कूल प्रभारी प्राचार्य मास्टर ट्रेनर राजेन्द्र कटरे एवं अन्य मास्टर ट्रेनरों के द्वारा 1 से लेकर 165 बूथ के बीएलओं को वर्ष 2003 एवं 2025 की मतदाता सूची का अवलोकन कर मतदाताओं के नाम मैच हो रहा है या नही उसकी जांच करने, वर्ष 1987 के पहले जन्म लेने वाले, 1987 से 2004 के बीच में जन्म लेने वाले एवं वर्ष 2004 के बाद जन्म लेने वाले मतदाता सदस्य जिनके माता-पिता का नाम है या नही उसका अवलोकन कर तीन प्रकार से अनुलग्नक प्रपत्र को भरकर जानकारी कैसे तैयार करना है उसके बारे में प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही इस कार्य को कैसे करना है उसका बीएलओं ने प्रशिक्षण केन्द्र में वर्कशाप भी किया है। इस तरह से अब वर्ष 2003 एवं 2025 की मतदाता सूची का मिलान कर मतदाताओं की जांच की जा रही है ताकि सही मतदाताओं का वेरिफिकेशन हो सके। जिसके लिए तीन प्रपत्र में बीएलओं को जानकारी भरकर निर्वाचन आयोग को देना है। जिसमें अनुलग्नक 1 में 2003 एवं 2025 की मतदाता सूची का अवलोकन करने के बाद मतदाताओं का मिलान करेगें और दोनों सूची में नाम सामान होने पर उनका नाम अनुलग्नक प्रपत्र 1 में आयेगा। वर्ष 2003 एवं 2025 की मतदाता सूची में जो मतदाता मैच करेगें उनके परिवार के सदस्य अनुलग्नक प्रपत्र 2 में आयेगें, अनुलग्नक 3 में जो मतदाता वर्ष 1987 के पहले जन्म लिया है, 1987 से 2004 के पहले जन्म लिया है उसके लिए अलग कालम है, 2004 के बाद जन्म लिया है उनके माता-पिता का नाम वर्ष 2003 के मतदाता सूची में नाम है या नही है उसका अवलोकन कर तीनों अनुलग्नक प्रपत्र को तैयार बीएलओं के द्वारा किये जायेगें। जिसके माध्यम से वर्ष 2003 एवं 2025 के मतदाता सूची का अवलोकन कर अगर कोई गलत तरीके से मतदाता सूची में नाम जुड़वा लिये है उसे सत्यापित कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। जिससे जो फर्जी तरीके से मतदाताओं की संख्या बढ़ रही है उस पर रोक भी लगेगी। सांदीपनी स्कूल लालबर्रा प्रभारी प्राचार्य, मास्टर ट्रेनर सनत दुबे ने बताया कि 1 से 165 बूथ के बीएलओं को प्रशिक्षण दिया गया है, जिसमें 2003 एवं 2025 की मतदाता सूची का अवलोकन कर मतदाताओं की मैच कर अनुलग्नक प्रपत्रों में जानकारी कैसे तैयार करना है उसके बारे में प्रशिक्षण दिया गया है। ताकि वर्ष 2003 एवं 2025 की मतदाता सूची का वेरिफिकेशन हो सके।



## महाविद्यालय में संभाग स्तरीय पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में उ%च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर के अनुसार राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जिले छिंदवाडा, सिवनी, पांढुर्ना एवं बालाघाट के मध्य गुरूवार को संभाग स्तरीय पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम बालाघाट-सिवनी सांसद श्रीमती भारती पारधी के मुख्य आतिथ्य, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्रकुमार खण्डायत की अध्यक्षता एवं क्रीडा अधिकारी डॉ. ऋषिकेश पटेल, सरोवर टेम्भरे, प्रकाश रहॉगडाले, दामेन्द्र धानेश्वर, जनभागीदारी समिति सदस्यों के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। आयोजित संभाग स्तरीय पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता में छिंदवाडा, सिवनी, पांढुर्ना एवं बालाघाट जिला के जिला स्तर प्रतियोगिता उपरान्त चयनित खिलाडियों ने भाग लिया और प्रथम सेमी फाइनल सिवनी एवं पांढुर्ना के मध्य खेला गया। जिसमें सिवनी ने 12 अंको के मुकाबले 74 अंक अर्जित करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। द्वितीय सेमी फाइनल बालाघाट एवं छिंदवाडा के मध्य खेला गया जिसमें बालाघाट ने छिंदवाडा जिले को 54-13 अंको से पराजित किया। जिसके बाद सिवनी एवं बालाघाट जिले के मध्य फाइनल कबड्डी खेला गया और सिवनी जिले के खिलाड़ियों ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया है। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सिवनी जिले से जयंत, अभिषेक, पवन, रामेश्वर, अंश खान, बालाघाट जिले से अंकित, पंकज, मिलेन्द्र, सिध्दार्थ, छिंदवाडा जिले से सोनू, सुशील, पांढुर्ना जिले से देवेन्द्र का चयन किया गया। जो राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता तथा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता देंगे। वहीं चयनित खिलाड़ियों को एसबीआई लालबर्रा के द्वारा चयनित खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती भारती पारधी ने कहा कि प्रतिभागी खिलाड़ियों को खेल प्रतिभा को निखारने, आत्मविश्वास को बढ़ाने और टीम भावना को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर बालाघाट जिले के मिलेन्द्र को सर्वोत्तम कैचर, सिवनी जिले के जयंत को सर्वोत्तम रैडर का पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में छिंदवाडा विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के नोडल अधिकारी डॉ. सुशील पटवा, वरिष्ठ क्रीडा अधिकारी डॉ. जी एस आर नायडू, डॉ. अजयसिंह ठाकुर, डॉ. मुकेश सोनी, सुमन बरवा, डॉ. संगीता मेश्राम, डॉ. प्रदीपकुमार भिमटे, डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम, नरेश सौलखे, श्रीमती संध्या परते, मनीष शिवहरे, डॉ. आशीष बागड़े, डॉ. कामाक्षा बिसेन, डॉ. आशा कारे, श्रीमती आरती विश्वकर्मा, पितम मुरते, यादोराव राजुरकर, श्रीमती सरिता ऐड़े, रामदयाल मथारे, लकेश गेडाम, श्रीमती वंदना कुर्वे, मिनेश पंचेश्वर, कु. सोनम हरिनखेडे, निशांत तलवरे एवं विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

## जनपद सदस्य एवं युवाओं ने थाना प्रभारी एवं स्कूल प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

### विद्यार्थियों के बीच में आपसी मतभेद से विवाद होने की घटनाएं आ रही सामने

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित सांदीपनी विद्यालय लालबर्रा में 1700 से अधिक विद्यार्थी शिक्षा अध्ययन करते है लेकिन विद्यालय लगने एवं छुटने के बाद विद्यार्थियों के बीच में आपसी मतभेद होने से विद्यालय परिसर में विवाद की स्थिति विद्यार्थियों के बीच में हो रही है। बुधवार को एक विद्यार्थी के द्वारा अपने अन्य बाहरी दोस्तों को बुलाकर दुसरे विद्यार्थी के साथ गंदी-गलौच कर मारने-पीटने की भी धमकी दी गई थी। जिसकी जानकारी लगने पर स्कूल के प्राचार्य व शिक्षकों ने घटना स्थल पहुंचकर दोनों विद्यार्थियों को समझाईश दिये थे कि इस तरह का विवाद न करें। उसके बाद शुक्रवार को पुन: विद्यालय लगने के पहले अन्य विद्यार्थियों के बीच विवाद होने की जानकारी सामने आ रही है। ऐसी स्थिति में विद्यार्थी आपस में आपसी मतभेद के चलते बड़ी घटना को अंजाम दे सकते है। जिसकी जानकारी लगने पर पांढरवानी जनपद सदस्य दीपक कावरे के नेतृत्व में नगर के जागरूक युवाओं ने शुक्रवार को थाना पहुंचकर थाना प्रभारी एवं सांदीपनी स्कूल लालबर्रा में प्रभारी प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर स्कूल लगने एवं छुटने पर हाई स्कूल मार्ग में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाने, छात्र-छात्राओं के बीच में पढ़ाई करते समय किसी बात को लेकर नोक-झोक हो जाती है तो अपने परिचितों को बुलाकर उसके साथ मारपीट न करने की समझाईश देने की मांग की है। आपकों बता दे कि लालबर्रा मुख्यालय में सांदीपनी स्कूल स्थित है और भवन निर्माण प्रस्तावित है। वहीं वर्ष 2025 में विद्यालय में 1700 से अधिक विद्यार्थी शिक्षा अध्ययपन कार्य कर रहे है और प्रात: 10.30 बजे से स्कूल प्रारंभ होती है। लेकिन कुछ विद्यार्थी जल्दी आ जाते है और हाई स्कूल मार्ग, खेल मैदान, माँ सरस्वती परिसर में खेलते रहते है। साथ ही कुछ बाहरी लोग भी उनके बीच में शामिल रहते है। वहीं स्कूल में किसी विद्यार्थी का दुसरे विद्यार्थी से किसी बात को लेकर आपस में आपसी मतभेद आने पर वे स्कूल लगने के पूर्व एवं छुटने के बाद हाई स्कूल मार्ग, खेल मैदान में बाहरी लड़कों को बुलावाकर छोटे-छोटे झगडों को बढावा देने का कार्य कर रहे है। जिससे स्कूली छात्र-छात्राओं में डर एवं मानसिक तनाव बढ़ते जा रहा है और भविष्य में किसी प्रकार की बड़ी घटना घटित हो सकती है। इसलिए नगर मुख्यालय के जागरूक जनपद सदस्य दीपक कावरे एवं युवाओं ने थाना प्रभारी एवं स्कूल प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर स्कूल लगने एवं छुटने के समय सुरक्षा व्यवस्था करने एवं विद्यार्थियों की पढ़ाई सहित अन्य गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने की मांग की है ताकि विद्यार्थी अच्छी पढ़ाई कर अपना भविष्य बेहतर बना सके।





#### स्कूल लगने एवं छुटने के समय पुलिस की लगाई जाये ड्यूटी - दीपक

जनपद सदस्य दीपक कावरे ने बताया कि सांदीपनी स्कूल के विद्यार्थी स्कूल लगने के पहले एवं छुटने के बाद हाई स्कूल मार्ग पर आपसी मतभेद के चलते विद्यार्थियों से लड़ाई कर बाहर के युवाओं को बुलाकर मारपीट करते है इसलिए आज थाना प्रभारी एवं स्कूल प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर स्कूल लगने एवं छुटने के समय सुरक्षा की व्यवस्था के तहत पुलिस की डयूटी लगाने की मांग की है। श्री कावरे ने बताया कि आपसी मतभेद के चलते अगर विद्यार्थी किसी अन्य विद्यार्थी की मारपीट करते है तो बड़ी दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी हुई इसलिए स्कूल प्रशासन भी इस ओर ध्यान दे।

#### इनका कहना है-

सांदीपनी स्कूल के विद्यार्थी स्कूल लगने के पहले एवं छुटने के बाद हाई स्कूल मार्ग पर आपसी मतभेद के चलते विवाद करते है। जिसकी जानकारी लगी है और युवाओं ने ज्ञापन सौंपकर स्कूल लगने एवं छुटने के समय पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है। पुलिस प्रशासन के द्वारा स्कूल लगने एवं छुटने के समय गस्त कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

**महेन्द्रसिंह बघेल**
**उपनिरीक्षक**
**थाना - लालबर्रा।**

# वारा के शिवधाम में दो सुने मकान के टूटे ताले

## जेवरात सहित नगदी ले भागे चोर पुलिस जुटी जांच में







**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत वारा के वार्ड नंबर १९ शिवधाम मोहल्ला निवासी केशव राव मरकाम और हरी नारायण रहाँगडाले के मकान में अज्ञात चोरों के द्वारा गत दिनों चोरी की वारदात की गई। इसमें चोरों के द्वारा मकान के सभी ताले तोड़कर यह घटना को अंजाम दिया गया है ,जिसमें उनके द्वारा मकान में रखें सोने ,चांदी के जेवरात एवं नगद रुपये चोरी कर लिए गए हैं। घटना की जानकारी लगते ही परिजनों के द्वारा १८ सितंबर को पुलिस थाने में शिकायत की गई । जिसमें थाना प्रभारी हेमंत नायक ने पुलिस बल के साथ दोनों घटना स्थल का निरीक्षण कर कार्यवाही प्रारंभ कर दी है।**

### नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चोरो का मचा आतंक

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत वारा वार्ड नंबर १९ शिवधाम मोहल्ला निवासी केशवराव मरकाम भंडारा में अपनी बेटी के पास पूरे परिवार के साथ रहने के लिए चले गए हैं। उनके घर में ताला लगा हुआ था जो सुना मकान था वैसे ही सामने स्थित मकान के मालिक हरि नारायण रहाँगडाले भी १० सितंबर को परिवार के साथ हरिद्वार शांतिकुंज में प्रशिक्षण के लिए गए हुए थे उनका भी घर सुना पड़ा हुआ था। जिसमें केशवराव मरकाम के मकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं ,जिसमें १६ सितंबर तक ही रिकॉर्डिंग हो पाई है । इसी के आधार पर १६ सितंबर को या उसके बाद चोरी की वारदात होने की संभावना व्यक्ति की जा रही है। जिसमें अज्ञात चोरों के द्वारा सीसीटीवी कैमरे के मुख्य बॉक्स में लगी डाटा संग्रहण इकाई को उखाड़ कर ले जा लिया गया है। इन दोनों मकानों में चोरों के द्वारा घर के सामने प्रवेश द्वार का ताला तोड़कर प्रवेश किया गया । जिसके बाद घर के अंदर संपूर्ण तलाशी लेकर कीमती जेवरात और नगद राशि की चोरी की गई है। क्योंकि मकान के हर कमरे में अलमारी सहित विभिन्न स्थानों पर रखा सामान बिखरा पड़ा हुआ है। ऐसे में १८ सितंबर को नगर में भव्य महाराजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह बलिदान दिवस आदिवासी समाज के द्वारा मनाया गया। जिसमें शामिल होने के लिए भंडारा गए केशव राव मरकाम का बेटा विनायक मरकाम सुबह ११ अपने घर आया तो देखा कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ था ।अंदर में पूरा सामान बिखरा हुआ है और ऊपर जाकर देखा तो वहां भी सभी ताले टूटे हुए थे। इसके बाद घटना की जानकारी उसके द्वारा १०० डायल को दी गई जहां पुलिस के द्वारा उन्हें थाने जाने कहां गया। इस दौरान विनायक मरकाम ने देखा कि उनके सामने मकान का भी ताला टूटा हुआ है तो उसके मालिक को भी फोन पर जानकारी दी गई ।उनके जवाई के द्वारा मौके पर आकर देखा गया तो घर का ताला टूटा था और सामान बिखरा हुआ था। जिसके बाद दोनों परिवारों के द्वारा वारासिवनी थाने में घटना की शिकायत दी गई। वहीं घर में रखे सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी राशि चोरी होने की भी बात कही गई।

### दोनों मकानों की पुलिस ने बारीकी से की जांच

केशवराव मरकाम और हरी नारायण रहाँगडाले के मकान में चोरी की घटना होने की शिकायत पर थाना प्रभारी हेमंत नायक के द्वारा पुलिस बल के साथ दोनों मकान का निरीक्षण किया गया। वहीं मौके पर आवश्यक पंचनामा कार्यवाही कर वींडियो ग्राफी कर आस पड़ोस में पतासाजी कर बारीकी से निरीक्षण किया गया। बालाघाट से फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट एवं डॉग स्कॉर्ट को भी बुलाकर जांच की गई । जिसमें फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट सुनीता रहाँगडाले के द्वारा पूरे मकान की बारीकी से जांच कर विभिन्न वस्तुओं पर फिंगरप्रिंट की तलाश की गई। तो वहीं सदाराम ठाकुर के द्वारा डॉग के माध्यम से दोनों मकानों के चोरी के समान स्थल की गंध के माध्यम से पता करने का प्रयास किया गया।

### अज्ञात चोर की धमक से लोग दहशत में

वारासिवनी खैरलांजी क्षेत्र में चोरी की वारदात लगातार बढ़ती ही जा रही है पुलिस प्रशासन अज्ञात चोरों पर अंकुश लगाने में समर्थ प्रतीत हो रहा है। इन चोरों की उपस्थिति से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है आम व्यक्ति स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। भय में वह जीवन जी रहा है क्योंकि जीवन भर की पूंजी यह अज्ञात चोर एक झटके में चोरी कर लेते हैं। किंतु पुलिस प्रशासन ऐसे मकानों में होने वाली चोरी में सम्मिलित अज्ञात चोरों को पकड़ने में पीछे नजर आ रही है। यह एक नहीं दो नहीं दर्जनों अपराध चोरी के दर्ज है जिसमें आज तक चोरों का पता नहीं चल पाया है। अब तो १५ दिन या १ महीने के अंदर चोरी की वारदात होना आम बात समझ आ रही है। हाल ही में खैरलांजी क्षेत्र में एक दर्जन किसानो की मोटर केबल चोरी का मामला सामने आया था। उसके पहले भी वारासिवनी ,रामपायली और खैरलांजी क्षेत्र में भी मोटर चोरी मकान में चोरी की वारदातें सामने आ चुकी है। वर्तमान में लोग अपना मकान छोड़ने के लिए कतरा रहे हैं । ऐसे मैं जागरूक नागरिकों के द्वारा चोरी की वारदातों पर शत प्रतिशत अंकुश लगाने की मांग पुलिस प्रशासन से की जा रही है।

### मैं अपने परिवार के साथ भंडारा गया हुआ था तभी हुई है चोरी- विनायक मरकाम

विनायक मरकाम ने बताया कि मैं अपने परिवार के साथ भंडारा में अपनी बहन के घर गया हुआ था। वहां से आदिवासी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सुबह ११ बजे आया। अपने घर पहुंचा तो देखा कि गेट का ताला लगा हुआ है उसे खोलकर अंदर गया तो नीचे के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था दरवाजा हल्का खुला था। डर लगने पर बाहर के किसी व्यक्ति को बुलाकर अंदर गया तो अलमारी खुली हुई थी सामान बिखरा पड़ा था। फिर वहां से निकल कर ऊपर गया तो वहां भी सभी ताले टूटे हुए थे अलमारी दरवाजों के घटना की जानकारी १०० डायल को देकर थाने में शिकायत की है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है । इस चोरी में हमारे घर के रुपये और सोने के जेवरात चोरी हुए हैं।

### चोरो ने सुने मकान का फायदा उठाकर की है चोरी- हरिनारायण रहाँगडाले

हरिनारायण रहाँगडाले ने बताया कि मुझे घर के सामने मकान वाले विनायक मरकाम ने फोन करके बताया कि आपके घर का ताला टूटा हुआ है। यह पता चलते ही मैं वापस आ रहा था रास्ते में ही मैंने अपने जवाई को फोन करके घटना बताई तो उन्होंने आकर देखा घर में सामान बिखरा हुआ था ताले टूटे हुए थे। फिर मेरे द्वारा घर पहुंच कर पुलिस को शिकायत की गई है । चोरी में सोने के झुमके चांदी की पायल सहित अन्य जेवर और नगदी रुपये चोरी हुए हैं। मैं हरिद्वार शांतिकुंज में प्रशिक्षण के लिए १० सितंबर को गया हुआ था तो कल आया हूं। सामने वाले मकान में जहां चोरी हुई है वहां सीसीटीवी कैमरे थे जिसमें १६ सितंबर तक की रिकॉर्डिंग बताई जा रही है कि कैमरा चालू था तो निश्चित है कि १६ सितंबर के बाद ही यह वारदात हुई है।

# फिलिपकार्ट रिटर्न के नाम पर ११५००० की हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी

## थाने में पीड़ित खिलेश गोन्नाड़े ने की शिकायत

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड नंबर ४ निवासी खिलेश पिता बालचंद गोन्नाड़े से फिलिपकार्ट रिटर्न के नाम पर शातिर लोगो ने ऑनलाइन धोखाधड़ी कर ली। इसमें उसके एचडीएफसी बैंक के खाते से ११५००० तीन किस्तों में उड़ा लिए गये। जिसकी उसके द्वारा बैंक और थाने में शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड नंबर ४ निवासी खिलेश गोन्नाड़े के द्वारा ऑनलाइन शॉपिंग की जाती थी । जिसमें उनके द्वारा फिलिपकार्ट ऑनलाइन शॉपिंग पोर्टल से किसी वस्तु का क्रय किया गया था। जिसमें कुछ कमी आने पर उनके द्वारा उक्त सामग्री को रिटर्न के लिए डाला गया था। ऐसे में फिलिपकार्ट रिटर्न के नाम से किसी नंबर से उन्हें फोन आया जिसे उठाकर चर्चा करने के बाद व्हाट्सएप कॉल की गई। इसके करीब १ घंटे बाद उनके खाते से ११५००० रुपये गायब हो गए। जिसका मैसेज मिलते ही उनके द्वारा तत्काल पुलिस थाना और बैंक में शिकायत की गई है। पद्मेश से चर्चा में खिलेश गोन्नाड़े ने बताया को मेरे द्वारा फिलिपकार्ट के माध्यम से वस्तु बुलाई गई थी जिसे रिटर्न में डाला गया था। १९ सितंबर को उसकी रिफंड राशि मेरे खाते में आनी थी ऐसे में फिलिपकार्ट रिटर्न के नाम से एक फोन आया। उक्त व्यक्ति के द्वारा मेरी जानकारियां ली गई और इस दौरान मेरे द्वारा अपने एचडीएफ्सी बैंक का डाटा शेयर हो गया। वहीं उनके द्वारा व्हाट्सएप कॉल कर स्क्रीन शेयर की गई यह चर्चा होने के बाद करीब १ घंटे बाद ५०००० फिर ५०००० और अंतिम में १५००० रुपये मेरे खाते से ट्रांसफर हुए। जिसका मैसेज मेरे मोबाइल पर आने पर मेरी भाभी के द्वारा मुझे बताया गया तो मैंने यह देखा और तत्काल बैंक में शिकायत कर थाने में शिकायत की है। अब मेरे खाते में ३६००० रुपये बचे थे इस प्रकार मेरे साथ करीब ११५०००० की ऑनलाइन धोखाधड़ी हुई है। पुलिस से हमारी मांग है कि उक्त विषय में गंभीरता से कार्यवाही कर मुझे मेरी राशि वापस दिलवाये और ऐसे धोखाधड़ी करने वाले व्यक्तियों पर कठोर कार्यवाही करें।



# नवदुर्गा उत्सव समिति में गरबा रिहर्सल जारी

## गरबा रास की बारीकियों का दिया जा रहा प्रशिक्षण





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के इंडोर स्टेडियम में नवदुर्गा उत्सव समिति सिविल क्लब बस स्टैंड की गरबा समिति के तत्वाधान में गरबा रिहर्सल आयोजित किया गया है। यह गरबा कार्यक्रम पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं गरबा समिति अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित किया गया है। जिसमें १५ सितंबर से गरबा रिहर्सल प्रारंभ की गई है इसमें सैकड़ो महिलाएं ,बालिकाओं के द्वारा उपस्थित होकर गरबे का प्रशिक्षण प्राप्त किया जा रहा है। जहां पर गरबा समिति के द्वारा समस्त लोगों को गरबा रास की विभिन्न प्रकार की बारीकियां सीखाकर एक रूप में निरंतर गरबा करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह रिहर्सल प्रतिदिन शाम ५ बजे से ६.३० बजे तक आयोजित की जा रही है जहाँ अलग.अलग स्टाइल गरबा रास की सभी को बताई जा रही है। विदित हो कि नवदुर्गा उत्सव समिति सिविल क्लब बस स्टैंड का दुर्गा उत्सव जिले ही नहीं महाकौशल और महाराष्ट्र विदर्भ के विभिन्न जिलों में ख्याति प्राप्त है। जहां प्रतिवर्ष दुर्गा उत्सव को अति भव्य बनाने का कार्य किया जाता है ,इस वर्ष भी कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए बीते वर्षों की तरह कोलकाता के कलाकारों के द्वारा भव्य माता रानी का दरबार तैयार किया जा रहा है। जिसमें मां भगवती की प्रतिमा २२ सितंबर को स्थापित की जाएगी। वहीं हर वर्ष की तरह गरबे को भी भव्य बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें लोगों की उपस्थिति को देखते हुए इस वर्ष गरबा ग्राउंड को और बड़ा कर दिया गया है। यह गरबा रास २३ सितंबर से १ अक्टूबर तक आयोजित होगा। जिसमें डीजे ऋषभ और डीजे सैक के द्वारा बेहतरीन डीजे की प्रस्तुति दी जाएगी तो वहीं ढोल की जुगलबंदी भी इसमें रखी गई है। इस प्रकार यह गरबा रास इस मर्तबा और बेहतर बनाने का प्रयास किया गया है जिसमें पास के माध्यम से एंट्री दी जाएगी। वहीं शरद पूर्णिमा को खुलने वाला लकी ड्रा का आयोजन ८ अक्टूबर को रखा गया है ,जिसमें हिंदी सिनेमा के अभिनेता चंकी पांडे ,हिंदी सिनेमा के गायक साज भट्ट दीक्षा टूर सहित अन्य कलाकारों के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रस्तुति दी जाएगी। इस प्रकार प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा उत्सव को भव्यता देने का कार्य नवदुर्गा उत्सव समिति सिविल क्लब बस स्टैंड के द्वारा किया जा रहा है।

# पाकिस्तान से पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्रम देशमुख को आया संदेश

## पाकिस्तान की लाहौर स्थित कोटलखपत जेल में बंद है प्रसन्नजीत रंगारी

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम खैरलांजी निवासी प्रसन्नजीत रंगारी पिता लोपचंद रंगारी उम्र ३८ वर्ष एक होनहार रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट थे। जो सन २०१२ के बाद से मानसिक संतुलन बिगड़ने के कारण लापता थे। वर्ष २०२३ में लापता प्रसन्नजीत की सगी बहन जनपद पंचायत कटंगी के ग्राम महकेपार की निवासी श्रीमती संघमित्रा पति राजेश खोबरागड़े को एक अनजान शख्स ने फ़ोन करके बताया कि आपका भाई पाकिस्तान की लाहौर स्थित कोटलखपत जेल में बंद है। श्रीमती संगमित्रा ने अपने लापता भाई की सकुशल रिहाई और भारत वापसी हेतु केन्द्रीय गृह मंत्री भारत सरकार और तत्कालीन कलेक्टर बालाघाट को विभिन्न माध्यमों से आवेदन किया था। लापता प्रसन्नजीत के पाकिस्तान में बंद होने संबंधी ख़बर मीडिया चैनलों और समाचार पत्रों में भी सुर्खियां बनी थी। मीडिया के द्वारा प्रसन्नजीत के मामले की तुलना पंजाब के सरबजीत के मामले से की गई थी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्रम देशमुख ने मामले की गंभीरता को समझते हुए दिसंबर २०२३ में ग्राम महकेपार पहुंचकर लापता प्रसन्नजीत की बहन श्रीमती संगमित्रा से मुलाक़ात कर उनके दावों को समझा और दस्तावेज़ देखे। विक्रम देशमुख ने वर्ष २०२४ में विदेश मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संचालित होने वाले मदद पोर्टल पर लापता प्रसन्नजीत की भारत वापसी हेतु शिकायत दर्ज कराई थी। १० सितंबर २०२५ को भारतीय उच्चायोग इस्लामाबाद पाकिस्तान से ईमेल के माध्यम से विक्रम देशमुख को सूचना दी गई कि प्रसनजीत रंगारी पाकिस्तान के लाहौर स्थित पंजाब इंस्टिट्यूट ऑफ़मेंटल हेल्थ में सुनील अद्यय के नाम से उपचार ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय उच्चायोग पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय से प्रसन्नजीत की शीघ्र रिहाई और भारत प्रत्यावर्तन वापसी के लिए निरंतर बातचीत कर रहा है। अभी हाल ही में २ सितंबर २०२५ को प्रसन्नजीत की रिहाई का मुद्दा पाकिस्तानी पक्ष के समक्ष उठाया गया था। उक्त ई मेल से भारतीय नागरिक प्रसन्नजीत के पाकिस्तान में जीवित अवस्था में क़ैद रहने के परिजनों के दावे की पुष्टि होती है। संभवत: अब पाकिस्तानी क़ैद में बंद प्रसन्नजीत की रिहाई का रास्ता साफ़ होता दिखाई पड़ रहा है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्रम देशमुख के इस प्रयास पर श्रीमती संघमित्रा खोबरागड़े,राजेश खोबरागड़े एवं उनके परिजनों ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।



# जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षक संतोष पटले का सहायक प्राध्यापक में हुआ चयन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। शिक्षा जगत के लिए हर्ष और गर्व का विषय है कि जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में पदस्थ भौतिकी विषय के विद्वान शिक्षक संतोष पटले का चयन एमपी पीएससी में सहायक प्राध्यापक फिजिक्स के रूप में हुआ है। संतोष पटले अपने गहन विषय ज्ञान अनुशासन और अद्भुत शिक्षण शैली के लिए विद्यार्थियों में अत्यधिक लोकप्रिय रहे हैं। इनके मार्गदर्शन में विद्यालय ने शत.प्रतिशत बोर्ड परीक्षा परिणाम की उपलब्धि प्राप्त की। सत्र २०२३-२४ में जहाँ दो मॉडल राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुए। वहीं सत्र २०२५-२६ में एक मॉडल को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का श्रेय भी इन्हीं को जाता है। संतोष पटले की सफलता पर संस्था के प्राचार्य रणवीर सिंह ने शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि श्री पटले जैसे अनुभवी परिश्रमी और पारंगत शिक्षक ही शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊँचाइयों तक ले जाते हैं। ग्राम गन्नाटोला कांद्रिकला किरनापुर निवासी संतोष पटले पिता यशवंत राव पटले एवं माता श्रीमती नानन पटले के सुपुत्र हैं। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने माता पिता गुरुओं के आशीर्वाद मार्गदर्शक चाचा श्यामकरण पटले, बड़े भाई अरुण पटले , मित्रों में पवन देव, रणजीत चंदेल, जितेंद्र एवं सहयोगियों को देते हुए कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं सहयोगियों में हर्ष का वातावरण रहा। विद्यालय की ओर से बी आर पटेल, प्रीति अमूले, अशोक कुमार, महेंद्र वर्मा, जी एस पारधी, जी एस यादव, संदीप गौर, अविनाश सिंह, यशोधरा सिंह, अयाज़ अंसारी,कमल किशोर निखारे, रवि आरमो, उमेश नागपुरे, विवेक पटेल, मधुसूदन चंद्रवार, दीपेश जैन, सी एल देवांगन, प्रशांत कापटे, सतीश शेंडे, चिराग ठाकुर एवं अन्य गणमान्यजनों ने हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।



# उत्तराखंड में बोलियाँ, लोक संस्कृति और मौखिक परंपराएं

बोलियाँ केवल भाषाई भिन्नताएँ नहीं होतीं—वे संस्कृतिक विरासत की संवाहक होती हैं, जो भौगोलिक, सामाजिक और ऐतिहासिक परिस्थितियों से आकार लेती हैं। इन बोलियों का संरक्षण और शिक्षण क्षेत्रीय लोक संस्कृति को बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। परंपरागत रूप से, ये संस्कृतियाँ स्थानीय बोलियों की मौखिक परंपराओं के माध्यम से संरक्षित और आगे बढ़ाई जाती थीं।

मलेशिया की एक कहावत है- बहासा जिवा बंग्सा—अर्थात् भाषा राष्ट्र की आत्मा होती है। यह इस बात को रेखांकित करती है कि भाषा ही व्यक्ति की पहचान और आत्मा को परिभाषित करती है। यह कथन उत्तराखंड के संदर्भ में विशेष रूप से प्रासंगिक है, जहाँ आज की युवा पीढ़ी अक्सर कहती है—मैं गढ़वाली या कुमाऊँनी समझ तो सकता हूँ, लेकिन बोल नहीं पाता। लेकिन यदि कोई किसी बोली को समझ सकता है, तो थोड़े अभ्यास से वह उसे बोल भी सकता है।

उदाहरण के लिए, मैं थोड़ा बहुत तमिल समझता हूँ, इसलिए थोड़ा बोल भी लेता हूँ। मुझे नेपाली और बंगाली लगभग 80प्रतिशत समझ में आती हैं, और मैं इन्हें लगभग 60प्रतिशत बोल भी सकता हूँ। मेरी बेटियाँ बंगाली धाराप्रवाह बोलती हैं—उनकी माँ की वजह से।

लेकिन बोलियों के लुप्त होने का एक प्रमुख कारण यह है कि जो उत्तराखंडी माता-पिता शहरों में आकर बसे, उन्होंने अपने बच्चों को अपनी मातृभाषा बोलने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया। इसके बजाय उन्होंने हिंदी और बाद में अंग्रेज़ी को प्राथमिकता दी। शायद वे नहीं चाहते थे कि उनके बच्चे एक ग्रामीण या पिछड़ेपन की पहचान से जुड़े रहें।

लेकिन यह समझना जरूरी है कि भाषा किसी भी संस्कृति की नींव होती है। जब कोई पीढ़ी अपनी बोली बोलना बंद कर देती है, तो वह अपनी सांस्कृतिक जड़ों से कट जाती है। आज कई शहरी उत्तराखंडी युवा अपनी संस्कृति से भावनात्मक रूप से कटे हुए हैं। मेरे अनुमान से लगभग 50प्रतिशत शहरी उत्तराखंडी युवा अन्य समुदायों में विवाह कर रहे हैं। यद्यपि यह सामाजिक प्रगति को दर्शाता है, परंतु इससे भविष्य की पीढ़ियों में बोलियों और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण को लेकर चिंता भी उत्पन्न होती है।

यहाँ तक कि पारंपरिक पहनावे—जैसे कि कुर्ता-पायजामा या धोती—भी अब शायद ही कभी देखे जाते हैं, यहाँ तक कि धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजनों में भी। अब ये वस्त्र केवल शादियों या औपचारिक आयोजनों तक सीमित रह गए हैं। कभी-कभी तो ऐसा भी लगता है कि राजनीतिज्ञों की पारंपरिक पोशाकों में छवि ने आम लोगों को इन्हें रोजमर्रा में पहनने से हतोत्साहित कर दिया है।

पहाड़ी शादियाँ, जो कभी हल्दी हाथ, मंगल गीत जैसी विशिष्ट परंपराओं से भरी होती थीं, अब बदल गई हैं। पहले जहाँ गाँव की महिलाएँ तुरंत गीत गा देती थीं, अब उनकी जगह पेशेवर गायक, डीजे या मोबाइल रिकॉर्डिंग ने ले ली है। दूल्हे या रिश्तेदारों पर बनाए गए मज़ेदार, चुटीले गीत अब लगभग भुला दिए गए हैं—यहाँ तक कि गाँवों में भी। अब तो दोपहर में शादियाँ होना आम बात हो गई हैं—कहा जाता है कि यह कानून-व्यवस्था की स्थिति के कारण है।

ऐतिहासिक रूप से, लोकगीत अनपढ़ पहाड़ी महिलाओं द्वारा रचे जाते थे, जब वे खेतों में काम करती थीं, पानी भरती थीं या लकड़ी इकट्ठा करती थीं। ये गीत उनके सुख-दुख, संघर्ष और सपनों को अभिव्यक्त करते थे और मौखिक परंपरा के माध्यम से पीढ़ियों तक आगे बढ़ते थे।

उत्तराखंड में आज भी समृद्ध और विविध लोक संस्कृति है, जो गाँवों के मेलों और कौथिक जैसे पर्वों में देखी जा सकती है। इस संस्कृति को जीवित रखने के लिए यह जरूरी है कि हम स्थानीय बोलियों को बढ़ावा दें। ये बोलियाँ ही लोक परंपराओं, रीति-रिवाजों और अनुष्ठानों की मूल आधारशिला हैं। यदि इन बोलियों का बोलचाल में ज्ञान समाप्त हो गया, तो मौखिक परंपराओं का संचार रुक जाएगा, जिससे एक अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर खोने का खतरा है।

# मोदी-ट्रंप के सार्थक संवाद से क्या राह बदलेगी?

नई दिल्ली में भारत-अमेरिकी व्यापार वार्ता की बाधाओं को दूर करने पर दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक बातचीत के दौरान करीब तीन महीने बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन करके जन्मदिन की बधाई देते हुए रूस-यूक्रेन युद्धविराम का समर्थन करने के लिए आभार जताना, दोनों देशों के बीच रिश्तों में आई तल्खी को कम करने की कोशिश मानी जानी चाहिए। मोदी और ट्रंप के बीच हुई इस बातचीत ने दोनों देशों के रिश्तों में नई आशा और सकारात्मकता का संचार किया है। क्योंकि अमेरिका के एकतरफा टैरिफ और कुछ तीखे बयानों के बावजूद भारत ने संयम बरता एवं तीखी प्रतिक्रिया की बजाय मसले के सुलझने का इंतजार करते हुए विवेक एवं समझदारी का परिचय दिया। भारत पर थोपे गए ट्रंप के 50 प्रतिशत टैरिफ को लेकर अमेरिका में साफ तौर पर दो विरोधी स्वर सुनाई पड़ रहे हैं। ऐसे माहौल में जरूरी हो गया है कि दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर संवाद जारी रहे। इसी बात को अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने स्वीकार करते हुए यह उम्मीद जताई थी कि आखिरकार अमेरिका और भारत साथ आएंगे, यही मौजूदा वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है। मोदी एवं ट्रंप का ताजा संवाद इसी की निष्पत्ति बना है। यह संवाद मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर हुआ और इसमें अतीत की कई कड़वाहटों को पीछे छो?कर भविष्य की संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। दरअसल, दोनों नेताओं की बातचीत का बड़ा कारण शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में रूस, चीन और भारत के शीर्ष नेताओं की गर्मजोशी भी बना, उससे ट्रंप की चिंताएं बढ़ी थी, इस बैठक के बाद ही पहली बार ट्रंप के रुख में नरमी के संकेत मिले थे। उसके बाद दस सितंबर को फिर ट्रंप ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं की बाधाओं को दूर करने पर बातचीत जारी है। ताजा वार्ता ने यह संदेश दिया कि भारत और अमेरिका के रिश्ते किसी एक घटना या परिस्थिति पर निर्भर नहीं, बल्कि दीर्घकालीन रणनीति और साझा हितों की नींव पर खड़े हैं। आज की दुनिया में भारत और अमेरिका का रिश्ता केवल द्विपक्षीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक परिदृश्य को भी प्रभावित करता है। अमेरिका जहां विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सैन्य शक्ति है, वहीं भारत उभरती हुई आर्थिक ताकत और सबसे बड़ा लोकतंत्र है। दोनों की साझेदारी लोकतांत्रिक मूल्यों, पारदर्शिता और वैश्विक शांति की आकांक्षाओं पर आधारित है। हाल के वर्षों में कभी-कभी मतभेद जरूर सामने आए-जैसे व्यापार शुल्क, वीजा नीतियां, भारत-पाक सीजफायर और रक्षा समझौते इन मतभेदों के बावजूद रणनीतिक साझेदारी मजबूत होती रही है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध लंबे समय से चर्चा का विषय रहे हैं। कभी शुल्क वृद्धि को लेकर तनाव हुआ, तो कभी आयात-निर्यात की नीतियों को लेकर असहमति। किंतु ट्रंप-मोदी वार्ता के बाद एक बार फिर नए समझौते और अवसर सामने आ सकते हैं। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और आईटी, सेवा क्षेत्र, ऊर्जा और तकनीकी निवेश में दोनों के बीच गहरा सहयोग है। प्रधानमंत्री मोदी ने व्यापारिक अड़चनों को दूर करने पर जोर दिया है और ट्रंप ने भी व्यापार घाटे को कम करने के लिए सहयोग का संकेत दिया। यह संकेत आने वाले समय में द्विपक्षीय व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं।

भारत और अमेरिका का रक्षा सहयोग पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ा है। अमेरिका ने भारत को महत्वपूर्ण रक्षा तकनीक उपलब्ध कराई है और संयुक्त सैन्य अभ्यासों से सुरक्षा साझेदारी मजबूत हुई है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए भारत-अमेरिका का रक्षा सहयोग न केवल द्विपक्षीय है, बल्कि पूरे क्षेत्रीय संतुलन के लिए अहम है। चीनी मनमानी पर नियंत्रण के लिए अमेरिका को खासतौर पर भारतीय सहयोग की जरूरत है। इसी मकसद से क्वॉड का गठन किया गया, जिसे अमेरिकी सरकार ने तवज्जो भी दी। लेकिन, ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी की वजह से क्वॉड के भविष्य पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं, वॉशिंगटन में यह भी चिंता बनी कि पिछले दो दशकों में भारत-अमेरिका रिश्तों में जो प्रगति हुई थी, वह ट्रंप की महत्वाकांक्षाओं एवं अतिश्योक्तिपूर्ण हरकतों से पिछले कुछ दिनों में बेकार होती हुई दिख रही थी। लेकिन देर आये दुरस्त आये की कहावत के अनुसार दोनों शीर्ष नेताओं की बातचीत से अब अंधेरे छंटते हुए दिख रहे हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संतुलन कायम रखने में और बड़ी भूमिका निभाए, वहीं भारत अपनी सामरिक स्वतंत्रता बनाए रखते हुए सहयोग को और गहरा करना चाहता है। भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में अमेरिका एक अहम सहयोगी बन सकता है। अमेरिका से तरलीकृत प्राकृतिक गैस और कच्चे तेल का आयात बढ़ रहा है। यह न केवल ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को भी नई गति देगा। तकनीकी क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच साझेदारी मजबूत है। सूचना प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष अनुसंधान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में सहयोग आने वाले दशकों के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है। अमेरिका में बसे भारतीय मूल के लोग दोनों देशों के बीच सेतु का कार्य कर रहे हैं। चाहे राजनीति हो, शिक्षा, स्वास्थ्य या तकनीक-भारतीय-अमेरिकी समुदाय का योगदान उल्लेखनीय है। यह समुदाय भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों को भावनात्मक और सांस्कृतिक आधार देता है। ट्रंप और मोदी की बातचीत में भारतीय प्रवासी समुदाय की प्रशंसा भी हुई, जिसने दोनों देशों के बीच विश्वास और निकटता को और बढ़ाया।

भारत और अमेरिका दोनों आतंकवाद से प्रभावित रहे हैं। 9/11 की घटना ने अमेरिका को और 26/11 ने भारत को गहरे जख्म दिए। यही कारण है कि आतंकवाद के खिलाफ दोनों का दृष्टिकोण काफी हद तक समान है। हाल की बातचीत में आतंकवाद को समाप्त करने और सुरक्षा सहयोग को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। अफगानिस्तान और मध्य-एशिया की परिस्थितियों को देखते हुए भारत और अमेरिका का सहयोग वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए निर्णायक हो सकता है। ट्रंप और मोदी की बातचीत ने यह साबित किया है कि अतीत के मतभेद रिश्तों का अंत नहीं, बल्कि नए संवाद का अवसर बन सकते हैं। व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, तकनीक और आतंकवाद जैसे क्षेत्रों में सहयोग दोनों देशों के लिए लाभकारी है। आज जब दुनिया वैश्विक महामारी, आर्थिक संकट, युद्ध की विभीषिका और भू-राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रही है, भारत और अमेरिका की साझेदारी नई दिशा और स्थिरता का संकेत देती है।

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार-वार्ता में बेशक व्यवधान आए हों, पर भारत और यूरोपीय संघ के बीच जिस गति से वार्ता हो रही है, उससे वर्ष के अंत तक दोनों में व्यापार समझौता होने की पूरी उम्मीद है। असल में दोनों देशों के बीच पांच दौर की व्यापार वार्ता हो चुकी है, लेकिन 50 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद छठे दौर की प्रस्तावित वार्ता रुक गई थी, जो बीते मंगलवार से फिर पटरी पर लौट आई है। दरअसल, ट्रंप प्रशासन चाहता है कि भारत अपने कृषि एवं डेयरी क्षेत्र को अमेरिकी कंपनियों के लिए पूरी तरह से खोले, लेकिन भारत के लिए यह संभव नहीं है, क्योंकि यह उसके किसानों व मछुआरों के हितों के खिलाफ है। भारत पहले ही कह चुका है कि वह किसानों, डेयरी उत्पादकों एवं एमएसएमई के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। दोनों देशों के बीच पिछले एक दशक में द्विपक्षीय व्यापार लगभग दोगुना हो गया है और इसे 2030 तक 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन यह तभी संभव था, जब मौजूदा गतिरोध खत्म हो और इसके लिए बातचीत ही रास्ता है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा बने रहने के लिए भारत दूसरे देशों के साथ भी मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है। भले ही डोनाल्ड ट्रंप पर अधिक भरोसा नहीं कर सकते, लेकिन सवाल यह है कि अब उनकी तरफ से दिखाई जा रही नरमी को क्या एक संकेत माना जाए कि इससे कोई नई राह निकलेगी। अड़ियल रुख अपनाने के बजाय अमेरिका को भारतीय नजरिया समझने की जरूरत थी, अब अमेरिका भारत का नजरिया समझने को तत्पर हुआ है तो निश्चित ही इसके दूरगामी परिणाम आयेंगे।

-ललित गर्ग

# अनमोल हैं कड़वे बोल

किसी ने कहा है कि अंधेरे में माचिस तलाशता हुआ हाथ, अंधेरे में होते हुए भी अंधेरे में नहीं होता, इस तलाश को अपने भीतर निरंतर जीवित रखना कोई साधारण बात नहीं है, परंतु जो लोग सफर की हदों को पहचानते हैं, जिन्हें हर मंजिल के बाद किसी नए सफर पर चल पड़ने की लत है, उनके भीतर से यह खोज कभी खत्म नहीं होती। अचूक शैली में, अपने क्रांतिकारी विचारों से लोगों को अपनी ही खोज के तौर तरीके बताने वाले राष्ट्रसंत मुनि तरुणसागर जी महाराज की वाणी सहज आकर्षण का विषय बन गई है। ऐसे समय में जब अपने हक में हर खुशी बटोर लेने की अदम्य लालसा लोगों को दुनिया के दुख़ दर्द से कोसों दूर ले जा रही है। मुनि श्री दुनिया को खुशी और गम की सही परिभाषा बता रहे हैं। यह सिर्फ संयोग नहीं है कि वे जहां भी पहुंचते हैं, सबसे पहले यही कहते हैं कि मैं कथा सुनाने नहीं जीवन की व्यथा सुनाने आया हूं। यह व्यथा घर-घर की कहानी है, जिसे एक बड़े आईने की शक्ल में सामने रखकर मुनि तरूण सागर जी पुकार कर कह उठते हैं कि इसे न तो ठुकराओ, न ही झुठलाने की कोशिश करो, बेहतर यही है कि इस व्यथा के बीच से ही जीवन का रस हासिल कर लो। मुनि तरुण सागर जी के बोल, सुनने वाले को भावित-प्रभावित तो करते ही हैं, उसे झकझोर कर भी रख देते हैं। उन्हें सुनते समय या पढ़ते समय आप अनुभव करते हैं कि आपकी अपनी जिंदगी एक धारावाहिक के रूप में आपकी आंखों के सामने तैरने लगी है। उनकी वाणी अतीत की जड़ता से उबारने और वर्तमान की लापरवाही के प्रति सचेत करने का काम करती है। वह आपके जख्मों को सहलाने के बदले यदि अधिक कुरदने की मुद्रा में दिख भी रही हो तो भी यह नहीं भूलना चाहिए कि मुनि श्री आपको स्थाई रूप से तंदुरूस्त बनाने का उद्यम कर रहे हैं। सूत्र शैली में संदेश देने वाले मुनि तरूण सागर जी को अपनी वाणी को कड़वे प्रवचन कहने पर इत्मीनान यदि है तो सिर्फ इसलिए कि वे जानते हैं, इंसान की प्रवृत्ति और कभी न बदलने की उसकी जिद इतनी कठिन और जटिल है कि सीधी उंगली से घी निकालना मुमकिन नहीं है। आज साहित्य, संस्कृति और समाज के हर मंच पर महिला जागृति या नारी विमर्श का दौर ही चल पड़ा है। मुनि तरूण सागर जी साफ शब्दों में कहते हैं कि समाज पुरुष प्रधान है, परंतु याद रखना चाहिए कि महिलाओं की भूमिका पुरुषों से भी बड़ी है। वे सत्य से मुंह मोड़ने या पीछे हटने वाले समाज को न सिर्फ जगाते हैं बल्कि अपने कड़वे बोल से कोसने में भी कोई गुरेज नहीं करते। सच के पाखंडी चेहरे को पहचानने वाली उनकी गहरी दृष्टि सजग करती हैं कि वास्तव में जो सत्य है उसे किसी बनावट की जरूरत नहीं है। संघर्ष में सत्य परेशान हो सकता है किन्तु पराजित नहीं होता। छोटी-छोटी बातों से जीवन का बड़ा अर्थ निकाल लेने वाले मुनि तरूणसागर जी के बोल सचमुच अनमोल हैं। एक और उदाहरण देखिए वे कहते हैं कि प्रभु को सात बातें अच्छी नहीं लगती घमंड से भरी आंखें, झूठ से भरी जुबान, बुराई की तरफ बढ़ते कदम, झूठी गवाही, बुरी सोच, भाई को भाई से लड़ाना और खून से सने हाथ। जरा सोचिए इन बातों में आज के मनुष्य और समाज का कौन सा ऐसा पक्ष है जो शेष होगा। इंसान का दोहरापन और दुनिया का बहुरूपियापन हो या हिंसा और आतंक की कीमत पर सब कुछ हासिल कर लेने की अंधी कोशिश, मुनि तरूण सागर जी इन हालातों को बेपरदा कर देते हैं। इसके विपरीत वे जीने की कला की सारी सूत्र भी सहज रूप से बता देते हैं। प्रदूषण के सारे खतरों में विचारों के प्रदूषण को सबसे बड़ा कहने वाले मुनि श्री इस समस्या को विचारों की शक्ति से ही दूर करने के रास्ते भी सुझाते हैं, आवश्यकता बस इतनी है कि सुने हुए को जीवन में उतारने की शक्ति श्रोता स्वयं अपने भीतर पैदा करें।

# घुसपैठियों के विरुद्ध भारत अमेरिका से लेकर यूरोप तक एलान-ए-जंग

अवैध प्रवासन-अमेरिका से यूरोप और भारत तक एक अंतरराष्ट्रीय संकट गोंदिया-वैश्विक स्तरपर 21वीं सदी में अंतरराष्ट्रीय राजनीति, सामाजिक स्थिरता और जनसांख्यिकी (डेमोग्राफी) पर सबसे बड़ा असर डालने वाला मुद्दा अवैध प्रवासन बन चुका है। एक ओर जहां मानवाधिकार संगठनों का मानना है कि हर व्यक्ति को बेहतर जीवन जीने का अवसर मिलना चाहिए, वहीं दूसरी ओर विभिन्न देशों की सरकारें और नागरिक यह तर्क दे रहे हैं कि अनियंत्रित प्रवास उनके संसाधनों, रोजगार, संस्कृति और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन गया है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यहमानता हूं कि यही कारण है कि अमेरिका से लेकर यूरोप और भारत तक,हर जगह यह बहस तेज है कि अवैधप्रवासियों को रोका जाए, उन्हें निर्वासित किया जाए या फिर किसी सीमा तक उन्हें बसने की अनुमति दी जाए।यूरोप और अमेरिका दोनों में एक धारणा तेजी से फैल रही है- ग्रेट रिप्लेसमेंट थ्योरी। इस थ्योरी के मुताबिक, बड़ी संख्या में आने वाले प्रवासी धीरे-धीरे वहां की मूल आबादी को संख्या, संस्कृति और राजनीतिक शक्ति में पीछे छोड़ देंगे।फ्रांस में यह चिंता खास है कि मुस्लिम प्रवासी भविष्य में ईसाई आबादी से अधिक हो सकते हैं।जर्मनी और स्वीडन में विदेशी मूल के बच्चे स्थानीय बच्चों से अधिक जन्म ले रहे हैं।ब्रिटेन में लंदन और बर्मिंघम जैसे शहरों में मुस्लिम और एशियाई आबादी का प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है।यह बदलाव न केवल सांस्कृतिक टकराव बल्कि राजनीतिक अस्थिरता भी ला सकता है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि दिनांक 13 सितंबर 2025 को,लंदन 1 लाख से अधिक लोगों के विशाल प्रदर्शन का गवाह बना। इसे ब्रिटेन के इतिहास की सबसे बड़ी दक्षिणपंथी रैली कहा जा रहा है।प्रदर्शनकारियों का तर्क है कि ब्रिटेन की पारंपरिक संस्कृति और रोजगार के अवसर प्रवासियों के कारण खतरे में हैं। इस आंदोलन को और भी बड़ा तब मिला जब टेस्ला और एक्स (पूर्व ट्विटर) के मालिक एलन मस्क ने ऑनलाइन आकर इस रैली को समर्थन दिया और दक्षिणपंथी नेता टॉमी रॉबिन्सन का पक्ष लिया।मस्क का यह कदम इंग्लैंड ही नहीं बल्कि पूरे यूरोप में इस मुद्दे को वैश्विक स्तरकी वैधता देता है। इससे साफ हो गया है कि अवैध प्रवासन अब केवल स्थानीय समस्या नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजी, व्यापार और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति से जुड़ चुका है। भारतीय पीएम ने भी 14 सितंबर 2025 को असम में एक सभा में संबोधन के दौरान कहा,सरकार, घुसपैठियों को देश के साधनों- संसाधनों पर कब्जा नहीं करने देगी।भारत के किसानों, नौजवानों ,हमारे आदिवासियों का हक हम किसी को नहीं छीनने देंगे। ये घुसपैठिए हमारी माताओं- बहनों- बेटियों के साथअत्याचार करते हैं, ये नहीं होने दिया जाएगा, घुसपैठियों के माध्यम से बॉर्डर के इलाकों में डेमोग्राफी बदलने की साजिशें चल रही हैं, ये राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा है, इसलिए,अब देश में एक डेमोग्राफी मिशन शुरु किया जा रहा है।सरकार का लक्ष्य है,घुसपैठियों से देश को बचाएंगे घुसपैठियों से देश को मुक्ति दिलाएंगे।और मैं उन राजनेताओं को भी कहना चाहता हूं, आप जो चुनौती लेकर के मैदान में आए तो,मैं सीना तान करके उसचुनौती को स्वीकार करता हूं।और लिख लो मैं देखता हूं, घुसपैठियों को बचाने में तुम कितनी ताकत लगाते हो और घुसपैठियों को हटाने में हम कैसे अपना जीवन लगा देते हैं, हो जाए मुकाबला। घुसपैठियों को बचाने के लिए निकले हुए लोगों को भुगतना पड़ेगा। मेरे शब्द सुन के रखो, यह देश उनको माफ नहीं करेगा चूँकि घुसपैठियों के विरुद्ध भारत अमेरिका से लेकर यूरोप तक एलान-ए- जंग अवैध प्रवासन-अमेरिका से यूरोप और भारत तक एक अंतरराष्ट्रीय संकट इसीलिएआज हम मीडिया मेँ उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,घुसपैठिया ग्लोबल एजेंडा।

साथियों बात अगर हम अवैध प्रवासन को निर्वासन करने की शुरुआत डोनाल्ड ट्रंप द्वारा करने की करें तो, अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप और मौजूदा रिपब्लिकन नेताओं ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया 卐मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (एमएजीए) न केवल एक राजनीतिक नारा है,बल्कि एक ऐसी विचारधारा बन गई है जिसमें यह मान्यता है कि अमेरिकी पहचान, संस्कृति और अर्थव्यवस्था पर अवैध प्रवासी बोझ डाल रहे हैं।लाखोंमैक्सिकन और लैटिन अमेरिकी प्रवासी अमेरिका में बिना दस्तावेज़ रह रहे हैं।ट्रंप की दीवार बनाने की नीति और निर्वासन (डिपोर्टेशन) की रणनीति आज यूरोप के कई देशों के लिए भी प्रेरणा बन चुकी है।ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और स्पेन जैसे देश अब अमेरिकी मॉडल की तरह कड़े बॉर्डर कंट्रोल औरपहचान-आधारित नीतियां लागू करने पर विचार कर रहे हैं। साथियों बात अगर हम भारतीय प्रवासी और एशियाई क्लबिंग卐 की समस्या की करें तो,यूरोप और ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय प्रवासी अक्सर शिकायत करते हैं कि उन्हें 卐एशियाई क्लबिंग में डाल दिया जाता है।यानेंभारतीयों को पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए प्रवासियों के साथ एक ही श्रेणी में रख दिया जाता है।भारतीयों का कहना है कि वे वहां शिक्षा, मेहनत और प्रोफेशनल स्किल्स के दम पर बसे हैं, जबकि अधिकतर अवैध प्रवासी दूसरे देशों से हैं। इस क्लबिंग के कारण भारतीयों की अच्छी छवि धूमिल होती है और उन्हें भी स्थानीय विरोध का शिकार होना पड़ता है।जबकि संभावतः हकीकत यह है कि,पूरे यूरोप में सबसे अधिक अवैध प्रवासी अफ्रीकी संघ (अफ्रीकन यूनियन) और मुस्लिम देशों से आ रहे हैं। नाइजीरिया, सोमालिया, लीबिया, सीरिया, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से आने वाले प्रवासियों ने यूरोपीय देशों की नीतियों को चुनौती दी है।इसका सीधा असर यह है कि यूरोप की संसाधन खपत (रिसोर्सस कोन्सुम्प्शन) बढ़ रही है।स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, पब्लिक हाउसिंग और रोजगार पर दबाव बढ़ रहा है।साथ ही अपराध और आतंकवाद को लेकर भी चिंता बढ़ी है। साथियों बात अगर हम नागरिकों के भड़काने के यूरोप में बढ़ते दायरे फ्रांस से स्पेन तक विरोध करने की करें तो यूरोप में पिछले एक दशक से प्रवासन की समस्या गंभीर रूप से बढ़ी है।(1) फ्रांस-पेरिस और मार्सिले जैसे शहरों में अफ्रीकी और अरब देशों से आए प्रवासियों की बड़ीसंख्या बस चुकी है। फ्रांस में बेरोजगारी और आतंकी घटनाओं के बाद से इन प्रवासियों पर सवाल उठने लगे हैं।(2) बेल्जियम और जर्मनी-इन देशों ने सीरिया और अफगानिस्तान के शरणार्थियों को जगह दी, लेकिन अब राजनीतिक दबाव बढ़ रहा है कि बहुत हो गया।(3)स्पेन और इटली- समुद्री मार्ग से आने वाले प्रवासी यहां सबसे ज्यादादाखिल हो रहे हैं।स्पेन के समुद्रतट पर रोज़ हजारों लोग नावों में उतर रहे हैं।(4)ब्रिटेन-ब्रेक्जिट का एक बड़ा कारण ही था, इमीग्रेशन कंट्रोल। इन सभी देशों में विरोध प्रदर्शन और डिपोर्टेशन डिमांड बढ़ता जा रहा है। साथियों बात अगर हम यूरोप के समुद्र तटों के माध्यम से संभवत:अवैध प्रवासन होने के माध्यम व आंकड़ों को समझने की करें तो,पिछले कुछ वर्षों में 28 लाख से अधिक प्रवासी समुद्र पार करके यूरोप पहुंचे। इनमें से अधिकांश अफ्रीका, सीरिया, अफगानिस्तान और यमन से आए थे। समस्या यह है कि यूरोप पहुंचने के बाद बड़ी संख्या में ये प्रवासी गुम हो गए,यानें न तो उनके पास वैध पहचान है, न ठिकाना, न ही रोजगार। इससे यूरोप की जनसांख्यिकीय (डेमोग्राफिक) संरचना पर बड़ा असर पड़ा है। ग्रीस, इटली और स्पेन के समुद्री तटों पर अब स्थायी बाड़ (फेन्सेस) और सुरक्षा दीवारें बनाई जा रही हैं। हंगरी और पोलैंड ने तो पहले ही आयरन वाल जैसी सीमा सुरक्षा लागू कर दी है। साथियों बात अगर हम भारत और दक्षिण एशिया में अवैध प्रवासियों के संकट की करें तो,भारत भी इस समस्या से अछूता नहीं है।(1)असम और बंगाल-यहां बांग्लादेशी घुसपैठ सबसे बड़ी समस्या है।(2)बिहार और झारखंड- बड़ी संख्या में बांग्लादेशी प्रवासी मजदूरी कर रहे हैं।(3)रोहिंग्या मुसलमान- म्यांमार से आए हजारों रोहिंग्या दिल्ली, जम्मू और हैदराबाद में बस चुके हैं।(4) श्रीलंका के तमिल शरणार्थी- दक्षिण भारत में दशकों से मौजूद हैं।प्रधानमंत्री और कई राज्य सरकारें लगातार चेतावनी देती रही हैं कि ये प्रवासी राष्ट्रीय सुरक्षा और जनसांख्यिकी संतुलन को बिगाड़ सकते हैं। साथियों बात अगर हम अवैध प्रवासन के कारणों की करें तो,प्रवासी केवल शौक से अपना देश नहीं छोड़ते। इसके पीछे कई ठोस कारण हैं-(1)गरीबी और बेरोजगारी -अफ्रीकी और एशियाई देशों में रोजगार का अभाव।(2)सामाजिक सुरक्षा की कमी-स्वास्थ्य, शिक्षा और पेंशन जैसी सुविधाओं का अभाव।(3)राजनीतिक अस्थिरता और युद्ध-सीरिया, अफगानिस्तान और यमन जैसे देशों की स्थिति।(4)जलवायु परिवर्तन-सूखा, बाढ़ और अकाल के कारण लोग अपने घर छोड़ने को मजबूर हैं।(5)बेहतर भविष्य का सपना- यूरोप और अमेरिका की चकाचौंध भरी जीवनशैली। साथियों बात अगर हम यूरोप की नस्लीय दृष्टि और बाहरी खतरे की भावना कुछ समझने की करें तो,यूरोप के कई देश अवैध प्रवासियों को सिर्फ आर्थिक बोझ नहीं मानते, बल्कि उन्हें बाहरी (आउटसाइडर्स) और संस्कृति के दुश्मन की तरह देखते हैं।(1)जर्मनी और फ्रांस में राइट-विंग पार्टियां तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं।(2)ब्रिटेन में इंग्लिश आइडेंटिटी का नारा बुलंद हो रहा है।(3)पोलैंड और हंगरी ने साफ कहा है कि वे मुस्लिम प्रवासियों को जगह नहीं देंगे।यह दृष्टिकोण यूरोप की ऐतिहासिक नस्लीय सोच से भी जुड़ा है। उपनिवेशवाद (कॉलोनीलिस्म) के समय की मानसिकता अब रिवर्स फियर (उल्टा डर) के रूप में सामने आ रही है,कि कहीं प्रवासी ही मूल आबादी पर हावी न हो जाएं।

अत:अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अवैध प्रवासन आज केवल एक स्थानीय संकट नहीं, बल्कि एक वैश्विक चुनौती बन गया है। अमेरिका की नीतियां, यूरोप के विरोध प्रदर्शन, भारत की सीमा सुरक्षा और एशिया-अफ्रीका की गरीबी,सब एक ही सूत्र में बंधे हैं। यदि दुनिया को स्थिर और सुरक्षित रखना है तो संतुलित नीति अपनानी होगी।न तो यह संभव है कि सभी प्रवासियों को हमेशा के लिए रोक दिया जाए, और न ही यह कि बिना जांच- परख हर किसी को बसने दिया जाए।आवश्यक है किअंतरराष्ट्रीय स्तरपर एक साझा प्रवासन नीति बने, जिसमें मानवीय संवेदना भी हो और राष्ट्रीय सुरक्षा का संतुलन भी।

-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

# लाशों के लग रहे अंबार,कब थमेगी बेरहम बरसात की रफ्तार ?

विश्व में देवभूमि के नाम से विख्यात हिमाचल में बाढ़ व भूस्खलन की घटनाएं निर्बाध हो रही हैं।किन्नौर से लेकर भरमौर तक बेरहम प्रकृति के तांडव की एक व्यापक व भयावह त्रासदी के बाद धीरे धीरे जीवन पटरी पर लौटने लगा था लेकिन बेरहम बरसात की रफतार थमने का नाम नहीं ले रही है मंडी ,कुल्लु,चंबा,सरकाघाट,में बरसात का कहर लगातार जारी है।बरसात ने बुजुर्गों से लेकर अबोध ब मासूम बच्चों को काल के गाल में समा लिया है बरसात का यह खौफनाक मंजर बहुत ही खतरनाक होता जा रहा है। ताजा घटनाक्रम में 16 सितंबर 2025 को मंगलवार को पहली घटना धर्मपुर में सोन खडड में आई बाढ़ से दस साल बाद तबाही की इबारत लिखी है भारी बरसात व बादल फटने से धर्मपुर में बस अडडे में भंयकर व भयावह तबाही हुई है लगभग 20 बसें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं तथा बस अडडे में दुकानों को भी क्षति हुई है। साल 2015 में भी सोन खडड में आई बाढ़ से काफी नुक्सान हुआ था। बीती घटनाओं से सबक सीख होता तो आज यह मंजर न होता लेकिन एक बार सोन खडड का रौद्र रुप बस अडडे को तबाह कर गया। दस साल बाद फिर से बाढ़ का यह मंजर हुआ है। दूसरी घटना में सुंदर नगर के निहरी में भूस्खलन होने से परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई मृतकों में दो महिलाएं और एक आठ माह के बच्चे की मौत हो गई। यह त्रासदी कब थमेगी हर जिला में लाशों के अंबार लग रहे हैं।सराज,निरमंड ,सैंज में बहुत मानवीय त्रासदीयां हो चुकी हैं। पिछले तीन महीनों से बरसात की यह रफतार सैंकड़ों लोगों का जीवन लील चुकी है।बाढ़ में दब चूके लोग अब तक नहीं मिल सके हैं। त्रासदी में खोये अपनों के गम में रात दिन रोते रहे लोगों की आखों के आंसू सूख चुके हैं आखें पथरा गई हैं क्योकि आखों के सामने सब उजड़ गया आशियाने उजड़ चुके हैं। अपनों को खोने का गम क्या होता है यह वही जान सकता है जिसने आखों के सामने अपनों को बहते देखा हो। तिनका तिनका बिखरा है अब मुआबजा मिलेगा तभी नए आशियाने बन सकते हैं। उम्र भर की पसीने की कमाई से बनाए घर तबाह हाक गए। पल भर में सब तबाह हो गया आलिशान आशियाने मिटटी में मिल गए अब मलवे के ढेर ही बचे हैं। 30 जून से उथल पुथल मची हुई है। सराज से शुरु हुए त्रासदी के आगाज का अंजाम हर जिला भुगत रहा है। प्रकृति के प्रकोप से कोई भी जिला अछूता नहीं रहा है।विकास के नाम पर पहाड़ों को छलनी करने से मानव बाज नही आ रहा है और सजा भुगत रहा है।प्रकृति से खिलवाड़ की कीमत चुकानी ही पडेगी।पहाड़ खोखले होते जा रहे हैं पहाड़ों की बुनियादें हिल चुकी हैं और पहाड़ दरक रहे हैं। अंधाधुध खनन से पहाड़ों को काटा जा रहा है नतीजन पूरे के पूरे पहाड़ जमीन पर धराशायी हो रहे है और तबाही मचा रहे हैं। बरसात के कहर ने जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है।हजारों लोग मौत के मुहं में समा चुके हैं।बरसात के रौद्र रुप से हर तरफ तबाही का मंजर हुआ है। आज मानव अपनी करनी पर पछतावा कर रहा है लेकिन अब कोई चारा नजर नहीं आ रहा है। लाचार व बेसहारा हो चुका मानव अब आंसू बहा रहा है।मानव अपनी गलतियों का नतीजा भुगत रहा है। काश पूर्व में यह गलतियां न की होती तो आज यह दुर्गति ना होती मगर माया में अंधा हो चुका इनसान बेहोश हो चुका था तब तक होश आया सब कुछ तबाह हो गया अब अपने किए कर्मों का फल प्राप्त कर रहा है। प्रतिवर्ष प्राकृतिक आपदाएं अपना जलवा दिखाती रहती है तो कभी बाढ का रौद्र रुप जिंदगियां लीलता है।कहते हैं कि प्राकृतिक आपदाओं को रोक तो नहीं सकते परन्तु अपने विवेक व ज्ञान से अपने आप को सुरक्षित कर सकते हैं।

-नरेन्द्र भारती

# एजीआर विवाद को लेकर सुनवाई को तैयार सुप्रीम कोर्ट..राकेट बन गया वोडाफोन आइडिया का शेयर

**मुंबई।** घरेलू बाजार में गिरावट के बीच शुक्रवार को वोडाफोन आइडिया के शेयर में जोरदार तेजी दिखाई दी। शेयर इंट्राडे में 12 फीसदी से ज्यादा उछला। भारतीय बाजार में कारोबारी सेशन में आधा फीसदी से ज्यादा टूट गए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को वोडाफोन आइडिया की उस याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया, जिसमें 2016-17 तक के लिए अतिरिक्त समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) मांगों को रद्द करने की मांग की गई है। इसके बाद वोडाफोन आइडिया के स्टॉक में पॉजिटिव सेंटीमेंट देखने को मिला। बीते काफी समय से एक दायरे में फंसे टेलीकॉम स्टॉक में बीते एक महीने में करीब 28 फीसदी का उछाल आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने वोडाफोन आइडिया ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और केंद्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर गौर करने के बाद याचिका पर विचार के लिए अगले शुक्रवार (26 सितंबर) की तारीख तय की। विधि अधिकारी ने कहा कि अब परिस्थितियां बदल गई हैं और संबंधित पक्ष समाधान खोजना चाहते हैं। इस खबर के बाद वोडाफोन आइडिया के शेयर में बीएसई पर शुक्रवार को करीब आधा फीसदी की तेजी के साथ 7.89 रुपये पर कारोबार शुरू हुआ। स्टॉक गुरुवार को 7.85 रुपये पर बंद हुआ था। शुक्रवार दोपहर 2 बजे तक के कारोबार में शेयर ने 8.82 रुपये का हाई और 7.81 रुपये का लो बनाया। यह स्टॉक अपने 52 हफ्ते के हाई (13.02 रुपये) से करीब 40 फीसदी गिरावट पर ट्रेड कर रहा है।

# उपभोक्ता आयोग ने मर्सिडीज-बेंज को 1.78 करोड़ से अधिक की खरीद राशि लौटाने को कहा

**नई दिल्ली।** दिल्ली राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने एक बड़े फैसले में मर्सिडीज-बेंज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और उसके अधिकृत डीलर ग्लोबल स्टार ऑटो एलएलपी, ओखला को आदेश दिया है कि वे एक ग्राहक को उसकी इलेक्ट्रिक कार की 1.78 करोड़ से अधिक की पूरी कीमत लौटाएं। इसके साथ ही आयोग ने मानसिक पीड़ा और उत्पीड़न के लिए 5 लाख रुपए हर्जाना और 50,000 रुपए मुकदमे की लागत का भी भुगतान करने का निर्देश दिया। यह मामला उस समय सामने आया जब शिकायतकर्ता ने नवंबर 2022 में खरीदी गई मर्सिडीज इलेक्ट्रिक कार में लगातार तकनीकी खराबी की शिकायत की। कार को एक साल के भीतर चार बार वर्कशॉप भेजा गया और अक्टूबर 2023 में आखिरी मरम्मत के बाद से ही वह कंपनी के पास ही रही। शिकायतकर्ता ने यह आरोप भी लगाया कि कंपनी को कानूनी नोटिस भेजने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। आयोग की अध्यक्ष न्यायमूर्ति संगीता ढींगरा सहगल और सदस्य पिंकी ने अपने आदेश में कहा कि बार-बार की मरम्मत से यह स्पष्ट है कि वाहन में **निर्माण संबंधी दोष** था, जिसे निर्माता ने ठीक नहीं किया और न ही वाहन बदला। आयोग ने कहा कि कार का मॉडल अब बंद हो चुका है और वाहन अभी भी डीलरशिप के पास है, इसलिए उपभोक्ता को पूरी राशि लौटाना ही एकमात्र विकल्प है।

# उच्चतम न्यायालय ने वोडाफोन आइडिया की एजीआर विवाद पर सुनवाई के लिए दी सहमति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दूरसंचार क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड की उस याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति दे दी है, जिसमें 2016-17 तक के अतिरिक्त समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) की मांगों को रद्द करने की गुहार की गई है। न्यायालय ने इस याचिका पर सुनवाई के लिए अगले शुक्रवार की तारीख तय की है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने वोडाफोन की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी तथा केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों को गंभीरता से सुना। विधि अधिकारी ने बताया कि अब परिस्थितियां बदल गई हैं और संबंधित पक्ष समाधान खोजने के इच्छुक हैं। कंपनी ने आठ सितंबर को दूरसंचार विभाग को वित्त वर्ष 2016-17 तक के सभी एजीआर बकाया का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए एक नई याचिका दायर की थी। इस याचिका में कटौती सत्यापन दिशानिर्देशों के अनुसार बकाया की व्यापक समीक्षा करने का अनुरोध किया गया है। इससे पहले इस साल की शुरुआत में, उच्चतम न्यायालय ने 2021 के अपने आदेश की समीक्षा से इनकार किया था, जिसमें दूरसंचार कंपनियों के एजीआर बकाया की गणना में कथित गलतियों को सुधारने का अनुरोध ठुकरा दिया गया था। सितंबर 2020 में अदालत ने दूरसंचार कंपनियों को एजीआर से जुड़े 93,520 करोड़ रुपये के बकाया के भुगतान के लिए 10 साल की समय सीमा दी थी।

# सेविंग अकाउंट से बेहतर हैं शॉर्ट-टर्म फंड्स, जानें निवेश का गोल्डन रूल

**नई दिल्ली।** अधिकांश लोग अपना पैसा बचत खाते में ही छोड़ देते हैं, लेकिन वहां मिलने वाला ब्याज महंगाई के मुकाबले बहुत कम होता है। निवेश विशेषज्ञ कहते हैं कि शॉर्ट-टर्म फंड्स में पैसा लगाने से बेहतर रिटर्न मिल सकता है। एक म्युचुअल फंड एक्सपर्ट के अनुसार निवेश की अवधि के हिसाब से फंड का चुनाव करना जरूरी है। अगर कुछ हफ्तों के लिए निवेश करना है तो ओवरनाइट और लिक्विड फंड्स बेहतर रहते हैं। 3-6 महीने के लिए अल्ट्रा शॉर्ट ड्यूरेशन फंड और 6-12 महीने के लिए मनी मार्केट या लो ड्यूरेशन फंड उपयुक्त हैं। निवेश विशेषज्ञ बताते हैं कि निवेश से पहले क्रेडिट क्वालिटी, एक्सपेंस रेशियो और एग्जिट लोड जरूर जांचें। कम खर्च वाले फंड शॉर्ट-टर्म निवेश में ज्यादा फायदे देते हैं। इसके साथ ही, डेट फंड्स के रिटर्न पर टैक्स लगता है, इसलिए टैक्स की योजना भी बनाएं। लंबी अवधि के निवेश के लिए सिर्फ डेट फंड पर निर्भर न रहें। तीन साल से ज्यादा निवेश के लिए इक्विटी या हाइब्रिड फंड्स बेहतर विकल्प हैं, जो महंगाई को मात देने में मदद करते हैं। हाइब्रिड फंड्स में इक्विटी और डेट दोनों का मिश्रण होता है, जिससे रिस्क कम और रिटर्न बेहतर होता है।

## आज का राशिफल



**मेष**- आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। जीवनसाथी के लिए भी आप कोई नई बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं। यदि परिवार में किसी सदस्य के विवाह में कोई बाधा आ रही थी, तो वह भी दूर होंगी। नव विवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। राजनीति में कार्यरत लोग अपने कामों से एक नई पहचान बनाएंगे।

**वृषभ**- आज आपको किसी वाद-विवाद में पड़ने से बचना होगा और आपके खर्च बढ़ेंगे, लेकिन आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहने से आपको ज्यादा टेंशन नहीं होगी, लेकिन आपको भविष्य को लेकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करने की आवश्यकता है। आप अपनी किसी पुरानी गलती से परेशान रहेंगे। आपको बिजली के उपकरणों से थोड़ा दूरी बनाकर रखनी होगी और आप अपने पारिवारिक मामलों को भी घर में रहकर ही निपटाएं, तो ही आपके लिए बेहतर रहने वाला है।

**मिथुन**- आज आप अपने पेंडिंग कामों को निपटाने की पूरी कोशिश करेंगे। धर्म के मार्ग पर चलकर आपको परम सुख की प्रति होगी और आप गरीबों की सेवा के लिए भी आगे आएंगे। आप अपने आलस्य को त्याग कर कामों को पूरा करेंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई को लेकर लापरवाही करने से बचना होगा, नहीं तो बाद में इसके लिए उन्हें समस्या अवश्य आएगी। परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आ सकती है, जिसके लिए आप परेशान रहेंगे।

**कर्क**- कारोबार कर रहे लोगों का यदि कोई काम अटका हुआ था, तो वह भी पूरा होगा, जिससे स्थिति भी बेहतर होगी। धन आगमन के रास्ते खुलेंगे। माता-पिता आपको से आप पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत करेंगे। आपकी किसी नए घर मकान आदि को खरीदने की इच्छा पूरी हो सकती हैं। आप कोई लोन भी अप्लाई कर सकते हैं। आपको किसी दूसरी नौकरी का ऑफर भी आने की संभावना है।

**सिंह**- आज आर्थिक दृष्टिकोण से किए गए प्रयास बेहतर रहेंगे। आपको अपने काम पर फोकस करके आगे बढ़ना होगा। आपके मन में यदि किसी बात को लेकर कोई डर बना हुआ है, तो आप उसे दूर करने की कोशिश करें। आप अपने किसी जरूरी काम को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। आप वाणी व व्यवहार पर थोड़ा संयम रखें। परिवार में किसी बात को लेकर कहासुनी होने की संभावना है। आपकी कोई प्रॉपर्टी को लेकर डील फाइनल हो सकती है, जो लंबे समय से अटकी हुई थी।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए साहस व पराक्रम में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ मिलेगा। विदेशो से व्यापार कर रहे लोगों को थोड़ी सावधानी बरतनी होगी, उनकी किसी बात को लेकर कहां सुनी हो सकती है। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। पार्टनरशिप आपके लिए अच्छी रहेगी।

**तुला**- आज आपको अपने बढ़ते खर्चों को योजना बनाकर चलना होगा। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपको नौकर चाकरों का पूरा सुख मिलेगा। पैतृक संपत्ति की प्राप्ति होने से आपकी संपत्ति में भी इजाफा होगा। आपको अपने माताजी से किसी किए हुए वादे को पूरा करना होगा।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपने सहकारियों का पूरा लाभ मिलेगा, लेकिन आप किसी महत्वपूर्ण काम को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड ना रहे और आप आज अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे। आपको किसी पुरानी गलती को लेकर पछतावा होगा। जीवन साथी से आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे।

**धनु**- आज आपको अपने बिजनेस में भाई व बहनों का पूरा सपोर्ट मिलेगा। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी। आपको अपने किसी पारिवारिक मामले को मिल बैठकर निपटने की आवश्यकता है। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है। आपका कोई पुराना लेन-देन आपके लिए समस्या बन सकता है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**मकर**- आज आपकी कार्य कुशलता बेहतर रहेगी और आप पूरी कूटनीति से कामों को करेंगे। आपके बॉस को आपका काम करने का तरीका खूब पसंद आएगा। आपका कोई परिजन आपके घर आ सकता है। आप उनके साथ में लगे नजर आएंगे। भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपको की कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके कुछ नए प्रयास बेहतर रहेंगे और आपको कोई साइड इनकम की संभावना है, लेकिन आप कार्य क्षेत्र में किसी पॉलिटिक्स का हिस्सा ना बनें, नहीं तो इससे आपके आपसी संबंध खराब हो सकते हैं। प्रेम जीवन जी रहे लोग आपके साथी के साथ समय बिताएंगे।

**मीन**- आज आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहेगा और आपके मन में टेंशन भी रहेगी, जिससे आपका काम करने में मन भी थोड़ा कम लगेगा। आपको कोई बैंक से संबंधित काम आ सकता है, जो आपको परेशान करेगा। आप किसी काम को लेकर यदि यात्रा पर जा रहे थे, तो थोड़ा सावधानी बरते क्योंकि उसमें आपकी आपको कोई समस्या खड़ी हो सकती है।

## शब्दजाल - 8026

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ट | र | प | ट | र | धि | क | र | प | इ |
| न | ग | क | म | इं | डो | ने | ह | ति | म | श्त |
| अ | दा | आ | र्ड | र | र | अं | ना | ह | प | फ |
| हु | ग | ल | मा | ज | क्ष | स | रा | ह | इ | र |
| ब | क्म | अ | नु | म | ति | क | र | क | त्ते | मा |
| द | अ | कि | र | क | दा | क | नि | र्दे | श | न |
| स | मा | दे | श | व | था | र | त | म | क | ग |
| आ | दे | श | र | न | प | य | रा | घु | ग | ला |
| अ | दि | ल | वा | ले | दा | र | जा | म | वी | दे |
| र | ज | ति | मा | हि | द | ह | ज | द | ल | र |
| बां | र | ल | प | रु | इ | जा | ज | त | र | म |

शब्दजाल में 'आज्ञा' के 10 पर्यायवाची शब्द ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

आदेश, आर्डर, कहना, फरमान, समादेश, निर्देश, हिदायत, इजाजत, अनुमति, हुक्म

### शब्दजाल - 8025 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | श | सी | ज | ब | ज | ग | ल | व |
| रा | ज | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना | ज | कां | ड़ |
| य | प | आ | हे | ज | दी | ना | अ | व | प | रू |
| इं | नौ | बे | का | ब | वा | स | त | ल | ट | प |
| प | ना | ह | प्या | र | तो | हो | स | ही | था | त |
| अ | न | क | प | र | स्व | ल | वी | ण | ई | व |
| द | नु | न | न | ट्रे | रू | ब्र | र | ज | व | र |
| क | र | कृ | प | क्श | प | का | र | चो | श | ख |
| र | व | त | ति | रा | हो | प | य | अ | रे | अ |
| क | र | ल | प | र्जु | ज | ता | रे | आ | प | द |
| क | ड | क | अ | ध | न | चि | त्र | ब | त | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 6970

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | 9 | | ■ | | ■ | 10 | | 11 | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | | ■ | | ■ |
| 14 | ■ | 15 | | 16 | ■ | 17 | | ■ | 18 |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | 23 | |
| ■ | | ■ | 24 | | | ■ | 25 | | ■ |
| 26 | ■ | 27 | | ■ | 28 | 29 | ■ | 30 | 31 |
| | ■ | ■ | 32 | 33 | ■ | 34 | | ■ | |
| 35 | | | ■ | 36 | | | ■ | 37 | |

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तेरे नैना मेरे नेनों की' गीत वाली फिल्म-३
२. फिल्म 'खुदगर्ज' में नायिका कौन थी-३
३. अनिलकपूर, माधुरी नम्रता की फिल्म-३
५. 'सैंया दिल में आना रे' गीतवाली फिल्म-३
६. फिल्म 'बारूद' में अक्षय की नायिका-३
९. बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-२
१०. 'जरा तसवीर से तू' गीत वाली फिल्म-४
११. 'एक दूजे के लिए' में कमल हासन के किरदार का क्या नाम था-२
१२. फिल्म 'चोर मचाए शोर' में नायक-२
१४. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'शीशा हो या दिल हो' गीत वाली फिल्म-२
१६. सुनील शेट्टी, सोनाली की 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली गोविंदा, नीलम की फिल्म-२
२०. 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'और हम तुम' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-३
२३. फिल्म 'निकाह' की नायिका-३
२४. राज कपूर, नर्गिस की 'दम भर जो उधर' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'जब ना माना दिल' गीत वाली कमल सदाना, काजोल की फिल्म-३
२९. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'जीवन से भरी तेरी आँखें' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'मेरा पिया' गीत वाली माधुरी की फिल्म-३
३३. विक्रम, लक्ष्मी की 'दिल क्या करे जब किसी को' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अशोककुमार, नूतन, धर्मेन्द्र की 'ओ जाने वाले' गीत वाली फिल्म-३
४. गोविंदा, शिल्पा शेट्टी की 'स्पॉप दैट मेरी मर्जी' गीत वाली फिल्म-४
७. 'आज गालो मुस्कुरालो' गीत वाली राजेंद्र, धर्मेन्द्र, माला की फिल्म-३
८. फिल्म 'कभी कभीण' में ऋषिकपूर के साथ किस की जोड़ी थी-३
१०. १९७१ में आई अमिताभ, योगिता बाली का एक फिल्म-४
१३. 'कभी शाम ढले' गीतवाली फिल्म-२
१५. 'गोरी तेरा नखरा' गीत वाली बॉबी देओल, करिश्मा की फिल्म-३
१७. 'शादी के लिये रजामंद' गीत वाली फिल्म-२
१९. सैफ अली, काजोल की फिल्म-३
२१. अनिलधवन, नीतू सिंह की 'तेरी गलियों में ना' गीतवाली फिल्म-३
२३. 'तु मेरे पास भी है' गीत वाली फिल्म-२
२४. राजेंद्रकुमार, साधना की फिल्म-३
२५. अनिलकपूर, माधुरी की 'खत लिखना है' गीतवाली फिल्म-२
२७. राजीव, डिम्पल की फिल्म-२
२८. संजयदत्त, अभिषेक, जायेद, एशा, राइमा, शिल्पा की फिल्म-२
३०. 'तसवीर तेरी दिल में' गीत वाली देवआनंद, माला सिन्हा की फिल्म-२
३२. फिल्म 'हम तो मुहब्बत करेगा' में बॉबी देओल के किरदार का नाम-२
३४. 'देखें भी तो क्या' गीत वाली फिल्म-२
३५. 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-३
३६. दिलीपकुमार, वैजयंतीमाला की 'तेरे हुस्न की क्या' गीत वाली फिल्म-३
३७. फिल्म 'अलग-अलग' में राजेश खन्ना की नायिका कौन थी-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 6969

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नि | ता | ■ | जो | र | ■ | बे | ना | म |
| नु | ■ | रा | का | ■ | वी | र | ता | ■ | म |
| म | र्द | ■ | श | बा | ना | ■ | ब | बी | ता |
| लि | ■ | ता | ■ | बू | ■ | सु | ■ | ना | ■ |
| क | भी | क | भी | ■ | सु | हा | ग | रा | त |
| ■ | गी | त | ■ | चि | रा | ग | ■ | य | ■ |
| गो | रा | ■ | शा | ■ | ग | ■ | चि | ■ | ह |
| ■ | त | क | दी | र | ■ | इं | त | का | म |
| ज | ■ | री | ■ | त | ब्बू | ■ | चो | ■ | रा |
| या | रा | ना | ■ | न | ■ | अ | र | बा | ज |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

20 सितम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | कन्या | 05.34 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | तुला | 07.49 बजे से |
| मंगल | तुला में | वृश्चिक | 10.04 ब.से |
| बुध | कन्या में | धनु | 12.20 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मकर | 14.25 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | कुंभ | 16.11 बजे से |
| शनि | मीन में | मीन | 17.44 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मेष | 19.15 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृष | 20.55 बजे से |
| | | मिथुन | 22.53 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | कर्क | 01.06 बजे से |
| | | सिंह | 03.22 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 263 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आश्विन (दक्षिण भारत में भाद्रपद) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्दशी 00.17 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** मघा 08.06 बजे को समाप्त। **योग** साध्य 20.07 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 11.54 बजे तदनन्तर शकुनि 00.17 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.8 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 01° 05' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872473 **जूलियन दिन** 2460938.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 27 **विशेष** चतुर्दशी श्राद्ध।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: किताबी ज्ञान

पुराने जमाने की बात है। एक व्यक्ति अध्ययन करने काशी गया। विभिन्न शास्त्रों की जानकारी प्राप्त करने में उसे बारह वर्ष लग गए। जब वह लौटा तो घर के लोग काफी प्रसन्न हुए। पत्नी ने उसके स्नान के लिए गर्म पानी तैयार किया। वह उस बर्तन को लेकर स्नान गृह गई। उसने देखा कि वहां हजारों चींटियां हैं। उसने सोचा कि कहीं वे बेचारी बेमौत न मर जाएं, इसलिए उसने गर्म पानी के बर्तन को दूसरे स्थान पर रख दिया। पति आया और बर्तन को उठाकर फिर पहले वाले स्थान पर ले गया और वहीं स्नान करने लगा। पत्नी ने देखा तो वह परेशान हो गई। उसने कहा, 'मैंने गर्म पानी का यह बर्तन वहां रखा था, यहां कैसे आ गया?' पति ने कहा, 'तुम भी अजीब बात करती हो। स्नान का स्थान यही है। मैं यहीं नहाऊंगा न। मैं ही उस बर्तन को यहां उठा लाया।' इस पर पत्नी बोली, 'मैं भी पहले यहीं रखना चाह रही थी, लेकिन यहां चींटियां बहुत हैं। आपके स्नान के पानी से वे सब मर जाएंगी। इसलिए मैंने इसे दूसरे स्थान पर रखा था।' पति बोला, 'यह तो अजीब मूर्खतापूर्ण बात है। क्या मैं चींटियों को जिलाने के लिए ही जनमा हूं? अगर मैं इसी तरह हर किसी की चिंता करता रहा तो जीना मुश्किल हो जाएगा।' इस बात से पत्नी दुखी हो गई। उसने कहा, 'बारह वर्ष तक आपने विद्याध्ययन किया। काशी में रहे। लेकिन समझ में नहीं आता कि आपने क्या हासिल किया। ऐसे किताबी ज्ञान से क्या लाभ, जो आपके भीतर संवेदना न पैदा कर सके। क्या आप इतना भी नहीं समझ सके कि किसी प्राणी को अकारण पीड़ा नहीं पहुंचानी चाहिए। ज्ञान का सार तो संवेदनशीलता है। यदि हमारे मन में दूसरों के प्रति सहानुभूति नहीं जागी तो बहुत बड़ा बौद्धिक ज्ञान भी उपयोगी नहीं है।' यह सुनकर पति लज्जित हो गया और वहां से निकलकर दूसरी जगह नहाने लगा।

## सूडोकु नवताल- 7279

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | | | 7 | 4 | | 8 | |
| | 8 | 5 | 6 | 2 | | | 4 | 9 |
| 7 | | | | | | 6 | | 3 |
| | 3 | 9 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 8 | | | | 5 |
| | 6 | | | | 2 | 9 | 3 | |
| 4 | | 7 | | | | | | 2 |
| 8 | 2 | | | 5 | 9 | 1 | 7 | |
| | 1 | | 2 | 3 | | | 5 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 7278 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 1 | 9 | 6 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 2 | 9 | 5 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 9 |

## शब्द पहेली - 8494

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | | ■ | | ■ | 7 | 8 |
| | ■ | 9 | | 10 | | ■ | ■ | |
| 11 | | | ■ | | ■ | 12 | | |
| ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| 15 | | | ■ | 16 | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | ■ | 19 | | 20 | | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. कलाकार,अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला,वेणी-3
6. पैर,पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश,बंजारा-4
11. राशन,खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल,रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी,जल-2
23. नौका-2
24. देह,काया,शरीर-3
25. अगुवा,राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग,पथ-2
8. गागर,घड़ा,घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या,कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा,गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक,मसखरा-3
22. ईश्वर,भगवान-2
23. बटन,स्विच-2

### शब्द पहेली -8493 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | र | ह | म | त | ■ | म | ■ | ■ |
| ■ | ह | ■ | द | ■ | प | न | घ | ट |
| स | ब | ल | ■ | वी | रा | न | ■ | क |
| ■ | र | की | ब | ■ | या | ■ | ना | रा |
| स | ■ | र | ज | त | प | ट | ■ | व |
| र | वि | ■ | ब | ■ | न | ह | र | ■ |
| ह | ■ | म | जा | क | ■ | नी | वा | ला |
| द | फ | ना | ना | ■ | सा | ■ | य | ■ |
| ■ | ■ | ही | ■ | ग | फ | ल | त | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुए। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों के बीच ही मुनाफावसूली हावी होने से आई है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 387.73 अंक टूटकर 82,626.23 जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 96.55 अंक फिसलकर 25,327.05 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान बैंकिंग शेयरों में गिरावट रही। निफ्टी बैंक 0.48 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। वहीं निफ्टी आईटी 0.47 फीसदी), निफ्टी ऑटो 0.40 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 0.64 फीसदी और निफ्टी एफएमसीजी 0.44 फीसदी नीचे आया। निफ्टी पीएसयू बैंक 1.28 फीसदी, निफ्टी फार्मा 0.50 फीसदी , निफ्टी मेटल 0.35 फीसदी, निफ्टी रियल्टी 0.55 फीसदी औप निफ्टी एनर्जी 0.86 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। आज अदाणी समूह के करीब सभी शेयरों में तेजी रही। सेंसेक्स पैक में अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, एसबीआई, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, सनफार्मा, मारुति, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व और इन्फोसिस के शेयरों में बढ़त रही जबकि एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, एचयूएल, एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक, पावर ग्रिड और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में गिरावट रही। इससे पहले आज सुबह भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत कमजोर रही। सुबह बाजार गिरावट के साथ खुले। वहीं एशियाई बाजारों में बढ़त देखने को मिली। सेंसेक्स 150 अंकों की गिरावट के साथ 82,946.04 पर खुला और खुलने के कुछ ही मिनटों में यह और टूटकर 82,730.26 पर पहुंच गया। इसी तरह, निफ्टी ने 25,410.20 के स्तर पर शुरुआत की लेकिन जल्द ही 25,400 के नीचे फिसल गया। वहीं वैश्विक बाजारों की बात करें तो एशिया में जापान का निक्केई इंडेक्स 0.8 फीसदी चढ़कर रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया। जापान की कोर महंगाई अगस्त में घटकर 2.7 फीसदी पर आ गई, जो कि नवंबर 2024 के बाद सबसे निचला स्तर है। उधर, अमेरिका के शेयर बाजारों में भी मजबूती रही। फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में संभावित कटौती के संकेत मिलने के बाद एसएंडपी 500, नेस्डेक और डा जोंस में अच्छी तेजी देखी गई। इन तमाम संकेतों के बीच निवेशकों को सतर्कता बरतते हुए चुनिंदा और मजबूत कंपनियों में निवेश करने की सलाह दी जा रही है। बाजार में अस्थिरता बनी रह सकती है, लेकिन अदाणी ग्रुप की रिकवरी और वैश्विक रुख से सकारात्मक संकेत भी मिल रहे हैं।




# 1 अक्टूबर से लागू होंगे बड़े बदलाव, एनपीएस और ऑनलाइन गेमिंग में होंगे नए नियम

नईदिल्ली। देश में 1 अक्टूबर, 2025 से राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) और ऑनलाइन गेमिंग के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण बदलाव लागू होने जा रहे हैं। ये बदलाव आम जनता के लिए फायदेमंद और सुरक्षा बढ़ाने वाले साबित होंगे। पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएफआरडीए) ने एनपीएस को और अधिक फ्लेक्सिबल बनाने के लिए नया मल्टीपल स्कीम फ्रेमवर्क लागू किया है। अब एक ही पैन नंबर से कई स्कीमों में निवेश किया जा सकेगा। इससे निवेशकों को अपनी जोखिम क्षमता के अनुसार हाई-रिस्क इक्विटी या अन्य स्कीमों में निवेश करने का मौका मिलेगा। नए नियमों के तहत एनपीएस में शामिल होने और निकासी की उम्र सीमा बढ़ाई जाएगी। साथ ही, लंपसम विड्रॉल की लिमिट भी बढ़ेगी, जिससे निवेशक अपनी जरूरत के अनुसार अधिक राशि निकाल सकेंगे। इसके अलावा, खाते को बिना किसी बाधा के चालू रखने के लिए ऑटोमैटिक कंटिन्युएशन की सुविधा भी दी जाएगी। सरकारी कर्मचारियों के लिए पीआरएएन खोलने पर 18 रुपए शुल्क और ऑफलाइन पीआरएएन कार्ड पर 40 रुपए शुल्क लागू होगा। हालांकि, जीरो बैलेंस वाले अकाउंट और लेनदेन पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। वहीं केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि 1 अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग के लिए कड़े नियम लागू होंगे। यह नियम गेमिंग को और अधिक सुरक्षित बनाने और धोखाधड़ी रोकने के लिए बनाए गए हैं। इसके पहले गेमिंग कंपनियों, बैंकों और अन्य पक्षों के साथ अंतिम बैठक की जाएगी।

# एटीएम से पैसा नहीं निकले और अकाउंट से कट जाए तो घबराएं नही

नई दिल्ली। एटीएम से पैसे निकालने गए और मशीन से कैश नहीं निकला, लेकिन आपके बैंक खाते से पैसे कट गए? अगर ऐसा आपके साथ हो जाए तो घबराने की जरूरत नहीं। कुछ आसान तरीके अपनाकर पैसा वापस पा सकते हैं। आजकल लोग भले ही यूपीआई से पेमेंट करते हों, लेकिन एटीएम से कैश निकालना अभी भी जारी है। कई बार तकनीकी खराबी की वजह से एटीएम से पैसे नहीं निकलते हैं लेकिन अकाउंट से राशि कट जाती है। बता दें सबसे पहले पैसे निकालने के लिए जल्दबाजी न करें। अगर एटीएम से कैश नहीं निकला या अटक गया है तो थोड़ा इंतजार करें। कभी-कभी मशीन को पैसे निकालने में समय लगता है। जबरदस्ती नोट खींचने की कोशिश न करें, इससे नोट फट सकता है या मशीन खराब हो सकती है। अगर इंतजार के बाद भी पैसा नहीं निकले, तो ट्रांजेक्शन रिसिप्ट को संभालकर रखें। आपके फोन पर आए मैसेज को भी सुरक्षित रखें, जिसमें ट्रांजेक्शन की जानकारी होती है। इसके अलावा एटीएम का नंबर नोट करें, जो मशीन पर लिखा होता है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नियमों के मुताबिक अगर एटीएम से पैसा नहीं निकला, लेकिन अकाउंट से राशि कट गई, तो बैंक को पांच दिन के अंदर पैसा वापस करना होता है। अगर बैंक ऐसा नहीं करता, तो उसे आपको 100 रुपए हर दिन का मुआवजा देना होगा, जो 5 दिन बाद से शुरू होकर पैसे वापस आने तक मिलेगा, लेकिन इसके लिए आपको बैंक को सूचित करना जरूरी है। 24 घंटे तक इंतजार करें, क्योंकि कई बार बैंक खुद ही पैसा वापस कर देता है। अगर 24 घंटे बाद भी पैसा नहीं आता है, तो तुरंत बैंक के कस्टमर केयर से संपर्क करें। शिकायत करते समय एटीएम की लोकेशन, ट्रांजेक्शन की तारीख, समय, ट्रांजेक्शन आईडी और रसीद की जानकारी दें। अगर कस्टमर केयर से बात नहीं बनती, तो अपनी बैंक ब्रांच में जाएं या बैंक की वेबसाइट पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें। अगर बैंक आपकी शिकायत को नहीं मानता, तो आप बैंक के इंटरनल ऑम्बुड्समैन से संपर्क कर सकते हैं। हर बैंक में एक ऑम्बुड्समैन ऑफिसर होता है, जिसकी जानकारी बैंक की वेबसाइट पर मिलती है।

# नवरात्रि पर्व को लेकर प्रशासनिक अमले ने दुर्गा उत्सव समितियों व शांति समिति के सदस्यो की बैठक लेकर दिये निर्देश

लांजी ( पद्मेश न्यूज )। आगामी 22 सितंबर से शारदेय नवरात्रा पर्व प्रारंभ हो रहा है जिसको लेकर 19 सितंबर को जनपद पंचायत लांजी के सभा गृह में प्रशासनिक अमले के द्वारा दुर्गा उत्सव समिति एवं शांति समिति के सदस्यो की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम कमलचंद सिंहसार के द्वारा की गई। जिसमें तहसीलदार हिम्मतसिंह भवेदी, थाना प्रभारी बीभेन्द्रु व्यंकट टांडिया, सीएमओ मयूर वाहने, उनि दीप परमार सहित शांति समिति के सदस्य गण एवं पत्रकार गणो की उपस्थिती में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से थाना प्रभारी विभेन्द्रु व्यंकट टांडिया के द्वारा सभी दुर्गा उज्सव समिति के सदस्यों को विशेष रूप से निर्देश दिये गये है कि विगत समय देखा गया कि श्री गणेश जी प्रतिमाओं के विसर्जन के समय डीजे में अश्लील गाने बजाये जा रहे थे, समय का कोई ध्यान नही रखा जा रहा था, सुबह से प्रतिमा विजर्सन के लिये निकलती है तो रात्रि पर्यप्त तक प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है जो कि नियम विरूद्ध तो है ही लेकिन धार्मिक आस्थाओं को भी ठेस पंहुचाने का कार्य है। हम सभी को स्वयं इस विषय को संज्ञान में लेना चाहिये, विजर्सन के समय शराब पीकर नाच गाना ना करे इस बात का भी ध्यान समिति के सदस्य और उनके पदाधिकारियों को रखना चाहिये। श्री टांडिया इन्ही सभी विषयों को ध्यान मे रखते हुये दुर्गा प्रतिमाओ के विसर्जन को लेकर खास दिशा निर्देशों से समिति के सदस्यो एवं गणमान्य नागरिकों को अवगत कराया गया है।





## दुर्गा समितियो सें लिया गया शपथ पत्र

क्षेत्र की समस्त दुर्गा उत्सव समितियों से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नाम शपथ लिया गया है जिसमें लेख है कि शपथ कर्ता स्वज्ञान अनुसार शपथ करता हूँ कि शपथ कर्ता एवं सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति का अध्यक्ष एवं इस ग्राम का निवासी हूँ, प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माँ दुर्गा जी की प्रतिमा स्थापित अपने ग्राम में दिनांक 22 सितंबर को किया जाना सुनिश्चित है। तथा 3 अक्टूबर को दशहरा पर्व के दुसरे दिन प्रतिमा का विसर्जन विधि पूर्वक किया जायेगा। यह कि मॉ दुर्गा उत्सव समिति में 22 सितंबर से 3 अक्टूबर तक रात्रि के समय विविध कार्यक्रम किया जाना है जिसमें ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग शासन के निर्देशानुसार एवं नियमानुसार ही किया जायेगा। तथा माता रानी की प्रतिमा का विसर्जन ध्वनि विस्तार यंत्र का उपयोग अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी के अनुमति के आधार पर ही होगा। यदि हमारे समिति के द्वारा किसी भी प्रकार से कोई विवाद या जनहानि होती है तो इसमे समिति के सभी सदस्यो की जवाबदारी होगी। डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है।

## दुर्गा उत्सव समिति के सदस्य नियमो का करे पालन

बैठक में एसडीएम कमलचंद सिंहसार के द्वारा सभी दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों, सदस्यो से कहा गया कि प्रशासन के द्वारा जो भी निर्देश दुर्गा उत्सव को लेकर बनाये गये है उनका नियमानुसार पालन किया जाये। रात्रि 10 बजे के बाद प्रतिमाऐं विसर्जित ना करे, समय का ध्यान रखे ताकि सुव्यस्थित रूप से प्रतिमाओं का विजर्सन किया जाये। विसर्जन स्थल पर व्यवस्थाओं के लिये सीएमओ नगर परिषद लांजी, थाना प्रभारी लांजी, थाना प्रभारी बहेला सहित समस्त क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। डीजे की आवाज न्यूनतम पैमाने पर हो इसका ध्यान रखे, कही भी पटाखा ना फोड़े, समय पर प्रतिमाओ का विसर्जन समितियॉ सुनिश्चित करे। ध्यान रहे किसी भी प्रकार की अनियमितताऐं पाई जाति है तो समिति के पदाधिकारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी तथा सभी दुर्गा उत्सव समिति नियमानुसार ही विद्युत कनेक्शन लेकर ही कार्य करे। तथा क्षेत्र के समस्त दुर्गा उत्सव समिति अपनी अपनी समिति के जानकारी मय शपथ के सथा मेरे कार्यालय एवं पुलिस थाना लांजी में प्रस्तुत करे।

# सिविल अस्पताल लांजी में 21 को विशाल स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर

लांजी (पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश शासन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सेवा पखवाड़े के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत कल 21 सितंबर को




विशाल स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे के मुख्यातिथ्य में आयोजन किया गया है। उक्त शिविर के संबध में सिविल अस्पताल लांजी के बीएमओ डॉ अक्षय उपराड़े के द्वारा जानकारी में बताया गया कि शिविर का आयाजन कल 21 सितंबर प्रात- 9 बजे से शाम 5 बजे तक किया जायेगा। जिसमें विशेषज्ञ डॉक्टर्स प्रमेश गायधने हृदय रोग विशेषज्ञ, डा राजू माहुले लीवर व उदर रोग विशेषज्ञ, डॉ राजेश खापरे हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ शुभम पटले एमडी मेडीसिन के अलावा, सिविल अस्साल लांजी से डॉ रजनी शेण्डे स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ अंकित खरोले बाल शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ सृष्टि गुप्ता दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ रूपेन्द्र गिरीया चिकित्सा अधिकारी, डॉ अंकित तुरकर, डॉ हितेश नगपुरे, डॉ प्रशांत पाटिल आयुष चिकित्सा अधिकारी तथा प्राईवेट चिकित्सक संघ से डॉ राजेश रणदिवे, डॉ किशोर सोनवाने, डां अमित खरोले एमबीबीएस, मार्गदर्शक मण्डल सीएचएमओ डॉ परेश उपलप बालाघाट की उपस्थिती में उक्त शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर में सभी प्रकार के जांच भी किये जायेंगे। शिविर का लाभ लेने हेतु खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ अक्षय उपराडे के द्वारा सभी क्षेत्र वासियों से अपील की गई है, ताकि क्षेत्र की जनता पूर्ण रूप से इस शिविर का लाभ ले सके।

# दहेगांव में कृषि अधिकारियों ने जीराशंकर धान फसल का किया निरीक्षण

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी तहसील के अंतर्गत ग्राम दहेगांव में 19 सितम्बर 2025 को कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसान महेंद्र पटले के खेत में जीराशंकर धान की फसल का निरीक्षण किया। इस दौरान कृषि विभाग एसडीओ खुदीराम सनोडिया, इन्दु उइके कृषि विस्तार अधिकारी, बरखा इड़पांचे कृषि विस्तार अधिकारी, विनय उइके आत्मा समिति, अधिकारियों ने फसल की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया और कीट, व्याधि एवं विभिन्न बीमारियों की रोकथाम के लिए किसान को आवश्यक सलाह दी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने फसल की वृद्धि, स्वास्थ्य और उत्पादन क्षमता को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। कृषि अधिकारियों ने किसान महेंद्र पटले से धान की फसल में उर्वरक के उपयोग, छिड़काव और निंदाई के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बताया कि धान की फसल इस समय गभोट अवस्था में है, जो कि फसल के विकास का एक महत्वपूर्ण चरण है। इस अवस्था में फसल को पोषक तत्वों की विशेष आवश्यकता होती है। अधिकारियों ने सलाह दी कि इस चरण में केवल यूरिया की टॉप ड्रेसिंग की जाए, ताकि फसल को आवश्यक नाइट्रोजन मिल सके और उसका स्वस्थ विकास हो। इसके साथ ही, उन्होंने अनावश्यक रासायनिक उर्वरकों के उपयोग



से बचने की सलाह दी, ताकि मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव न पड़े। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कीट और रोगों की रोकथाम के लिए जैविक और रासायनिक उपायों के संतुलित उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने किसान को निंदाई के महत्व को समझाया और बताया कि समय पर निंदाई करने से फसल को खरपतवारों से होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है। इसके अलावा, फसल में पानी के समुचित प्रबंधन और सिंचाई के लिए उचित तकनीकों का पालन करने की सलाह दी गई। कृषि विभाग के इस निरीक्षण का उद्देश्य क्षेत्र के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और वैज्ञानिक विधियों से अवगत कराना था, ताकि वे अपनी फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में वृद्धि कर सकें। किसान महेंद्र पटले ने कृषि अधिकारियों की सलाह को उपयोगी बताते हुए कहा कि इस प्रकार की जानकारी और मार्गदर्शन से उन्हें अपनी फसल को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। कृषि विभाग के एसडीओ खुदीराम सनोडिया ने बताया कि इस तरह के निरीक्षण और जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि क्षेत्र के सभी किसानों को समय-समय पर उचित मार्गदर्शन और तकनीकी सहायता मिल सके। विभाग ने किसानों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की समस्या या जानकारी के लिए नजदीकी कृषि कार्यालय से संपर्क करें।

# 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत नगर परिषद के सफाई मित्रों और उनके परिवारों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण





लांजी (पद्मेश न्यूज)। 'स्वच्छता ही सेवा 2025' अभियान और अंगीकार योजना 2025 के अंतर्गत 19 सितम्बर को नगर परिषद लांजी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नगर परिषद के समस्त सफाईमित्रों, कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य की व्यापक जांच की गई। शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले सफाईमित्रों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना था, ताकि वे स्वस्थ रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन और बेहतर तरीके से कर सकें। स्वास्थ्य शिविर में सफाईमित्रों और उनके परिजनों की रक्तचाप (बी.पी.), मधुमेह (शुगर), और अन्य आवश्यक चिकित्सीय जांचें की गईं। इसके अतिरिक्त, जिन सफाईमित्रों या उनके परिवार के सदस्यों के पास आयुष्मान भारत कार्ड नहीं था, उन्हें आयुष्मान कार्ड बनवाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से वे मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने सभी को समय-समय पर आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविरों में भाग लेने और गंभीर बीमारियों की स्थिति में विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लेने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी मयूर वाहने और खंड चिकित्सा अधिकारी अक्षय उपराड़े विशेष रूप से उपस्थित थे। श्री वाहने ने बताया कि नगर परिषद लांजी द्वारा सफाईमित्रों के कल्याण के लिए इस तरह के प्रयास निरंतर किए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा, सफाईमित्र हमारे समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, और उनकी सेहत का ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी है। वहीं, श्री उपराड़े ने स्वास्थ्य शिविर की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच से बीमारियों का समय पर पता लगाया जा सकता है, जिससे उपचार आसान और प्रभावी हो जाता है। यह स्वास्थ्य शिविर न केवल सफाईमित्रों के लिए बल्कि उनके परिवारों के लिए भी एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। शिविर में उपस्थित लोगों ने इस आयोजन की सराहना की और इसे सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति एक सकारात्मक कदम बताया।

# लोधी महासभा ने खैरलांजी महाविद्यालय का जताया आभार

## वीरांगना रानी अवंती बाई की मूर्ति लगाने के लिए मिली मंजूरी

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। लोधी महासभा खैरलांजी के अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष राकेश बनोटे ने वीरांगना रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि महाविद्यालय जनभागीदारी समिति द्वारा प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए वीरांगना रानी अवंती बाई की मूर्ति स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई । जिससे लोधी समाज में खुशी की लहर है । श्री बनोटे ने कहा कि वीरांगना अवंती बाई ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण त्याग दिए थे। उनकी यह जीवनी छात्रों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है , विगत लगभग दो वर्ष से महाविद्यालय को लगातार मेरे द्वारा अवगत करवाया जा रहा था की वीरांगना रानी अवंती बाई की मूर्ति यहां पर लगाई जाए । किंतु जन भागीदारी समिति की बैठक नही होने के कारण यह विषय काफी दिनों से लंबित पड़ा था। किंतु गत दिवस बैठक में यह प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास कर लिया गया । समिति के द्वारा कहा गया कि जिस नाम से महाविद्यालय है उन महापुरुष की मूर्ति



लगाना हमारे लिए सौभाग्य की बात है और जल्द ही लोधी समाज एवं जनभागीदारी समिति के द्वारा मिलकर महाविद्यालय में मूर्ति की स्थापना की जाएगी। इस पर खैरलाँजी लोधी महासभा के अध्यक्ष राकेश बनोटे के द्वारा समिति का आभार प्रकट किया है।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# पीजी कॉलेज बालाघाट में हेल्थ एण्ड वैलनेस व्याख्यान माला का हुआ आयोजन



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। हेल्थ एण्ड वैलनेस कार्यक्रम कें अंतर्गत 19 सितम्बर को प्रधानमंत्री एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अधीर घोड़ेश्वर शासकीय महाविद्यालय कटंगी, जिला चिकित्सालय से रोशनी टेम्भरे एवं सीमा मिंजा उपस्थित हुये। इस अवसर पर उन्होंने हेल्थ एवं पोषण पर व्याख्यान दिया गया। इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संयोजक डॉ. राकेश पटले, डॉ.एन.एम. कुरैशी, डॉ. सरिता खोब्रागडे, डॉ. प्रशांत डहाटे, प्रो. बाबा राहुल मेश्राम, डॉ. प्रतिमा बिसेन, प्रो.खिलेश्वर ठाकरे, डॉ.योगिता पटले एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

# अफसरों-नेताओं की रंगमिजाजी और मनमानी

## न सरकार की सख्ती आ रही काम...न भाजपा संगठन की हिदायत का दिख रहा असर

### भाजपा नेता ने महिला आरक्षक से की छेड़छाड़...नायब तहसीलदार ने किसान को मारा थप्पड़

भोपाल/बड़वानी/शिवपुरी/मुरैना। मप्र में अफसरों-नेताओं की रंगमिजाजी और मनमानी से जनता में आक्रोश है। आलम यह है कि शासन-प्रशासन की सख्ती के बाद भी अफसर बेलगाम हो रहे हैं। वहीं भाजपा नेता भी संगठन के दिशा-निर्देश दरकिनार कर रंगमिजाजी और मनमानी कर रहे हैं। एक तरफ किसान खाद के लिए परेशान हो रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ अफसर उनका अपमान करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इससे प्रदेश में कई बार अप्रिय स्थिति बनती दिखी है। वहीं भाजपा संगठन की हिदायत के बाद भी पार्टी के नेता अनैतिकता पर उतर रहे हैं। ताजे मामले बड़वानी, शिवपुरी और मुरैना में सामने आए हैं।

बड़वानी में भाजपा के सिलावद मंडल अध्यक्ष अजय यादव ने 30 वर्षीय हेड कॉन्स्टेबल को जबरदस्ती पकडक़र अपनी कार में बैठने को कहा। वहीं शिवपुरी के करैरा में नायब तहसीलदार ने खाद वितरण केंद्र पर टोकन लेने के लिए लाइन बदलने पर किसान को थप्पड़ मार दिया। वहीं मुरैना में एक एसडीएम द्वारा महिला को गाली देने और रात में बेटी को फोन का मामला सामने आया है। हालांकि मुख्यमंत्री के संज्ञान में आते ही उन्होंने एसडीएम को निलंबित कर दिया है।



### लेडी कॉन्स्टेबल को जान से मारने की धमकी

बड़वानी में लेडी हेड कॉन्स्टेबल ने भाजपा के सिलावद मंडल अध्यक्ष अजय यादव के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि विरोध करने पर अजय ने जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की धारा 74, 75, 78 296, 351(3) और एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। अजय यादव की तलाश में छापेमारी की जा रही है। एफआईआर के मुताबिक, घटना 17 सितंबर की है। 30 वर्षीय हेड कॉन्स्टेबल सिक लीव पर थी। वह अपनी कार से सामान खरीदने बाजार गई थी। इसी दौरान अजय यादव ने बदतमीजी की। मनावर से कांग्रेस विधायक और जयस के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. हीरालाल अलावा ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार न किए जाने पर आंदोलन करने की धमकी दी है।

### भाजपा नेता के खिलाफ केस दर्ज, पुलिस आरोपी मंडल अध्यक्ष को पकडऩे कर रही छापेमारी

### थप्पड़ मारकर किया अपमान

हाथरस गांव का रहने वाला किसान महेंद्र राजपूत खाद का टोकन लेने स्कूल पहुंचा था। महेंद्र ने बताया कि वह पहले टोकन वाली लाइन में खड़ा था, लेकिन जब देखा कि दूसरी लाइन में भीड़ कम है तो वह वहां लगने गया। तभी नायब तहसीलदार विजय त्यागी ने पकडक़र थप्पड़ मार दिया और डांटकर उसी लाइन में खड़े रहने के लिए कहा। किसान का कहना है कि उसका अपमान हुआ है। सूचना मिलते ही कांग्रेस के पूर्व किसान कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह फौजी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि किसानों को परेशान करने के लिए खाद वितरण केंद्र से 5 किलोमीटर दूर टोकन का स्थान रखा गया है। यहां न पानी की व्यवस्था है और न छांव है। यह प्रशासन की लापरवाही है। मान सिंह फौजी ने इस मामले की जानकारी फोन पर पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी को दी और नायब तहसीलदार को हटाने की मांग की।

### आरोपी बोला- मैं तुझे नौकरी नहीं करने दूंगा

लेडी हेड कॉन्स्टेबल ने पुलिस को बताया कि 17 सितंबर को मैं बाजार गई थी। भारत मार्ट के सामने कार खड़ी कर दुकान में जा रही थी। तभी अजय यादव मेरी कार का गेट खोलकर जबरन अगली सीट पर बैठ गया। उसने बुरी नीयत से मेरा बायां हाथ पकड़ लिया। कहने लगा- तू चल मेरे साथ। मैं तुझे पसंद करता हूं। मैंने हाथ छुड़ाने की कोशिश करते हुए कहा- मुझे तुम्हारे साथ नहीं जाना। तो उसने मुझे गालियां दीं और बोला- तू आदिवासी है, मेरा क्या बिगाड़ लेगी? मैंने हाथ खींचकर खुद को उससे अलग किया तो वह फिर बोला- मुझे तुमसे बात करनी है। मैंने कहा- मैं बात नहीं करना चाहती। इस पर उसने धमकी देते हुए कहा- मैं तुझे बड़वानी में नौकरी नहीं करने दूंगा। तू आदिवासी भीलड़ी क्या कर लेगी? तेरा ट्रांसफर करवा दूंगा। इसके बाद उसने मुझे जान से मारने की धमकी दी और कार से उतरकर चला गया।

### सीएम ने सबलगढ़ एसडीएम को किया निलंबित

सीएम डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को एक्स हेंडल पर मुरैना के सबलगढ़ एसडीएम को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। उनके खिलाफ एक महिला से फोन पर गाली-गलौज करने के आरोप हैं। मुरैना कलेक्ट्रेट में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान एक पीड़ित परिवार ने कलेक्टर अंकित अस्थाना से एसडीएम अरविंद माहौर की शिकायत वीडियो समेत की थी। इसके बाद कलेक्टर ने उन्हें मुख्यालय अटैच कर दिया था। कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद प्रतिवेदन तैयार कर चंबल कमिश्नर को भेज दिया है। चूंकि यह कार्रवाई कमिश्नर स्तर की है, इसलिए निलंबन आदेश वहीं से जारी होगा। सीएम ने एक्स पर लिखा कि सबलगढ़ (मुरैना) के एसडीएम अरविंद माहौर के विरुद्ध महिला से अभद्र व्यवहार एवं नियमविरुद्ध पटवारियों के तबादले करने की गंभीर शिकायतों के संज्ञान में आने के पश्चात एसडीएम को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। इस प्रकरण में कमिश्नर चंबल को अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए भी गए हैं।

### महिला को गाली देने वाले और रात में बेटी को फोन करने वाले अफसर पर गिरी गाज

### घर आकर बोला- झूठे केस में फंसा दूंगा

शिकायतकर्ता महिला और उसके पति ने बताया कि एसडीएम ने उनकी बेटी का मोबाइल नंबर पता कर लिया था। पिछले एक साल से देर रात फोन कर गलत बातें करता है। जब उनकी बेटी ने फोन उठाना बंद कर दिया तो रिश्तेदारों को फोन पर धमकाने लगा। एसडीएम ने सबलगढ़ में देवर की दुकान पर पहुंचकर धमकी दी कि तेरी बेटी और तेरी भाभी में बहुत गर्मी है, झूठे केस में फंसा दूंगा। मुझसे बड़ा कोई अधिकारी नहीं है। शिकायत में महिला ने कहा कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो परिवार सामूहिक आत्महत्या को मजबूर हो जाएगा। अब यह प्रताडऩा सहन नहीं हो रही है, इसलिए कलेक्टर से न्याय की गुहार लेकर आए हैं।

### एसडीएम ने जान से मारने की धमकी दी

युवती के चाचा ने बताया, 5 सितंबर को एसडीएम मेरी दुकान पर आए और कहने लगे तुमको बुलाया था, तो क्यों नहीं आए। मैंने कहा कि मैं मजदूरी करता हूं। एसडीएम धमकाते हुए कहने लगे कि अगर समय पर नहीं आया तो पूरे परिवार को फंसा दूंगा। मैं डर के कारण उसी शाम उनके बुलावे पर गया। तब उन्होंने गालियां दीं और जान से मारने की धमकी भी दी। मैंने मोबाइल निकाला तो उन्होंने छीन लिया। कलेक्टर को शिकायत के साथ दिए गए वीडियो में एसडीएम अभद्र भाषा में बात करते दिख रहा है। वीडियो में वह देवर से पूछ रहा है कि तेरी भाभी कहां की है?... इसके बाद कई आपत्तिजनक बातें कहीं।

### किसान के लाइन बदलने पर पिटाई

शिवपुरी के करैरा में नायब तहसीलदार विजय त्यागी ने किसान को थप्पड़ मार दिया। किसान खाद वितरण केंद्र पर टोकन लेने के लिए एक लाइन से निकलकर दूसरी लाइन में लगने की कोशिश कर रहा था। घटना शुक्रवार की है। नायब तहसीलदार ने जब किसान को थप्पड़ मारा तो वहां मौजूद अन्य किसानों ने वीडियो बना लिया। पुलिस ने मोबाइल से वीडियो डिलीट करवा दिए। लेकिन वहां मौजूद कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर इस घटना का विरोध किया। किसानों का आरोप है कि नायब तहसीलदार ने पुलिस बल का उपयोग कर वीडियो डिलीट कराया था। नायब तहसीलदार ने ही किसान से मोबाइल लेकर वीडियो डिलीट किया था। थाना प्रभारी विनोद छावई का कहना है खाद और टोकन वितरण केंद्र पर पुलिस की तैनाती है। इस प्रकार की कोई घटना नहीं हुई है। मामला सामने आने के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पीड़ित किसान से फोन पर बात की।

## रिटायर्ड उपायुक्त विनोद रघुवंशी गिरफ्तार

### धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के आरोप में चार साल की सजा हुई थी

भोपाल। 2003 के शराब ठेका फर्जीवाड़ा मामले में आबकारी विभाग के सेवानिवृत्त उपायुक्त विनोद रघुवंशी को शाहपुरा पुलिस ने शुक्रवार को उनके निवास से गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ कोर्ट ने वारंट जारी किया था। उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा। भोपाल जिला कोर्ट ने 7 जुलाई 2025 को उन्हें चार साल की सजा सुनाई थी।

भोपाल की जिला अदालत ने उन्हें शराब ठेका फर्जीवाड़े के मामले में दोषी पाया था। उन्होंने एक फर्म को फायदा पहुंचाने के लिए रिकॉर्ड में छेड़छाड़ और पार्टनरशिप डीड में हेरफेर की थी, जिससे एक पार्टनर को फर्म से बाहर कर दिया गया था।

#### 2023 में सजा के बाद अपील में गए थे

2023 में मजिस्ट्रेट कोर्ट ने विनोद को तीन साल की सजा सुनाई थी, जिसके बाद यह मामला अपील में गया और 2025 में उन्हें चार साल की सजा सुनाई गई।



फर्जीवाड़ा के समय रघुवंशी जिला आबकारी अधिकारी थे।

#### धारा 391 का जिक्र करते हुए याचिका खारिज

कोर्ट ने सीआरपीसी की धारा 391 का हवाला देते हुए कहा कि अपीलीय अदालत को न्याय सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त गवाह बुलाने का अधिकार है, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं लगता कि रघुवंशी को सबूतों की जानकारी नहीं थी। 2023 में इसलिए, हाईकोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया था।

#### अब समझते हैं पूरा मामला

फरियादी अजय अरोरा ने आरोपी के खिलाफ प्राइवेट कंप्लेंट दायर की थी। दरअसल, 5 मार्च 2002 को अजय अरोरा ने अशोक ट्रेडर्स फर्म में हिस्सेदारी ली थी और पार्टनरशिप डीड तैयार हुई थी। वह 18 प्रतिशत के हिस्सेदार थे। 6 मार्च 2002 को फर्म ने आबकारी के ठेके की नीलामी में हिस्सा लिया। आबकारी विभाग ने ठेके की नीलामी स्वीकार कर फर्म को ठेका आवंटित कर दिया। इससे फर्म को शराब के व्यवसाय का लाइसेंस मिल गया। आरोपी विनोद रघुवंशी और ओपी शर्मा ने धोखाधड़ी कर 6 मार्च 2003 की नकली पार्टनरशिप डीड तैयार कर अजय को हिस्सेदारी से बाहर कर दिया। आरोपियों ने फर्म के अन्य पार्टनर को लाभ पहुंचाने के लिए 6 मार्च से 11 मार्च 2003 के बीच भोपाल आबकारी कार्यालय के रिकॉर्ड में अजय का नाम हटाकर नकली पार्टनरशिप डीड लगा दी थी। इस मामले में फरियादी अजय की ओर से एडवोकेट विजय चौधरी और विवेक चौधरी ने पैरवी की है।

**मेलिओइडोसिस बीमारी पर सीएम मोहन यादव का सख्त एक्शन**

## किसानों का मुफ्त इलाज और स्वास्थ्य शिविरों के दिए निर्देश, एम्स की रिपोर्ट में 20 जिलों में मरीजों की पुष्टि

भोपाल। मध्य प्रदेश में टीबी जैसे लक्षणों वाली घातक बैक्टीरियल बीमारी मेलिओइडोसिस को लेकर चिंता बढ़ गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसकी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य और कृषि विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। खासकर किसानों के लिए मुफ्त इलाज और स्वास्थ्य शिविरों का ऐलान किया गया है। मेलिओइडोसिस एक दुर्लभ लेकिन घातक बैक्टीरियल संक्रमण है, जो बर्कहोल्डेरिया स्यूडोमैलेसी नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह संक्रमित मिट्टी या पानी के संपर्क से फैलता है, खासकर धान के खेतों में काम करने वाले किसानों को प्रभावित करता है। इसके लक्षण टीबी से मिलते-जुलते हैं, जैसे लगातार बुखार, सांस लेने में तकलीफ, जोड़ों का दर्द और फेफड़ों में संक्रमण। यदि समय पर इलाज न हो तो यह जानलेवा साबित हो सकता है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 18 सितंबर को इस बीमारी की रोकथाम के लिए प्रमुख सचिव स्वास्थ्य और प्रमुख सचिव कृषि को संयुक्त रूप से काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने किसानों की जांच, इलाज और रोकथाम के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाने का आदेश जारी किया है। यदि कोई किसान इस रोग से ग्रस्त पाया जाता है, तो उसका पूरा इलाज सरकारी खर्च पर कराया जाएगा। यह कदम एम्स भोपाल की 16 सितंबर की रिपोर्ट के बाद उठाया गया, जिसमें प्रदेश के 20 से अधिक जिलों में 130 मरीजों में इस बीमारी की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, यह बीमारी मुख्य रूप से ग्रामीण और कृषि-प्रधान क्षेत्रों में फैल रही है। मुख्यमंत्री ने जोर दिया कि स्वास्थ्य और कृषि विभाग मिलकर जागरूकता अभियान चलाएं, ताकि किसान सुरक्षित रहें। इसमें मिट्टी की जांच, सुरक्षात्मक उपकरणों का वितरण और तत्काल जांच कैंप शामिल हैं। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि इस बीमारी को नियंत्रित कर किसानों की सेहत सुरक्षित रखी जाए।

## वनों में स्थित आस्था स्थलों को किया जाए विकसित - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के वनांचल में ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं जिन्हें स्थानीय समुदायों द्वारा सांस्कृतिक या धार्मिक मान्यताओं के आधार पर पारंपरिक रूप से संरक्षित किया जाता है। आस्था के ये क्षेत्र न केवल आध्यात्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि जैवविविधता संरक्षण, पारिस्थितिकी संतुलन, सामुदायिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने ऐसे स्थलों को देवलोक वनों के रूप में विकसित करने की जरूरत बताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन क्षेत्र में प्रदेश की प्रमुख नदियों के दोनों ओर 5 किलोमीटर क्षेत्र में पौधारोपण गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में वन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नदियों के किनारों के अतिक्रमण हटाने में स्थानीय समुदाय का सहयोग लिया जाए।



साथ ही स्थानीय समुदाय के आय संवर्धन के लिए पौधारोपण में औषधीय पौधों सहित उपयोगी पौधों के रोपण को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर उज्जैन देवास क्षेत्र को मेट्रोपोलिटन एरिया के रूप में विकसित किया जा रहा है, क्षिप्रा नदी के संरक्षण की योजना तदनुसार बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने नगर वनों के उचित विकास और रखरखाव के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

#### मगरमच्छ व अन्य जलीय जीव, जल संरचनाओं के स्वस्थ इकोसिस्टम के लिए जरूरी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नदियों और जल संरचनाओं के स्वस्थ ईकोसिस्टम को बनाए रखने में मगरमच्छ, घड़ियाल और कछुओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन नदियों और जल संरचना में यह जीव अधिक संख्या में हैं, वहां से उन्हें शिफ्ट कर अन्य नदियों और जल संरचना में छोड़ा जाए। इसकी शुरुआत नर्मदा और तवा नदी से की जाए। बैठक में वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने, लघु वन उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि, तेंदूपत्ता बोनस वितरण आदि विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में अपर मुख्य सचिव वन श्री अशोक वर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन बल प्रमुख व्ही.एन. अम्बाडे सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## विधायकों और जिलाध्यक्षों में नहीं बन पा रहा समन्वय

### भाजपा के डेढ़ दर्जन से ज्यादा जिलों में कार्यकारिणी के गठन का इंतजार

भोपाल । भाजपा के जिला स्तर पर संगठनात्मक ढांचा मजबूत करने की कवायद अधर में अटकी हुई है। प्रदेश के लगभग तीन दर्जन से अधिक जिलों में अब तक जिला कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पाया है। संगठन स्तर पर इस मामले को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, अधिकांश जिलों में विधायकों और जिलाध्यक्षों के बीच नामों पर सहमति नहीं बन पा रही है। इस कारण कई जिलों की कार्यकारिणी अटकी हुई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार दौरों और कार्यक्रमों के चलते पार्टी का शीर्ष नेतृत्व और संगठन प्रभारी पिछले कुछ महीनों से बेहद व्यस्त रहा। यही कारण है कि जिलों की कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया लंबित हो गई। अब इसे लेकर जिला स्तर के नेता और कार्यकर्ता असमंजस में हैं। सूत्रों के अनुसार, जिन जिलों में कार्यकारिणी का गठन नहीं हो सका है वहां स्थानीय स्तर पर नामों को लेकर मतभेद बने हुए हैं। संगठनात्मक समीकरण और गुटबाजी भी देरी का बड़ा कारण मानी जा रही है। भाजपा संगठन में लंबे समय बाद खंडला जिले की कार्यकारिणी घोषित की। वहीं, अब तक जिन जिलों में कार्यकारिणी का गठन किया जा चुका है उनमें आगर मालवा, बड़वानी, बुरहानपुर, भोपाल ग्रामीण, बैतूल, सीधी, मंडला, देवास, सागर, हरदा, मुरैना, दतिया, छतरपुर, झाबुआ, उज्जैन शहर, उज्जैन ग्रामीण, पन्ना, शिवपुरी और डिंडोरी शामिल हैं।

#### निगम-मंडल नियुक्तियों की अटकलें

इसके अलावा मध्य प्रदेश की राजनीति में लंबे समय से लंबित निगम-मंडल नियुक्तियां और मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर भी अटकलें लगाई जा रही है। सत्ता पक्ष के भीतर यह चर्चा जोरों पर है कि पितृपक्ष के बाद भाजपा संगठन और सरकार बड़े फैसले कर सकती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश संगठन की टीम इस दिशा में सक्रिय बताई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि नवरात्रि में संगठन और सरकार मिलकर नियुक्तियों और नए चेहरों को जिम्मेदारी सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। बता दें, अभी मोहन कैबिनेट में चार मंत्रियों की जगह खाली है। फरवरी 2024 में सत्ता संभालने के बाद से अब तक निगम-मंडल और आयोगों में किसी भी नेता को जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई है। ऐसे में विभागों का पूरा बोझ मंत्री और प्रशासनिक अफसरों पर है। पार्टी के अंदर यह सवाल भी उठ रहा है कि इतने लंबे इंतजार के बाद आखिर कब तक नियुक्तियों को टाला जाएगा।

## कलेक्टरों को फरमान, 913 रसूखदारों के निरस्त करो लाइसेंस

### गृह विभाग ने कलेक्टरों को लिखा पत्र, 3 अक्टूबर तक करें कार्रवाई

भोपाल। मप्र सरकार के गृह मंत्रालय ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पात्रता से अधिक शस्त्र लाइसेंस रखने वालों के शस्त्र सरेंडर कराने और लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। गृह सचिव कृष्णावेणी देशावतु ने सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर पात्रता से अधिक शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया 3 अक्टूबर तक पूरी करने को कहा है। साथ ही हर शस्त्र लाइसेंस का पोर्टल पर यूआईएन (यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर) पंजीकरण करने को कहा है। बिना यूआईएन के शस्त्र अवैध माना जाएगा। गृह मंत्रालय के अनुसार प्रदेश में 913 लोगों के पास पात्रता से अधिक शस्त्र हैं। ये ऐसे लोग हैं, जो रसूखदार हैं और अलग-अलग कार्य क्षेत्र से संबंधित हैं। इनमें राजनीति, व्यवसाय या अन्य क्षेत्र से वास्ता रखते हैं। इनके पास पात्रता से अधिक शस्त्र होना केंद्रीय गृह मंत्रालय के शस्त्र अधिनियम के अनुरूप नहीं है। क्योंकि नए कानून के तहत एक व्यक्ति दो शस्त्र लाइसेंस रख सकता है। इससे ज्यादा संख्या में शस्त्र होने पर लाइसेंस निरस्त माना जाएगा या फिर शस्त्र अवैध माना जाएगा। विशेष परिस्थितियों में ज्यादा शस्त्र रखने की अनुमति होती है। 3 अक्टूबर के बाद पात्रता से अधिक शस्त्र एवं लाइसेंस पूरी तरह से अवैध हो जाएंगे। मप्र सरकार के गृह विभाग ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर सभी कलेक्टरों को पात्रता से अधिक शस्त्र लाइसेंस के मामले में कार्रवाई करने को कहा है। केंद्र के नियमों के अनुसार एक व्यक्ति केवल एक लाइसेंसी रख सकता है। बाकी को संबंधित थाने या डीलर को जमा करके लाइसेंस रद्द करवाना होगा अन्यथा शस्त्र अवैध माना जाएगा और लाइसेंस निरस्त होने के साथ कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।

## सरकारी स्कूलों में अतिथि शिक्षकों की होगी नियुक्ति

भोपाल। मध्य प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने खाली पदों पर अतिथि शिक्षकों की तत्काल नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। यह फैसला सत्र के बीच भर्ती प्रक्रिया में देरी की वजह से लिया गया है।

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में लगभग 70,000 से अधिक पद खाली हैं। इनमें प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर के शिक्षकों की कमी है। सत्र 2025-26 के बीच स्थायी भर्ती में हो रही देरी के कारण सरकार अतिथि शिक्षकों का सहारा ले रही है। स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी प्राचार्यों को निर्देश जारी किए हैं कि वे स्थानीय स्तर पर योग्य अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति करें। यह प्रक्रिया जीएफएमएस (गेस्ट फैकल्टी मैनेजमेंट सिस्टम) पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन होगी।

# हरमनप्रीत की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली बार एकदिवसीय सीरीज जीतने उतरेगी भारतीय महिला टीम



मुल्लांपुर। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच को जीतकर सीरीज अपने नाम करने उतरेगी। भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना की शानदार पारी से दूसरे मैच में रिकॉर्ड जीत हासिल की थी जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। ऐसे में वह इस माह के अंत में होने वाले विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली एकदिवसीय सीरीज जीतना चाहेगी। भारतीय महिला टीम अभी तक एक बार भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय एकदिवसीय सीरीज नहीं जीती है।

पहले मैच में करारी हार के बाद भारतीय महिला टीम ने अच्छी वापसी करते हुए दूसरे मैच में 102 रन से जीत हासिल की थी। ये भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे बड़ी जीत थी।

भारतीय टीम ने इस सीरीज में कई कैच भी छोड़े हैं और उसे इस कमजोर को दूर करना होगा। भारतीय टीम को जीत के लिए प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी। दूसरे मैच में हालांकि गेंदबाजों ने अच्छा दबाव बनाया जो सकारात्मक संकेत है। वहीं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाली तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर और तेज गेंदबाजी ने उनकी जोड़ीदार क्रांति गौड़ ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। वहीं स्पिनरों ने भी बीच के ओवरों में रनों पर अंकुश लगाये रखा।

तीसरे तेज गेंदबाज के तौर पर अरुंधति रेड्डी को शामिल करना भी फायदेमंद रहा है। भारतीय टीम के एक बार फिर अलग संयोजन के साथ उतरने की उम्मीद है। कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, ''इस सीरीज में हम हर किसी को मौका देना चाहते हैं। हम कुछ नए संयोजन आजमाने सकते हैं।''

बल्लेबाजी में अब तक इस सीरीज भारत का प्रदर्शन दोनों मैच में अच्छा रहा। विशेषकर सलामी बल्लेबाज़ स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल ने दोनों मैचों में टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई हालांकि मध्यक्रम के बल्लेबाज बड़ी साझेदारी निभाने में विफल रहे हैं। मंधाना ने पिछले मैच में शतक जमाया था और टीम को उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। अब हरमनप्रीत, हरलीन देओल और ऋचा घोष जैसी खिलाड़ियों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। वहीं दूसरी ओर मेहमान ऑस्ट्रेलियाई टीम वापसी के लिए कोई कसर नहीं रखेगी। कप्तान एलिसा हीली ने माना है कि दूसरे एकदिवसीय में उनकी टीम खेल के हर विभाग में विफल रही। दूसरे मैच में करारी हार से भी वह उबरना चाहेगी। वह विश्व कप से पहले जीत हासिल कर लय में आना चाहेगी।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं:-**

**भारत-** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), उमा छेत्री, हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, तेजल हसब्निस, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, श्री चरणी, राधा यादव।

**ऑस्ट्रेलिया-** एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), ताहलिया मैकग्राथ, डार्सी ब्राउन, निकोल फाल्टम, एशले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, चार्ली नॉट, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शूट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

## एफआईएच प्रो लीग में भारत का पहला मुकाबला बेल्जियम से होगा

नई दिल्ली। 2025-26 एफआईएच प्रो पुरुष हॉकी लीग मुकाबले फरवरी में शुरू होंगे। इसमें भारतीय पुरुष हॉकी टीम 11 फरवरी को घरेलू मैदान पर बेल्जियम से अपना पहला मुकाबला खेलेगी। इसमें भारत और पाकिस्तान के मैच में 23 और 26 जून को इंग्लैंड में खेले जाएंगे। पाकिस्तान हालांकि प्रो लीग के लिए क्वालीफाइंग इवेंट, एफआईएच नेशंस कप के फाइनल में न्यूजीलैंड से हार गया था पर ब्लैक स्टिक्स के हटने के बाद एफआईएच ने उपविजेता पाकिस्तान को लीग में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। ऐसे में पाकिस्तान प्रो लीग में डेब्यू करेगा और आयरलैंड की जगह खेलेगा। जिसे पिछले सत्र में 9 टीमों में अंतिम स्था पर रहने के बाद बाहर कर दिया गया था।

**कार्यक्रम इस प्रकार है**

11 फरवरी 2026- 19:30- बेल्जियम और भारत
12 फरवरी 2026-19:30-अर्जेंटीना और भारत
14 फरवरी 2026- 19:30- बेल्जियम और भारत
15 फरवरी 2026- 19:30- अर्जेंटीना और भारत
21 फरवरी 2026- 11:30- स्पेन और भारत
22 फरवरी 2026- 10:30- भारत और ऑस्ट्रेलिया
24 फरवरी 2026- 10:30- भारत और स्पेन
25 फरवरी 2026- 10:30- भारत और ऑस्ट्रेलिया
14 जून 2026- 19:30- भारत और नीदरलैंड
17 जून 2026- 23:00- जर्मनी व भारत
18 जून 2026- 23:00- भारत व जर्मनी
21 जून 2026- 17:30- भारत व नीदरलैंड
23 जून 2026- 19:00- भारत व पाकिस्तान
26 जून 2026- 00:00- भारत व इंग्लैंड
26 जून 2026-22:30- भारत व पाकिस्तान
28 जून 2026- 20:30- भारत व इंग्लैंड

## नबी ने दुनिथ वेल्लालागे के पिता के निधन पर संवेदना जतायी

दुबई। अफगानिस्तान के बल्लेबाज मोहम्मद नबी ने श्रीलंकाई गेंदबाज दुनिथ वेल्लालागे के पिता के निधन पर दुख जताया है। नबी ने ही श्रीलंका के साथ मैच में वेल्लालागे के ओवर में पांच छक्के लगाये थे। वेल्लालागे को पिता का निधन की बात मैच मैच के बाद बतायी गयी। इसके बाद वह तत्काल ही स्वदेश रवाना हो गये। इस खबर से नबी भी सन्न रह गये। नबी ने इसके बाद सोशल मीडिया के जरिए अपना दुख व्यक्त किया।

नबी ने सोशल मीडिया में लिखा, दुनिथ वेल्लालागे और उनके परिवार के प्रति वह संवेदना प्रकट करते हैं।भाई, हिम्मत रखो।

नबी की 22 गेंदों पर 60 रनों की धमाकेदार पारी से इस मैच में अफगानिस्तान की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 169 रन रन बनाये। इसके बाद श्रीलंकाई टीम ने केवल चार विकेट के नुकसान पर ये लक्ष्य हासिल कर लिया।

## द्रविड़ बन सकते हैं इन तीन में से किसी एक टीम के कोच



मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तीन-तीन फ्रेंचाइजियां राहुल द्रविड़ को नये सत्र के लिए अपना कोच बनाना चाहती हैं। द्रविड़ पिछले सत्र में राजस्थान रॉयल्स के कोच थे पर उन्होंने सत्र समाप्त होने के बाद पद छोड़ दिया था। तभी से वह नई भूमिका की तलाश में हैं। द्रविड़ के रहते रॉयल्स का सफर आईपीएल 2025 में अच्छा नहीं रहा पर इसके बाद भी उनका प्रभाव कम नहीं हुआ है। द्रविड़ के कोच रहते ही भारतीय टीम ने टी20 विश्वपक जीता था। ऐसे में कई फ्रेंचाइजी उन्हें अपने साथ लाना चाहती है। इसमें कोलकाता नाइटराइडर्स से लेकर लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स जैसी टीमें हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स = लखनऊ सुपर जायंट्स भी नये कोच की तलाश में है क्योंकि उसने जस्टिन लैंगर को कोच बनाया था पर वह सफल नहीं रहे। इसके बाद उसने जहीर खान को टीम का मेंटॉर बनाया पर टीम की किस्मत नहीं बदली। ऐसे में अब लखनऊ फ्रेंचाइजी भी द्रविड़ को कोच बना सकती है।

कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) = केकेआर के पास अभी कोई मुख्य कोच नहीं है। गौतम गंभीर के कोच पद छोड़ने के बाद टीम ने चंद्रकांत पंडित को जिम्मेदारी दी पर वह साल 2025 में खिताब का बचाव नहीं कर पाये। कईखिलाड़ी भी उनसे नाराज थे इसलिए उन्हें पद से हटा दिया गया। ऐसे में अब कोलकाता की टीम मुख्य कोच की तलाश में है और इसके लिए वह द्रविड़ को शामिल करना चाहती है।

दिल्ली कैपिटल्स = द्रविड़ पहले भी इस टीम के साथ रहे हैं। वह साल 2016 सीजन में उनके मेंटॉर भी रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच हेमंग बदानी ज्यादा अनुभवी नहीं हैं । ऐसे में नये सत्र के लिए कैपिटल्स द्रविड़ को अपने साथ जोड़ सकती है।

## आईसीसी ने आचारसंहिता उल्लंघन के लिए पीसीबी को फटकार लगायी

दुबई। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एशिया कप 2025 में नियमों का पालन नहीं करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को फटकार लगायी है। पीसीबी ने भारतीय खिलाड़ियों के 14 सितम्बर को हुए मैच में पाक खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने को लेकर मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग करते हुए बहिष्कार की धमकी दी थी जिससे आईसीसी ने नियमों का उल्लंघन माना है। पाक टीम यूएई के खिलाफ मैच में रैफरी को नहीं हटाने के कारण देर से पहुंची थी जिससे मैच एक घंटा देर से शुरु हुआ। इससे भी आईसीसी नाराज है।



ये भी कहा गया है कि पीसीबी ने यूएई के खिलाफ मैच से पहले पाक खिलाड़ियों को स्टेडियम न जाने को कहा था। वहीं पीसीबी ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि मैच रैफरी पाइक्रॉफ्ट ने पाक टीम से माफी मांगी और इसका एक वीडियो भी जारी किया जो सही नहीं था। इसमें मैच रेफरी पाकिस्तानी कप्तान सलमान अली आगा, टीम मैनेजर नावेद अकरम चीमा और मुख्य कोच माइक हेसन से बातचीत करते हुए दिखाई दे रहे थे। वहीं इसपर आईसीसी ने कड़ी नाराजगी जतायी है। आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने पीसीबी को पत्र लिखकर कहा है कि पीसीबी मैच के दिन आचारसंहिता का बार-बार उल्लंघन का दोषी पाया गया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि इसके बारे में बताने के बाद भी पीसीबी ने मीडिया मैनेजर नईम गिलानी को बैठक की रिकॉर्डिंग करने की अनुमति दी जबकि मीडिया मैनेजरों को ऐसी बैठकों में भाग लेने की अनुमति नहीं है।

## अश्विन के आईएलटी 20 लीग खेलने की संभावना - व्हाइट

नई दिल्ली। इंटरनेशनल टी20 लीग (आईएलटी) 20 के मुख्य कार्यकारी डेविड व्हाइट ने कहा है कि आने वाले समय में दिग्गज स्पिनर आर अश्विन इस लीग से खेल सकते हैं। अश्विन ने हाल ही में आईपीएल से भी संन्यास ले लिया था। इसके बाद से ही वह विदेशी लीग में खेलने की संभावनाएं तलाश रहे थे। अश्विन के जिन टूर्नामेंटों में खेलने की चर्चा हो रही है, उनमें से एक आईएलटी 20 लीग भी है। ये लीग संयुक्त अरब अमीरात में खेली जाती है। इस लीग के सीईओ व्हाइट ने कहा कि हाल ही में उनकी अश्विन के साथ काफी अच्छी बातचीत हुई है और उन्होंने कहा कि अगर हम उनके स्तर के खिलाड़ी को लाने में सफल रहे तो यह टूर्नामेंट के लिए बहुत बड़ी बात होगी।



व्हाइट ने बताया, अश्विन के साथ हमारी बातचीत बहुत सकारात्मक रही है और उम्मीद है कि निकट भविष्य में वह हमारी लीग में खेल सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, अगर हमें उनके स्तर का कोई खिलाड़ी मिल जाए, तो यह बहुत बड़ी बात होगी। वह एक विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं। उनके नाम 500 से ज्यादा टेस्ट विकेट, एक शानदार वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर है और उनका क्रिकेट का ज्ञान कमाल का है। उनका एक करिश्माई व्यक्तित्व, खेल की गहरी समझ होना उन्हें अनमोल बनाता है। अगर वह हमारी लीग में खेलते हैं तो हमें बहुत खुशी होगी।

वहीं अश्विन के खिलाड़ी और कोच दोनो ही भूमिका निभाने को लेकर व्हाइट ने कहा, मुझे लगता है कि हम ऐसी किसी भी चीज के लिए तैयार हैं। न केवल उनके खेल और कोचिंग के लिए बल्कि उनके विश्लेषणात्मक कौशल के लिए भी अहम होगा। उनकी अपनी मीडिया कंपनी है, जिस पर वे काम कर रहे हैं। वे बहुत चतुर व्यक्ति हैं। हम सभी पहलुओं का स्वागत करेंगे।

## श्रीलंकाई गोल्फर थंगराजा चेन्नई ओपन में नंबर एक पर पहुंचे

चेन्नई । श्रीलंकाई गोल्फर एन थंगराजा कॉस्मो एक करोड़ रुपये की इनामी राशि वाले चेन्नई ओपन गोल्फ 2025 में शीर्ष पर पहुंच गये हैं। थंगराजा तीसरे दौर में न्यूनतम स्कोर नौ अंडर 63 के साथ ही लीडरबोर्ड में शीर्ष पर पहुंच गए।

थंगराजा हाफटाइम तक संयुक्त चौथे स्थान पर थे और उन्होंने तीसरे दिन अच्छी शुरुआत करते हुए तीन स्थान के लाभ के साथ ही 18-अंडर 198 का स्कोर बनाकर तीन शॉट की बढ़त हासिल कर ली।



थंगराजा ने इस साल की शुरुआत में पेशेवर गोल्फ में अपनी आखिरी जीत हासिल की थी। अब उन्होंने दूसरे स्थान पर कायम मनु गंडास पर बढ़त बनाये रखी। शुरू कर रहे वहीं भारत के मनु गंडास 17-अंडर 199 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए। मनु ने मुकाबले में (66-68-65) के साथ ही 65 का स्कोर बनाया। दिल्ली के शौर्य भट्टाचार्य (67-65-69) के साथ ही तीसरे दिन 69 का स्कोर बनाने के बाद 15-अंडर 201 के स्कोर के साथ ही तीसरे स्थान पर फिसल गये।

वहीं चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा 14-अंडर 202 के स्कोर के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंच गए। अक्षय के साथ हनी बैसोया (66) संयुक्त चौथे स्थान पर रहे। इससे पहले, अधूरा दूसरा राउंड एक ओवर 145 के स्कोर के साथ पूरा हुआ।

## गुलबदीन ने भारतीय टीम को एशिया और विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीम बताया

दुबई। अफगानिस्तान के ऑलराउंडर गुलबदीन नायब ने कहा है कि भारतीय टीम एशिया ही नहीं विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीम है। गुलबदीन ने भारतीय खिलाड़ियों के स्तर की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनसे काफी कुछ सीखने को मिलता है। गुलबदीन ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भारतीय खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना का उनका अनुभव काफी अच्छा रहा है। इस अफगान क्रिकेटर ने कहा, भारतीय टीम एशिया और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है, आपको इन खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा, मैंने आईपीएलमें उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया है और उनके खिलाफ खेले गए



सभी मैचों में हमें बहुत अच्छा अनुभव मिला है। हम यह नहीं कह सकते कि टी20 क्रिकेट में कोई भी टीम प्रबल दावेदार है, जो टीम अच्छा खेलेगी वही जीतेगी। फिर भी, अगर आप स्तर को देखें, तो भारतीय टीम सबसे अच्छी है।।

नायब आईपीएल दिल्ली कैपिटल्स में शामिल रहे हैं, जहां उन्होंने दो मैच खेले हैं। टी20 क्रिकेट को लेकर इस ऑलराउंडर ने कहा कि कोई भी खिलाड़ी खेल का रुख बदल सकता है। उन्होंने कहा, टी20 क्रिकेट में एक खिलाड़ी खेल का रुख बदल सकता है, चाहे वह शीर्ष क्रम का हो, मध्य क्रम का हो या निचले क्रम का, या फिर स्पिनर हो, कोई भी खिलाड़ी अपने दिन खेल को बदल सकता है। खेल इसी दिशा में जाएगा। टी20 को मनोरंजन का खेल बताते हुए उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि टी20 क्रिकेट एक मनोरंजक क्रिकेट है, इसलिए हर कोई देश के लिए कुछ करना चाहता है। एशिया कप में एक जीत और एक हार के साथ अफगानिस्तान तीसरे स्थान पर बना हुआ है।

## न्यूजीलैंड ने जैमीसन और सियर्स को शामिल किया

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले माह की शुरुआत में होने वाली तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए काइल जैमीसन और बेन सियर्स को टीम में शामिल किया है। इससे पहले ये दोनो ही जिम्बाब्वे में त्रिकोणीय सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम में शामिल नहीं थे। जैमीसन निजी कारणों से वहीं सियर्स फिट नहीं होने के कारण टीम से बाहर थे। इस सीरीज में नियमित कप्तान मिशेल सेंटनर की जगह पर माइकल ब्रेसवेल कप्तानी करेंगे।



ब्रेसवेल ने कहा, चैपल-हैडली सीरीज गर्मियों की शुरुआत करने का एक अच्छा तरीका है। मैं ये सीरीज देखते हुए बड़ा हुआ हूं और न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली प्रतिद्वंद्विता बेहद रोमांचक रहती है। उन्होंने साथ ही कहा, 2016 से ये ट्रॉफी हमारे पास नहीं है। अब हम इसे बदलना चाहते हैं। घरेलू धरती पर इसके लिए खेलने का अच्छा अवसर है। यह विश्वास करना कठिन है कि ईडन पार्क में खेले गए पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच को 20 साल हो गए हैं। यह देखना हैरानी की बात है कि यह प्रारूप कितना आगे बढ़ गया है और मुझे पता है कि दोनों टीमें बे ओवल में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार रहेंगी। न्यूजीलैंड टीम- माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, जैक फॉल्क्स, मैट हेनरी, बेवोन जैकब्स, काइल जैमीसन, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, टिम रॉबिन्सन, बेन सियर्स, टिम सीफर्ट और ईश सोढ़ी।

### किस्मत के सहारे सुपर फोर में पहुंची बांग्लादेश

दुबई (ईएमएस)। एशिया कप में श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच हुए मुकाबले के परिणाम से बांग्लादेश की टीम ग्रुप बी से सुपर फोर में पहुंच गयी। इस मैच में अफगानिस्तान की टीम ने श्रीलंका को जीत के लिए 170 रनों का लक्ष्य दिया जिसे लंकाई टीम ने 18.4 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। अफगानिस्तान की टीम के लिए सुपर 4 में पहुंचने ये मैच जीतना जरूरी था पर इसमें वह असफल रही जिससे बांग्लादेश की किस्मत खुल गयी।

अफगानिस्तान से हारने के बाद से ही बांग्लादेश दुआ कर रही थी कि श्रीलंका अफगानिस्तान को हरा दे। ग्रुप बी से तीनों मैच जीतकर 6 अंक हासिल करते हुए श्रीलंका शीर्ष पर रहते हुए सुपर 4 में पहुंच गयी है। वहीं दूसरे नंबर पर बांग्लादेश का है उसने 2 मुकाबले जीतकर 4 अंक हासिल किए।

अब सुपर 4 में बांग्लादेश को पहला मुकाबला 20 सितंबर को श्रीलंका से होगा। वहीं भारतीय टीम 21 सितंबर को पाकिस्तान से खेलेगी।

## जुरेल के शतक से भारत ए ने बनाये चार विकेट पर 403 रन

लखनऊ । विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल के शतक 113 रनों की सहायता से भारत ए ने यहां ऑस्ट्रेलिया ए के ?खिलाफ जारी अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में चार विकेट पर 403 रन बनाये। जुरेल ने 132 गेंदों में 10 चौके और 4 छक्के लगाकर 113 रन बनाये। जुरेल के अलावा बल्लेबाज एन जगदीशन ने 64, बी साई सुदर्शन ने 73 और देवदत्त पडिक्कल ने नाबाद 86 रन बनाये। इससे पहले सैम कॉन्स्टस के 109 रनों और जोश फिलिप के नाबाद 123 रनों की सहायता से ऑस्ट्रेलिया ए टीम ने अपनी पहली पारी में 6 विकेट पर 532 रन बनाये थे। इस प्रकार भारत ए की टीम अभी भी पहली पारी के



आधार पर 129 रनों से पीछे हैं। आज सुबह भारत ए ने एक विकेट पर 116 रन से आगे खेलने के साथ शुरू किया। जगदीशन और सुदर्शन की जोड़ी अधिक नहीं खेल पायी। जगदीशन, 64 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। इसके बाद मेजबान टीम ने सुदर्शन और पडिक्कल की 76 रनों की साझेदारी से स्कोर आगे बढ़ाया। सुदर्शन के आउट होने के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर उतरे पर वह बड़ी पारी खेलने में असफल रहे। वह 8 रन ही बना पाये।

इसके बाद जुरेल और पडिक्कल ने मिलकर पारी को संभाला और स्टंप तक कोई और विकेट नहीं गिरने दिया गया।

## नामीबिया के फ्राइलिन्क ने 13 गेंदों में लगाया अर्धशतक

मुम्बई । नामीबिया के जान फ्राइलिन्क ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 मुकाबले में 13 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया। युवराज सिंह को 2007 के टी20 वर्ल्ड कप में 6 छक्के जड़े आज पूरे 18 साल हो गए हैं। फ्राइलिन्क ने इसी के साथ ही सबसे तेजी से पचास रन पूरे करने का रिकार्ड अपने नाम किया। इसी के साथ ही। फ्राइलिन्क अब टी20 में सबसे तेजी से अर्धशतक लगाने वाले संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। फ्राइलिन्क ने पहले भी तीन खिलाड़ियों ने 13 गेंदों पर अर्धशतक लगाये हैं।



**टी20 में सबसे तेजी से अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज-**

दीपेंद्र सिंह ऐरी - 9 गेंदें
युवराज सिंह - 12
मिर्जा अहसन- 13
मुहम्मद फहद- 13
तादिवानाशे मारुमनी- 13
जान फ्राइलिन्क- 13

## विश्व चैंपियनशिप में खराब प्रदर्शन से निराश नीरज को ब्रेक के बाद बेहतर वापसी की उम्मीद

टोक्यो। स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने कहा है कि सत्र का समापन विश्व चैंपियनशिप में आठवें स्थान से करने को लेकर वह निराश हैं। उन्हें इस प्रकार के परिणाम की उम्मीद नहीं थी। नीरज ने कहा कि अब वह ब्रेक के बाद अच्छी वापसी का प्रयास करेंगे।

गत विजेता नीरज से विश्व चैंपियनशिप में खिताब बचाने की उम्मीद पर वह असफल रहे। नीरज टोक्यो में 84.03 मीटर ही भाला फेंक सके और पांचवें दौर के बाद बाहर हो गए। इसका एक कारण उनकी पीठ का दर्द भी रहा। उन्होंने कहा कि पीठ की समस्या



इस महीने की शुरुआत से ही उन्हें परेशान कर रही थी पर वह इसका बहाना नहीं बनाना चाहते।

नीरज ने चौथे स्थान पर रहे सचिन यादव की प्रशंसा की है। सचिन ने यहां पहली बार में ही 86.27 मीटर की शानदार थ्रो कर सभी को प्रभावित किया। चोपड़ा ने सोशल मीडिया में लिखा, 'मैंने टोक्यो में विश्व चैंपियनशिप के साथ सत्र का इस तरह से अंत करने की उम्मीद नहीं की थी। मैं सभी चुनौतियों के बावजूद भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता था हालांकि उसमें सफल नहीं रहा। उन्होंने कहा, 'मैं सचिन के लिए बहुत खुश हूं, जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वह लगभग पदक जीत ही गए थे।

# दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव : 3 पर एबीवीपी, 1 पर एनएसयूआई का कब्जा



नई दिल्ली। दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ (डूसू) चुनाव 2025 के नतीजे घोषित हो गए हैं। इस बार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के पैनल पर कब्जा रहा और चार में से 3 पोस्ट पर एबीवीपी ने जीत हासिल की। एक उपाध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के उम्मीदवार ने जीत हासिल की है। एबीवीपी के आर्यन मान को दिल्ली यूनिवर्सिटी का नया प्रेसिडेंट चुना गया।

प्रेसिडेंट पद के लिए कुल 9 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। एनएसयूआई की जोसलिन पहले राउंड से पीछे रहीं और एबीवीपी के आर्यन मान 15 हजार वोटों से जीते। जोसलिन बुद्धिस्ट स्टडीज में ग्रेजुएशन की छात्रा हैं और आर्यन लाइब्रेरी साइंस में एमए कर रहे है। वहीं लेफ्टिस्ट गठबंधन एसएफआई-आइसा की ओर से लड़ रही अंजलि इंद्रप्रस्थ कॉलेज ऑफ विमन की से पढ़ाई कर रही हैं, जो तीसरे स्थान पर रहीं।

### अध्यक्ष पद पर थे ये उम्मीदवार

आर्यन मान (डिपार्टमेंट ऑफ लाइब्रेरी साइंस), जोसलिन नंदिता चौधरी उर्फ जीतू चौधरी (डिपार्टमेंट ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज), अंजलि (डिपार्टमेंट ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज), अनुज कुमार (लॉ सेंटर-सैकंड), दिव्यांशु सिंह यादव (कैंपस लॉ सेंटर), राहुल कुमार (रामजस कॉलेज), उमांशी (डिपार्टमेंट ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज), योगेश मीना (कैंपस लॉ सेंटर), अभिषेक कुमार (सत्यवती कॉलेज)

### उपाध्यक्ष पद पर कौन जीता?

उपाध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में थे, जिसमें गोविंद तंवर, राहुल झांसला और सोहन कुमार थे। तीनों ही डिपार्टमेंट ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज के छात्र हैं। उपाध्यक्ष पद एक ऐसा है, जहां एनएसयूआई के राहुल झांसला ने जीत दर्ज की है। जबकि एबीवीपी के गोविंद तीसरे स्थान पर रहे।

सचिव पद के लिए अभिनंदन प्रत्याशी (हिंदू कॉलेज), कबीर (लॉ सेंटर-सैकंड), कुणाल चौधरी (डिपार्टमेंट ऑफ बुद्धिस्ट स्टडी) और मोहित (श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स) ने चुनाव लड़ा था। इस पद पर एबीवीपी के कुनाल चौधरी ने जीत हासिल की है।

संयुक्त सचिव पद पर अभिषेक कुमार (हिंदू कॉलेज), अक्षिता (भगिनी निवेदिता कॉलेज), अमीलिया ऐन वर्गीस (डिपार्टमेंट ऑफ सोशल वर्क), दीपिका झा (डिपार्टमेंट ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज) और लवकुश भड़ाना (जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज) के बीच मुकाबला हुआ था। इसमें भी एबीवीपी की दीपिका झा ने जीत हासिल की।

बात दें कि एनएसयूआई की जोसलिन ने हंसराज कॉलेज और किरोड़ीमल में ईवीएम में गड़बड़ की बात कहते हुए एबीवीपी पर वोट चोरी का आरोप लगाया था, इसके बाद दोनों गुटों में तीखी झड़प भी हुई। हालांकि एबीवीपी और हंसराज कॉलेज, दोनों ने एक आधिकारिक बयान जारी कर उन आरोपों को बेबुनियाद बताया।

## सीआरपीएफ 7 वी बटालियन जवानों ने किरनापुर मे चलाया स्वच्छता ही सेवा अभियान



किरनापुर। स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 कार्यक्रम के अन्तर्गत श्री कपिंग गिल, कमाण्डेंट के नेतृत्व में 7 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, किरनापुर द्वारा दिनांक 19/09/2025 को डॉ बाबा साहब अम्बेडकर बस स्टैन्ड किरनापुर एवं आस-पास के मार्केट एरिया में स्वच्छता अभियान चलाया गया । इस अभियान में किरनापुर गॉव के सरपंच प्रतिनिधि जय प्रकाश रामटेके, पंच उमेश भूते, पंच विजय लिल्हारे एवं ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 के अन्तर्गत मुख्य अतिथि श्री कपिंग गिल, कमाण्डेंट-7 बटालियन केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल द्वारा किरनापुर बस स्टैन्ड एवं आस-पास के मार्केट एरिया की सफाई की गई तथा स्थानीय लोगों को अपने घरों के साथ-साथ आस-पास के स्थानों की साफ-सफाई रखने के अलावा राष्ट्रव्यापी श्रमदान और एक सफाई अभियान यानी "एक दिन, एक साथ, एक घंटा" हेतु श्रमदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया । साथ ही इनके द्वारा ग्रामवासियों व जरूरतमंदों को साफ-सफाई के लिए सामानों (डस्टबीन, झाड़ू, मास्क, दस्ताना इत्यादि) का वितरण किया गया ताकि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के स्वच्छ एवं विकसित भारत के सपने की कल्पना को साकार किया जा सके । इस अभियान के दौरान बटालियन के भारद्वाज राजेश हरि प्रसाद, द्वितीय कमान अधिकारी, तनवीर जमाल, द्वितीय कमान अधिकारी, रवीन्द्र सिंह (उप कमाण्डेंट), अजय पटियाल (उप कमाण्डेंट), डॉ. सानिया अमित मलानी (वरीष्ठ चिकित्सा अधिकारी), सूबेदार मेजर पन्नालाल ठाकुर, उप निरीक्षक बलिराम मिश्रा एवं बटालियन के अन्य जवान मौजूद रहे ।

## बानू मुश्ताक करेंगी मैसूर दशहरा समारोह का उद्घाटन, सुप्रीम कोर्ट ने याचिका ठुकराई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें बुकर पुरस्कार विजेता लेखिका बानू मुश्ताक को इस साल के मैसूर दशहरा समारोह का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किए जाने का विरोध किया गया था। अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि भारत का संविधान धर्मनिरपेक्ष मूल्यों पर आधारित है और राज्य सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम किसी निजी संस्था का आयोजन नहीं होता। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने तर्क दिया था कि मैसूर दशहरा केवल एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह हिंदू धार्मिक परंपराओं और आस्थाओं से जुड़ा पवित्र अनुष्ठान है। इसकी शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और चामुंडेश्वरी देवी की पूजा से होती है। ऐसे में बानू मुश्ताक के रूप में एक मुस्लिम महिला को समारोह का उद्घाटन करने के लिए बुलाना परंपरा और धार्मिक भावनाओं के विरुद्ध है।

## मिशन सुदर्शन चक्र की हुई शुरुआत....इसरो के साथ न्यूक्लियर प्लांट्स को अभेद्य बनाएगा

नई दिल्ली। भारत के दुश्मनों का काल कहे जा रहे मिशन सुदर्शन चक्र की शुरुआत हो चुकी है। बताया जा रहा है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सामने एक प्रेजेंटेशन के साथ ही इसकी शुरुआत हुई है। इसके लिए एक समिति का गठन भी हुआ है। बता दें कि मिशन सुदर्शन चक्र इसरो के साथ-साथ भारत के न्यूक्लियर प्लांट्स को अभेद्य बना देगा।

रक्षा मंत्री सिंह ने जो समिति गठित की है, वह मिशन सुदर्शन चक्र प्रोजेक्ट की लागत को देखकर इसके दायरे का निर्धारण करेगी। सूत्रों के मुताबिक ये काम चरणबद्ध तरीके से होगा और सबसे अहम क्षेत्रों को पहले प्राथमिकता दी जाएगी।

बता दें कि लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि वे राष्ट्रीय सुरक्षा कवच का विस्तार कर मजबूत और आधुनिक बनाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि भगवान श्री कृष्ण से प्रेरणा लेकर हमारी सरकार ने सुदर्शन चक्र का मार्ग चुना है। उन्होंने महाभारत के उस प्रसंग को याद किया था, जिसमें कृष्ण ने अपने सुदर्शन चक्र से सूर्य को रोककर दिन में ही अंधकार कर दिया था।

दरअसल, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने भारत पर कई मिसाइलें दागने की कोशिश कीं। पाकिस्तान के प्रयास को भारत के एस-400 ने नाकाम किया। इसके बाद से ही एक सुदर्शन चक्र सुरक्षा कवच बनाने को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई थीं। पीएम मोदी ने इसका ऐलान भी किया था। इसके तहत 2035 तक सभी सार्वजनिक स्थानों को एक सुरक्षा कवच से ढका जाएगा।

वर्तमान में युद्ध लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियारों, परमाणु हथियार और मिसाइल रक्षा प्रणाली के बदल पर लड़े जा रहे हैं। इसलिए राष्ट्र हित को ध्यान में रखते हुए पीएम मोदी ने मिशन सुदर्शन चक्र की शुरुआत करके एक जरूरी कदम उठाया है। युद्ध रणनीति के हिसाब के देखा जाए तो पाकिस्तान के पास भारत से काफी कम मिसाइलें हैं, लेकिन भारत के अन्य दुश्मनों के पास लंबी दूरी तक मार करने वाली काफी मिसाइलें हैं। इसलिए भारत की सुरक्षा के लिए यह अहम कदम है।

# विजय व तन्मय ने जीता गोल्ड, अदिति ने किया रजत पर कब्जा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 69 वीं राज्य स्तरीय शालेय कराते एवं कुराश क्रीडा प्रतियोगिता 2025 का आयोजन इंदौर में किया गया था। इस प्रतियोगिता में बालाघाट जिले के 04 खिलाड़ियों ने कुमीते विधा में भाग लिया एवं कुराश में 13 खिलाडियों ने भाग लिया था। इन सभी खिलाड़ियों ने अपना बेहतर प्रदर्शन कर गोल्ड, सिल्वर एवं कांस्य पदक जीत कर बालाघाट जिले के साथ ही संभाग को गौरान्वित किया है।




जिला खेल प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन ने बताया कि राज्य स्तरीय शालेय कराते एवं कुराश क्रीडा प्रतियोगिता में संभाग जबलपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तर में विजय बोरीकर ने स्वर्ण पदक एवं रूचि कोल्हे ने कास्य पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार कुराश में तन्मय डोंगरे में स्वर्ण पदक हासिल किया एवं राष्ट्रीय शालेय कराते एवं कुराश प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश टीम में अपनी जगह बना ली है।

इस अवसर पर प्रथम स्थान प्राप्त किऐ खिलाडियों को श्री डीएस धुर्वे जिला कीड़ा अधिकारी शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को बधाई दी गई। इसके अलावा तन्मय डोंगरे ने स्वर्ण पदक, तन्मय देशमुख कांस्य पदक, कनिष्क ऐडपाचे कास्य पदक, मयूर टेकाम कांस्य, अदिति बिसेन रजत पदक, वैशाली पटले कस्य पदक, आदित्य सैय्याम कास्य पदक हासिल कर जिले को गौरान्वित किया है। इस अवसर पर जिला खेल और युवक कल्याण अधिकारी अभिषेक चोधरी, जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष नरेश धुवारे, आकाशवाणी से धीरज, अजय ठाकुर, जिला योग आयोग अध्यक्ष तपेश असाटी, कार्यालय प्रभारी योगेंद्र पटले, जिला क्रीडा अधिकारी दीपक गिरी गोस्वामी, कुराश प्रशिक्षक गणेश बोढे वारासिवनी, मध्य प्रदेश एकेडमी कोच हर्षित विश्वकर्मा, कार्यालय प्रभारी योगेन्द्र पटले ने भी खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## डोंगरगढ़ माँ बम्लेश्वरी के धाम के लिए निकाली गई चुनरी यात्रा



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। नवरात्रि पर्व पर ,वर्षों से चली आ रही परंपरा को कायम रखते हुए प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वारासिवनी ग्राम कायदी स्थित शीतला माता मंदिर से डोंगरगढ, माँ बम्लेश्वरी धाम के लिए भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। इस दौरान डीजे की धुन पर माताराणी के भक्त झूमते गाते व थिरकते हुए नजर आये। इस संदर्भ में पूर्व सैनिक जितेन्द्र सुलाखे ने बताया कि विगत 14 वर्षों से माँ बम्लेश्वरी के धाम डोंगरगढ के लिये ग्राम कायदी के शीतला माता मंदिर से सैकडो भक्तो का जत्था रवाना होता है। यह जत्था प्रत्येक वर्ष नवरात्रि प्रारंभ होने के दो दिन पूर्व रवाना होता है। जिसमें इस वर्ष 151 फिट की चुनरी लेकर पैदल चलते हुये माँ बम्लेश्वरी के धाम डोंगरगढ पहुंचते है। डोंगरगढ पहुंचकर पूजा अर्चना की जाती है। इस दौरान जगह जगह पर भक्तो द्वारा हम सभी पदयात्रीयो के निःशुल्क प्रसादी की व्यवस्था करते है। इसी दौरान ग्राम कायदी के जोडापाठ चौक में कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी के द्वारा प्रत्येक वर्ष प्रसादी का वितरण किया जाता है और इस वर्ष भी विधायक श्री पारधी के निर्देशन में उनके प्रतिनिधि द्वारा प्रसादी का वितरण किया। जिसे सैकडो भक्तो द्वारा प्रसादी ग्रहण कर पूण्य लाभ अर्जित किया। डोंगरगढ यात्रा के दौरान ग्राम की महिलाये, बुजुर्ग, युवा वर्ग के साथियो द्वारा भव्य 151 फीट की चुनरी यात्रा निकाली गई। जिसे लेकर भक्तगण डोंगरगढ माँ बम्लेश्वरी के धाम हेतु रवाना हुये बताया गया कि भक्तो का यह जत्था 21 सितंबर को डोंगरगढ़ स्थित मा बम्लेश्वरी के धाम पहुचेगा।जहा 22 सितंबर नवरात्र बैठकी पर सुख समृद्धि सहित अन्य मंगलकामनाओं के साथ माता रानी को 151 फिट की चुनरी भेंट की जाएगी।वही हवन पूजन यज्ञ व भंडारा सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में भाग देकर यह जत्था वापस बालाघाट पहुचेगा।

## बड़े कारोबारी परिवार से आते हैं...भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष आर्यन मान

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव 2025 के नतीजे घोषित हो गए हैं। इस बार विश्वविद्यालय भर के 1.55 लाख से ज्यादा छात्रों ने मतदान किया है। इस बेहद कड़े मुकाबले में, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के आर्यन मान ने प्रेसिडेंट पद पर जीत हासिल की है। डीयू के जाने माने चेहरे और छात्रों के बीच मशहूर आर्यन मान डूसू के नए प्रेसिडेंट बने है।

बात दें कि आर्यन मान, मान परिवार से आते हैं, जो बिजनेस की दुनिया में जाना-माना नाम है। उनके पिता, सिकंदर मान, बेरी स्थित एडीएस ग्रुप के कार्यकारी निदेशक हैं। परिवार की पहचान मशहूर रॉयल ग्रीन शराब ब्रांड से भी जुड़ी हुई है। आर्यन के बड़े भाई, विराट मान एडीएस ग्रुप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हैं और रोकोब्रांड के निदेशक भी हैं। सूत्रों का कहना है कि विराट, पूरे डूसू चुनाव अभियान में आर्यन के लिए एक मज़बूत समर्थन प्रणाली रहे हैं। सोशल मीडिया पर आर्यन मान के कई वीडियो वायरल हुए हैं, जिसमें वे महंगी और लग्ज़री गाड़ियों में प्रचार करते दिखाई दिए।

इतना ही नहीं बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त भी इन चुनावों आर्यन का प्रचार करते दिखाई दिए। आर्यन मान ने वीडियो शेयर किया है, इसमें अभिनेता संजय दत्त उन्हें अपना भतीजा बता रहे हैं और छात्रों से उनके लिए वोट करने की अपील कर रहे हैं। इसके अलावा कोरोना महामारी के दौरान हीरो बने अभिनेता सोनू सूद ने भी आर्यन के लिए वोट की मांग करने के लिए वीडियो शेयर किया था।

हरियाणा के बहादुरगढ़ निवासी मान हंसराज कॉलेज से ग्रेजुएशन कर रहे हैं और वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय से पुस्तकालय विज्ञान में मास्टर्स कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में, वे एबीवीपी के नेतृत्व वाले छात्र आंदोलनों में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं, जिसमें फीस बढ़ोत्तरी के खिलाफ अभियान और विश्वविद्यालय के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए पहल शामिल हैं। मान एक फुटबॉल खिलाड़ी भी हैं। इस बीच डूसू चुनाव में आर्यन माने ने सब्सिडी वाले मेट्रो पास, मुफ्त वाई-फाई और उन्नत खेल बुनियादी ढांचे के वादों पर प्रचार किया है। इसके अलावा उन्होंने छात्रों से वादा किया कि वे कैंपस में स्पोर्ट्स फैसिलिटी बढ़ाएंगे और फाइनल ईयर के पीएचडी छात्रों को स्कॉलरशिप भी दिलवाएंगे।

## रात 1.30 बजे ही क्यों ऑपरेशन सिंदूर अंजाम दिया गया...सीडीएस चौहान ने बताया

नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा भारतीय सेना ने अपनी ताकत का एहसास पूरी दुनिया से कराया है। भारतीय सेना का मिशन पूरा तरह सफल रहा और इसकी दुनिया भर खासकर पाकिस्तान में इसकी खूब चर्चा हुई। पाकिस्तान को इस ऑपरेशन में भारी नुकसान हुआ। वहीं ऑपरेशन को लेकर लोगों के मन एक सवाल था कि रात 1.30 बजे ही क्यों ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया गया। इस सवाल का जवाब सीडीएस अनिल चौहान ने शुक्रवार को दे दिया।



सीडीएस चौहान ने कहा कि यदि सुबह 5 या 6 बजे के बीच ऑपरेशन चलाते, तब वह समय अजान का होता। इस दौरान वहां कई लोग मौजूद होते, इसकारण सेना ने तय किया कि रात 1.30 बजे कार्रवाई को अंजाम दिया जाए। सीडीएस चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने एक नए प्रकार के युद्ध की शुरुआत की है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि हमले के दौरान हर बार भारत ने पाकिस्तान को निर्णायक रूप से हराया। सीडीएस चौहान ने रात के समय कार्रवाई के पीछे कहा कि सेना को अपनी तकनीक पर पूरा भरोसा है। सैटेलाइट इमेज और दूसरी तकनीक के द्वारा सटीक निशाना साधा जा सकता है। ऑपरेशन सिंदूर ने दिखा दिया कि लंबी दूरी के टारगेट को रात में भी कैसे हिट किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि पारंपरिक युद्ध के विपरीत युद्ध भूमि, वायु, समुद्र और साइबर क्षेत्र में लड़ा गया। जनरल चौहान ने कहा कि यहां जीत का एक पैमाना हमारे हमले की उच्च तकनीक थी जिसका प्रदर्शन वहां हुआ। रात के समय लंबी दूरी के लक्ष्यों पर सटीक हमले के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता थी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने हर बार पाकिस्तान को निर्णायक रूप से हराया।

## नारायण साई को मिली अंतरिम जमानत

अहमदाबाद। रेप के मामले में सजा काट रहे आसाराम के बेटे नारायण साईं को गुजरात हाईकोर्ट से राहत मिल गई है। नारायण को अपनी 82 वर्षीय बीमार मां के इलाज के लिए पांच दिन की अंतरिम जमानत मिली है। नारायण ने बीमार मां के इलाज के लिए 45 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी। उनकी अंतरिम जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने उसे शर्तों के साथ पांच दिनों की अंतरिम जमानत दे दी है। जमानत के दौरान नारायण साईं अहमदाबाद में अपनी मां के घर पर रह सकेगा। लेकिन वह अपने अनुयायियों से नहीं मिल सकेगा। नारायण साई के वकील ने दलील दी कि पहले उसके बीमार पिता आसाराम से मिलने के लिए पांच दिनों की अंतरिम जमानत दी गई थी। अब उसे अपनी बीमार मां से मिलने के लिए 45 दिनों की जमानत दी जाए, जिन्हें दिल का दौरा पड़ा है।

## क्या तेजस्वी को सीएम चेहरा घोषित नहीं करके दबाव की राजनीति कर रही कांग्रेस

नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। एनडीए हो या महागठबंधन सीट शेयरिंग पर माथापच्ची जारी है। महागठबंधन में दो-दो मोर्चों पर खटपट दिख रही है। मुख्यमंत्री के चेहरे पर अब तक राजद को कांग्रेस का समर्थन नहीं मिला है। अब कांग्रेस एक कदम और आगे बढ़ गई है। कांग्रेस की नई चाल से तेजस्वी और लालू यादव टेंशन में आ जाएंगे। जी हां, महागठबंधन में सीट बंटवारे पर घमासान और बढ़ गया है। इधर तेजस्वी खुद को सीएम चेहरा बताने में लगे हैं, उधर राहुल गांधी की कांग्रेस ने उन्हें बड़ा झटका दे दिया है। कांग्रेस ने 76 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कहकर राजद की टेंशन बढ़ा दी है।

महागठबंधन में अभी सबकुछ ठीक नहीं है। चाहे सीट शेयरिंग हो या सीएम फेस? राजद और कांग्रेस का मन नहीं मिल पा रहा। पहले कांग्रेस ने अब तक तेजस्वी को सीएम फेस के रूप में स्वीकार नहीं किया है। जबकि तेजस्वी कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के सामने भी खुद को सीएम फेस घोषित कर चुके हैं। अब कांग्रेस ने बिहार चुनाव में 76 सीटों की डिमांड कर आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव की टेंशन बढ़ा दी है। दरअसल, पिछली बार 2020 चुनाव में कांग्रेस को 70 सीटें मिली थीं। इस बार के चुनाव में कांग्रेस ने सीधे 6 सीट बढ़ा दी है। कांग्रेस की 70 के बदले 76 सीटों की डिमांड से महागठबंधन में घमासान मच गया है। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस बिहार की 76 सीटों पर चुनाव लड़ने का प्लान बना चुकी है। कांग्रेस ने राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के बाद 76 सीटों को चुना है। बताया जा रहा हैं कि 24 सितंबर को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में इस पर मुहर लग सकती है। 38 सीटों का ऐलान करने के लिए भी कांग्रेस तैयार है। कांग्रेस की इस चाल से लालू और तेजस्वी में खलबली है। इससे पहले तेजस्वी ने कहा था कि वे सभी 243 सीटों पर लड़ सकते हैं। मगर अब कांग्रेस ने अधिक सीटें मांगकर मामले को और उलझा दिया है। इधर तेजस्वी सीएम फेस पर अड़े हुए हैं।

# बॉम्बे हाईकोर्ट को फिर मिली बम की धमकी, अलर्ट पर मुंबई पुलिस

मुंबई। एक बार फिर मुंबई में दहशत का माहौल हो गया जब बॉम्बे हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति ने हेल्पलाइन 112 पर कॉल करके हाई कोर्ट परिसर में बम विस्फोट होने की चेतावनी दी। इस कॉल के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बम निरोधक दल, डॉग स्क्वॉड और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और कोर्ट परिसर को खाली करवाकर सघन तलाशी अभियान चलाया। मगर कहीं भी कोई संदेहस्पद सामान नहीं मिला। फिलहाल हाई कोर्ट परिसर में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और मुंबई पुलिस इस बात की जाँच कर रही है कि कॉल असली थी या फर्जी। उधर एक हफ्ते के अंदर दूसरी बार धमकियाँ मिलने से नागरिकों और कोर्ट कर्मचारियों में डर का माहौल है।

### मुंबई पुलिस ने अलर्ट जारी किया

मुंबई पुलिस ने बम विस्फोट की धमकी के बाद तुरंत अलर्ट जारी किया है। सुरक्षा कारणों से पूरे शहर में कड़े एहतियाती कदम उठाए गए हैं। कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और शहर के महत्वपूर्ण चौराहों, रेलवे स्टेशनों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में गश्ती दलों की संख्या बढ़ा दी गई है। साथ ही, तटीय इलाकों और प्रमुख समुद्री मार्गों पर कड़ी जाँच शुरू कर दी गई है। नौसेना और तटरक्षक बल से भी लगातार संपर्क बनाए रखा जा रहा है। मुंबई पुलिस ने नागरिकों से शांत रहने की अपील की है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने का अनुरोध किया है। आधिकारिक तौर पर कहा गया है कि पुलिस किसी भी संभावित भ्रम से बचने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### अज्ञात कॉलर की तलाश जारी

मुंबई पुलिस के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अदालत को प्राप्त 112 धमकी भरे कॉल के स्रोत का पता लगाने का काम तत्काल शुरू कर दिया गया है। तकनीकी टीमें और साइबर अपराध शाखा की एक टीम मामले पर काम कर रही है। पुलिस अब कॉल रिकॉर्ड, नंबर के लोकेशन डेटा, वॉयस कॉल के सिग्नेचर और अन्य डिजिटल सुरागों की गहन जाँच कर रही है। साथ ही, कॉल के कुछ संभावित चैनलों जैसे वॉयसओवर-आईपी, इंटरनेट-आधारित ऐप या स्थानीय सिम की जाँच करके असली कॉलर का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि तकनीकी विश्लेषण से प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर ही जाँच की दिशा तय की जाएगी, इसलिए बिना किसी निष्कर्ष पर पहुँचे सावधानीपूर्वक जाँच की जा रही है।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या पैकेज दिखाई दे, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने और सोशल मीडिया पर अपुष्ट जानकारी फैलाने से बचने की भी अपील की है। पुलिस के अनुसार, शहर के संवेदनशील इलाकों में जाँच बढ़ा दी गई है। महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस दल तैनात किए गए हैं और हर गतिविधि पर कड़ी नज़र रखी जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पुलिस व्यवस्था किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

### तटीय इलाकों में लगेंगे सीसीटीवी, पुलिस की चौकसी बढ़ी

मुंबई में बम विस्फोट की धमकी के बाद नागरिकों की सुरक्षा के लिए तटीय इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम भी तेज़ी से शुरू कर दिया गया है। इन कैमरों से संदिग्ध गतिविधियों पर नज़र रखना आसान हो जाएगा। सुरक्षा उपायों को समय-समय पर अपडेट किया जा रहा है और पुलिस बल पूरी सतर्कता के साथ काम कर रहा है।

# नाबालिग बच्चियों को अनैतिक कार्य हेतु ले जाने वाली तीन महिलाएँ गिरफ्तार

**किरनापुर( पद्मेश न्यूज )। थाना अंतर्गत ग्राम सेवती की 14, 15 व 17 वर्षीया तीन नाबालिक बच्चियों को दिनांक 15/09/2025 को कुछ महिलाएँ पैसों का लालच देकर बाहर ले गई। उन्हें सुनसान स्थान पर ले जाकर अनैतिक कार्य के लिए प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया, किंतु परिस्थिति को देखकर बच्चियों ने विरोध जताया और आरोपी महिलाओ ने उन्हे वापस छोड दिया। घर आने पर बच्चियों ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसी दौरान थाना किरनापुर पुलिस को भी अपने तंत्र से इस कृत्य की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस ने सक्रिय पहल करते हुए ग्रामीणों के सहयोग से बच्चियों को सामने लाया, उनकी महिला पुलिस अधिकारी द्वारा काउंसलिंग कराकर आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपित महिलाओं के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।**




घटना के संबंध मे बच्चियों ने पुलिस को बताया कि गाँव की महिलाएँ उन्हें यह कहकर गुमराह कर रही थीं कि उनके द्वारा एक विशेष पूजा कराई जाएगी जिससे उनका भविष्य अच्छा होगा और इसके बदले उन्हें रुपये भी मिलेंगे। इस प्रकार उन्हें गुमराह कर,झूठे बहाने और लालच देकर साथ ले जाया गया। महाराष्ट्र के तुमसर क्षेत्र में सुनसान स्थान पर कुछ व्यक्तियों के साथ अनैतिक कार्य कराने की योजना बनाई गई थी। बच्चियों को संदेह होने पर उन्होंने घर जाने की जिद की, जिसके बाद उन्हें वापस छोड़ दिया गया। सूचना मिलने पर थाना किरनापुर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में अपराध क्रमांक 359/2025, दिनांक 17/09/2025 पर धारा 143(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता, धारा 5(1)(ष्ट) अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम तथा धारा 16, 17 पाक्सो एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कियात्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने 03 महिलाओं को गिरफ्तार किया तथा फरार आरोपियों की तलाश हेतु विशेष पुलिस टीम रवाना की गई है।गिरफ्तार महिलाओं मे 1. अनिता पांचे निवासी ग्राम भौराटोला (सेवती), थाना किरनापुर, जिला बालाघाट निवासी 2. पूजा कुथे निवासी ग्राम सेवती, थाना किरनापुर, जिला बालाघाट निवासी एवं 3. प्रिया थापा निवासी ग्राम शिवनगर, दर्री, जिला कोरबा (छत्तीसगढ़) निवासी हैं। वही प्रकरण में फरार आरोपियों एवं घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन की तलाश जारी है एवं उन्हें शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु पुलिस टीम रवाना की गई है। इस प्रकरण में सुलझाने मे थाना प्रभारी किरनापुर निरीक्षक अशोक ननामा, सउनि नेहरू बहेरवंश, प्रधान आरक्षक महिला सावित्री इनवाती, प्र. आर.रमेश बिसेन, आर.विष्णु ठाकुर, आर. आर शिवम, आर. यशपाल पटेल की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### इनका कहना है

थाना किरनापुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेवती की तीन नाबालिक बच्चियों को 15 सितम्बर को कुछ महिलाओं द्वारा गुमराह कर एवं लालच देकर महाराष्ट्र राज्य के तुमसर के आगे ले जाया गया था। वहां कुछ पुरूष आए जिन्हें तीनों बच्चियों को अनैतिक कार्य के लिए प्रस्तुत किया गया, जहां तीनों बच्चियों ने विरोध किया तो महिलाओं ने उन्हें वापस लेकर आई, बच्चियों ने थाना आकर रिपोर्ट कराई जिस हमने बच्चियों से महिलाओं की पहचान कराई जिसके आधार पर हमने बीएनएस, पास्को एक्ट एवं अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम की धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तीनों महिलाओं को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया है। तथा बोलेरो वाहन से जो पांच लोग आये थे उनकी पतासाजी एवं पूछताछ की जा रही हैं। चूंकि मामला किरनापुर एवं महाराष्ट्र राज्य का होने से इसमें अंतर्राज्यीय गिरोह के शामिल होने के संदेह पर पतासाजी के लिए टीम बनाई गई है। इस मामले में दो महिलाएं थाना किरनापुर के ग्राम सेवती से एवं एक महिला कोरबा से हैं उन्हें गिरफ्तार किया गया।

**ओम प्रकाश**
**एसडीओपी लांजी**

## चलती मोटरसाइकिल से गिरने से गंभीर महिला की मौत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बैहर थाना अंतर्गत मलाजखंड रोड पर स्थित तन्नौर नदी के पास चलती मोटरसाइकिल से गिरने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसकी जिला अस्पताल बालाघाट में उपचार के दौरान मौत हो गई।मृतिका कुंती बाई पति भूरेलाल मरकाम 65 वर्ष ग्राम थुर्रेमेटा थाना बिरसा निवासी है। जिला अस्पताल पुलिस ने इस महिला का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौप दिये है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंती भाई अपने पति भूरेलाल मरकाम के साथ खेती किसानी करती थी। जिसके परिवार में चार बेटे हैं और चारों बेटे अलग रहकर कमाते खाते हैं । कुंती बाई अपने पति भूरेलाल मरकाम के साथ अलग रहती थी। 18 सितम्बर को 10 बजे करीब कुंती बाई अपने पति भूरेलाल मरकाम के साथ मोटरसाइकिल में बैहर पेशी में जाने के लिए निकली थी। 12ः00 करीब मलाजखंड से बैहर की ओर आते समय तन्नोर नदी पुल के पास सामने से आ रहे चार चक्का ट्रक को देखकर कुंती बाई घबरा गई और वह चलती मोटरसाइकिल से गिर गई। मोटरसाइकिल से गिरने से कुंती बाई के सिर मस्तक में चोट लगी। जिसके नाक और कान से खून निकलने लगा था और वह बेहोश हो चुकी थी। जिसे उसके पति भूरेलाल मरकाम ने प्राइवेट वाहन से बैहर अस्पताल लाकर भर्ती किये। जहां 3 घंटे उपचार के बाद कुंती बाई को बैहर अस्पताल से जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया था।जिला अस्पताल बालाघाट में रात्रि 12ः00 बजे कुंती बाई की उपचार के दौरान मौत हो गई। 19 सितंबर को जिला अस्पताल पुलिस ने कुंती बाई का शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए हैं और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्रवाई हेतु घटना स्थल से संबंधित पुलिस थाना बैहर भिजवा दी है।



आवश्यकता है
डाटा एण्ट्री ऑपरेटर की आवश्यकता है
संपर्क करें-पद्मेश सिटी केबल काली पुतली चौक, बालाघाट

## भोजनालय खाना खाने आए एक युवक को भोजनालय के कर्मचारी ने बांस के डंडे से किया मारपीट

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कोतवाली क्षेत्र में आने वाले ग्राम गर्रा चौक स्थित साव जी भोजनालय मैं खाना खाने आए एक युवक ने इसी भोजनालय के एक कर्मचारी पर बांस के डंडे से मारपीट करने का आरोप लगाया । बांस के डंडे से मारपीट करने से घायल व्यक्ति जितेंद्र पिता पतिराम सनोडिया 30 वर्ष कम्पापुर थाना लखनवाड़ा जिला सिवनी निवासी है। जिसका इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जितेंद्र सनोदिया बालाघाट नगर के वार्ड नंबर 13 करुणा नगर में रहते हैं और वह फाइनेंस कंपनी में काम करते है। 18 सितंबर की रात्रि 8ः30 बजे जितेंद्र सनोडिया अपने साथी वरुण नागवंशी वरुण नगपुरे रोहित रामटेके और अभिमन्यु शेंडे के साथ ग्राम गर्रा चौक स्थित साव जी भोजनालय में खाना खाने के लिए गए। जितेंद्र सनोडिया ने अपने साथियों के साथ खाना खाए और खाना खाने के बाद वह रोहित रामटेके के साथ बात कर रहे थे। तभी भोजनालय के एक कर्मचारी ने आकर जितेंद्र सनोडिया को बात करने से मना करने लगा। जितेंद्र सनोडिया ने बोला कि बात करने मना क्यों कर रहे हो। तभी भोजनालय का कर्मचारी आवेश में आ गया और वह बांस के डंडे से जितेंद्र सनोडिया को मारपीट करने लगा। बांस का डंडे का वार जितेंद्र सनोडिया के सिर में लगने से खून निकलने लगा। इसी दौरान जितेंद्र सनोडिया के अन्य साथी भी वहा पर पहुंचे। तभी भोजनालय का कर्मचारी वहा से भाग खड़ा हुआ। बांस के डंडे से मारपीट में घायल जितेंद्र सनोडिया को उसके साथियों ने मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल बालाघाट लाये। जहा जितेंद्र सनोडिया का इलाज किया गया। जिला अस्पताल पुलिस ने जितेंद्र सनोडिया का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु कोतवाली भिजवा दी है।

## 9 माह की गर्भवती महिला की गर्भस्थ शिशु सहित मौत

### मलाजखंड थाने ग्राम निक्कूम निवासी है सुमित्रा पंचतिलक

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। 9 माह की गर्भवती एक महिला की जिला अस्पताल लाते समय मौत हो गई। मृतिका सुमित्रा पति विजेंद्र पंचतिलक 29 वर्ष ग्राम निक्कूम थाना मलाजखंड निवासी है। इस महिला की मौत के साथ ही उसके गर्भस्थ शिशु की भी मौत हो गई। इस महिला की किस वजह से मृत्यु हुई अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है पोस्टमार्टम होने के बाद ही स्पष्ट होने की संभावना। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम निक्कूम निवासी विजेंद्र पंचतिलक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा है और उसकी 6 बहने हैं सभी की शादी हो चुकी है। 27 अप्रैल 2018 को विजेंद्र की शादी सुमित्रा ग्राम पोगार थाना बैहर निवासी के साथ हुई थी। शादी की बात सुमित्रा अपने पति विजेंद्र के साथ खेती किसानी करती थी। शादी के बाद सुमित्रा ने दो बेटी को जन्म दिया जो 4 वर्ष और 6 वर्ष की है दोनों का नार्मल प्रसव हुआ था। इन दिनों सुमित्रा गर्भवती थी और उसे 9 माह हो चुके थे। 19 सितंबर को 11बजे सुमित्रा को प्रसव पीड़ा होने पर उसे मोहगांव मलाजखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया था। इस उप स्वास्थ्य केंद्र में सुमित्रा को भर्ती करने के बाद वह बेहोश हो चुकी थी और ऑक्सीजन भी लगाया गया था। यहां के डॉक्टर ने नॉर्मल प्रसव नहीं होने की स्थिति में सुमित्रा को जिला अस्पताल रेफर किए थे। 108 एंबुलेंस से सुमित्रा को 3ः00 बजे करीब जिला अस्पताल बालाघाट लाया गया। जिसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिए। सुमित्रा की जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो चुकी थी। सुमित्रा के साथ ही उसके गर्भस्थ शिशु की भी मौत हो गई। जिला अस्पताल पुलिस ने सुमित्रा का शव जिला अस्पताल के मरचुरी मैं सुरक्षित रख दी है। और मौके की कार्रवाई शुरू की है। सुमित्रा की मौत किस वजह से हुई अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होने की संभावना है।



पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट